कल्कः, कल्कम् घुटा हुआ चूर्ण; गाद जो तेल इत्यादि के नीचे जम जाती है; विष्ठा; मल; पाप; लुगद्री; levigated powder; the remainder of oil etc.; excrement; secretion; sin; a kind of tenacious paste.

कल्किः विष्णु का दशम अवतार; the tenth incarnation of Viṣṇu.

कल्प व्यवहार में लाने योग्य; समर्थ; योग्य; practicable; capable; fit. कल्पः धार्मिक या दूसरे विधान; निश्चय; सृष्टि का काल (रचना से प्रलय तक); religious or other sacred rules; determination; duration of existence of world. *m.*कल्पान्तः सृष्टि का अन्त; the end of the duration of world.

कल्पकः संस्कार; नाई; a rite; barber.

कल्पनम् रूप देना; छाँटना; स्थिर करना; giving a form; clipping; fixing. *f.*कल्पना नया सम्भावित विचार; संरचना; सजाना; मिथ्या रचना; new possible imagination; composition; decoration; fabrication or forgery. कल्पित (*pp.* of क्लृप) कल्पना से बनाया हुआ; made artificially by imagination.

कल्मष पापी; sinful. कल्मषः, -षम् पाप; लाञ्छन; sin; stain.

कल्माष रंग बिरंगा; काला और सफेद; variegated; black and white. कल्माषः चित्र विचित्र रंग; mixed colours.

कल्य स्वस्थ; healthy. कल्यम् प्रभात; कल; day break; tomorrow. कल्या बधाई; शराब; congratulations; liquor.

कल्याण भाग्यशाली; fortunate. कल्याणम् अच्छा भाग्य; good fortune.

कल्लोल: बड़ी लहर; large wave.

कव् (भ्वा. A. कवते) रचना करना; to compose.

कवकः, -कम् कुकुरमुत्ता; mushroom.

कवचः, -चम् बख्तर; अंगों की रक्षा करने वाले स्तोत्र एवं अक्षर; an armour; mystical prayers and syllables for protection of different parts of body.

कवरी, कबरी बालों की चोटी; braid or fillet of hair.

कवलः, -लम् कौर; मुखभर; morsel; mouthful (of food). *p.p.* कवलित.

कवाटः, कपाटः, -टम् किवाड़; door plank.

कविः कविता करने वाला; composer of songs and poems. कविता काव्य; poetry.

कवोष्ण गुनगुना; slightly warm.

कव्यम् मृत पितरों को दिये जाने वाले अन्न की आहुति; an oblation of food to deceased ancestors.

कशः, -शा कोड़ा; a whip.

कशिपुः, -पु *m.n.* चटाई; तकिया; बिस्तर; भोजन-वस्त्र; mat; pillow; bed; food and clothing.

कश्मल मैला; गंदा; कलंकी; dirty; ignominious.

कश्मलम् मन की खिन्नता; dejection of mind.

कष् (भ्वा. U. कषति, -ते) खुरचना; to rub or scratch. *pp.* कषित.

कषाय कसैला; सुगंधित; गहरा लाल; astringent; fragrant; dark red. कषायम् काढ़ा; decoction (1 part of drug mixed with 4 parts of water and boiled till 1/4 quantity is left).

कष्ट बुरा; पीड़ादायक; कठिन; bad; painful; difficult. *n.* कष्टम् संकट; पीड़ा; suffering; pain.

कस् (भ्वा. P. कसति) हिलना डुलना; to move. [With वि as prefix] खुलना; to open and expand.

कस्तुरिका, -स्तूरिका, -स्तूरी कस्तूरी; musk.

कह्लारम् श्वेत कमल; white lotus.

कांस्य कांसे या जस्त का बना हुआ; made of white copper or bell-metal. *n.* कांस्यम् कांसा या जस्ता; white copper or bell-metal.

काकः कौवा; a crow. काकलः, -कालः पहाड़ी कौवा; a raven. काकलम् कण्ठमणि; a jewel worn upon the neck.

काकिणी, काकिणिका कौड़ी; a quarter of a paṇa (पण).

काकुः जिह्वा; भावना से लेहज़े में परिवर्तन; tongue; change of voice due to

emotions.

काकुदम् तालु; palate.

काङ्क्ष् (भ्वा. P. काङ्क्षति) चाहना; to desire. *n.f.*काङ्क्षा इच्छा; desire. *pp.*काङ्क्षित.

काच: कांच; एक नेत्र रोग; तराजू की रस्सी; glass; an eye disease; the strings of a balance.

काजलम् थोड़ा पानी; a little water.

काञ्चन सुनहला; golden. काञ्चनम् सोना; gold.

काञ्चि:, काञ्ची मेखला; girdle.

काण काना; one eyed.

काणेली *f.* व्यभिचारिणी स्त्री; अविवाहिता माता; an unchaste woman; unmarried mother.

काण्ड:, -डम् खंड; पोरी (पौधे की एक गाँठ से दूसरी गाँठ तक की दूरी); तना; शाखा; पुस्तक का एक खण्ड; विषय; अवसर; a section; portion of a plant from one knot to the other; stem; stock, branch; a division of a book; separate department of a subject; opportunity.

काण्डीर: धनुर्धारी; archer.

कातर कायर; दु:खी; भय से काँपने वाला; timid; distressed; tremulous through fear. *abs.*कातर्यम् कायरता; cowardice.

कात्यायनी *f.* प्रौढ विधवा (रक्त वस्त्रों में); पार्वती; elderly widow in red clothes; name of Durgā (Śiva's wife).

काथञ्चित्क किसी न किसी प्रकार सम्पन्न हुआ; somehow accomplished.

कादम्ब: बत्तख; बाण; ईख; a kind of duck or goose; arrow; sugarcane.

कादम्बरम् शराब; wine.

कादम्बिनी मेघमाला; a row of clouds.

कादाचित्क see कदा.

काननम् जंगल; forest.

कानीन: अविवाहिता का पुत्र; son of unmarried girl.

कान्त प्यारा; सुन्दर; पति; प्रणयी; dear; beautiful; husband; lover.*f.*कान्ता.

कान्तार:, -रम् विशाल निर्जन जंगल; खराब सड़क; a large and dreary forest; a bad road.

कान्ति: छवि; सौन्दर्य; चमक; इच्छा; a lovely cut of face; beauty; splendour; desire.

कान्दिशी घबराया; 'कहाँ जाऊँ' इस विचार से व्याकुल; frightened; fugitive.

कापटिक कपटी; छलपूर्ण वेषधारी; deceitful; disguised.

कापट्यम् *abs.* छल; दुष्टता; fraud; wickedness.

कापथ: बुरा और गलत मार्ग; wrong and bad path.

कापुरुष: डरपोक; coward.

काम: इच्छा; सम्भोग की इच्छा; कामदेव; wish; desire for sensual enjoyment; god of love.

कामचार: बिना नियन्त्रण के मनमानी करना; wilful action unchecked. कामदुह् (-धुक् *m.*) इच्छा पूरी करने वाला; fulfilling a wish.

कामम् *ind.adv.* मनचाहे रूप में; at will.

कामयान, -याना, -यितृ कामुक; lustful, libidinous.

कामाङ्कुश पुरुष की जननेन्द्रिय; male organ of generation.

कामिन् *m.* (कामी) प्रणयी; प्रेमी; lustful; libidinous. *syn.*कामुक. *f.*कामिनी, -कामुकी.

काम्य *w.d.* सुन्दर; कामना के योग्य; lovely; desirable.

कायः , कायम् देह; समुदाय; body; multitude.

कारक करने वाला; विभक्तियाँ; maker or doer; case ending.

कारणम् हेतु; cause.

कारण्डवः कलहंस; goose.

कारा, कारागृहम् जेलखाना; prison house.

कारीषम् गोबर का बना; गोबर का ढेर; made of cowdung; pile of cowdung.

कारुः *m.* घरों का काम करने वाले नाई इत्यादि, परजा; traditional workers of household on special ceremonies.

कारुणिक see करुण.

कार्तस्वरम् सोना; gold.

कार्तिक सर्दी के प्रारम्भ का एक महीना; name of a month falling in Oct.-Nov.

कार्तिकेयः शंकर के ज्येष्ठ पुत्र का नाम; name of elder son of Siva.

कार्पण्यम् कंजूसी; गरीबी; miserliness; poverty.

कार्मुकम् धनुष; bow.

कार्यम् काम; धन्धा; परिणाम; duty; occupation; effect of some action.

कार्श्यम् दुबलापन; कमी; slenderness; scantiness.

कालः समय; अवसर; मृत्यु; यम; भाग्य; time; occasion; death; god of death; fortune. *con.* कालिक काल संबन्धी; relating to time.

काव्यम् कविता; poetry.

काश् (भ्वा. A. काशते; दिवा. A. काश्यते) चमकना; प्रकट होना; to shine; to appear. *pp.* काशित.

काषाय लाल या गेरुए रंग में रंगा हुआ; dyed in red or reddish colour.

काष्ठम् लकड़ी; wood.

काष्ठा *f.* दिशा; सीमा; direction; limit.

काष्ठीला *f.* केले का पेड़; plantain tree.

कास् (भ्वा. A. कासते) चमकना; खांसना; to shine; to cough. *pp.* कासित. *n.* कासः खांसी; cough.

कासारः तालाब; pond.

किंवदन्ती *f.* जनश्रुति; rumour.

किंशुकः पलाश; name of a tree called Ḍhāka (in Hindi).

किङ्करः नौकर; a servant.

किङ्किणी घंटी; small bell.

किञ्चित् *ind.* कुछ; थोड़ा-सा; some; a little.

किञ्जलः, किञ्जल्कः कमल केसर; filament or blossom of lotus or any other plant.

किणः अनाज का कण; घाव का चिह्न; a corn; mark of a wound.

कितवः धूर्त; जुआरी; cheat; gambler.

किन्तु *ind.* लेकिन; but.

किम् *ind.* (o-) बुरा; bad [किंसखा = बुरा मित्र; bad companion]. (*pro.m.* कः; *f.* का; *neu.* किम्) कौन; क्या; कौनसा; who; what; which. [यह एक मुहावरे के रूप में भी प्रयुक्त होता है जिसका अर्थ होता है 'क्या लाभ?' जैसे–किं गमनेन; it is also an idiom meaning thereby 'what use?' such as किं गमनेन]. किन्नरः अर्ध देवों की एक जाति; a race of demigods. *ind.* किंस्वित् क्या; क्यों; whether; why.

कियत् *adj.* (*m.* कियान्; *f.* कियती; *neu.* कियत्) कितना; how much.

किरणः किरण; ray.

किरातः एक जाति; a tribe.

किरि सुअर; a boar.

किरीटः, -टम् मुकुट; a diadem, crown.

किल *ind.* ऐसा कहा जाता है; सचमुच; it is said; indeed.

किल्बिषम् अपराध; पाप; fault; sin.

किशलय:, किसलय: पल्लव; कोंपल; sprout; new leaf.

किशोर: १५ वर्ष के आसपास तक का तरुण बालक; किसी जानवर का बच्चा; a young boy of about 15 years; a young one of some creature. *syn.*किशोरक.

किसलय: see किशलय:.

कीचक: बाँस; a bamboo.

कीट: कीड़ा; a worm.

कीदृश् (कीदृक्), कीदृश (शी), कीदृक्ष (क्षी) किस प्रकार का; of what kind or sort.

कीनाश दीन; poor. कीनाश: कृषक; यम; farmer; an epithet of Yama.

कीर: तोता; parrot.

कीर्ण छितराया हुआ; ढका हुआ; strewn; covered.

कीर्तनम् स्तुति; यशोगान; वर्णन करना; praise; recital of fame; narration in general. कीर्ति यश; fame.

कील् (भ्वा. P. कीलति) बाँधना; नत्थी करना; to bind; to pin.

कीलाल: अमृतोपम स्वर्गीय पेय; a heavenly drink similar to nectar.

कीश: बंदर; a monkey.

कु (०–) बुराई या कमी का द्योतक; implying badness or deficiency.

कुकुन्दर:, -न्दुर: नितम्बों के बीच की दरार; cavity between the two buttocks.

कुक्कुर: कुत्ता; a dog. *f.*कुक्कुरी.

कुक्षि: कोख; पेट; womb; belly.

कुच: स्तन; चूची; female breast; teat.

कुञ्चि: आठ मुट्ठी या अंजुली के बराबर की तोल; a measure equal to eight handfuls.

कुञ्चिका *f.* चाबी; बाँस का अंकुर; a key; a shoot of bamboo.

कुञ्ज: झाड़ी; हाथी का दाँत; bush; ivory.

कुञ्जर: हाथी; elephant.

कुटिल टेढ़ा; कपटी; curved; fraudulent.

कुटी *f.* झोंपड़ी; शाला; cottage; hut. *syn.*कुटि:, कुटीर:, -रम्.

कुटुम्बम्, कुटुम्बकम् परिवार; family.

कुट्टिम:, -मम् पटरी; पक्का फर्श; pavement; paved floor.

कुठार: कुल्हाड़ा; a hatchet. *f.*कुठारी.

कुडव: एक तौल (१/४ प्रस्थ); a measure (1/4 prastha).

कुड्मल: खिलने वाली कली; blooming bud.

कुड्यम्: दीवार; wall.

कुणप:, -पम् मुर्दा; corpse.

कुण्ठित भोथरा; blunt or dull.

कुण्डल:, -लम् कान की बाली; earring.

कुतस् *ind.* (कुत:) कहाँ से; क्यों; कैसे; whence; why; how. कुतश्चन कहीं से; from anywhere.

कुतुकम् जानने की इच्छा; उत्कण्ठा; curiosity; eagerness.

कुतूहलम् जानने की उत्कण्ठा; curiosity.

कुत्र *ind.* कहाँ; where. (–०) चित् कहीं; somewhere. (–०) चिदपि कहीं भी; at any place. *adj.*कुत्रत्य कहाँ रहने वाला; where living.

कुत्स् (चुरा. A. कुत्सयते) गाली देना; बुरा भला कहना; to chide; to abuse. *n.neu.*कुत्सनम्. *f.*कुत्सा.

कुन्त: भाला; a lance.

कुन्तल: सर के बाल; बालों का गुच्छा; hair of the head; a lock of hair.

कुन्दः, कुन्दम् चमेली का एक भेद (सफेद और कोमल); a kind of jasmine (white and delicate).

कुन्दुः चूहा; mouse.

कुप् (दिवा. P. कुप्यति) क्रुद्ध होना; to be angry [प्रायः चतुर्थी के साथ; generally with dative]. *pp.*कुपित.

कुप्यम् सोने, चाँदी के अतिरिक्त अन्य धातु; metal other than gold and silver.

कुमारः, कुमारकः लड़का; किशोर; स्वामि कार्तिकेय; boy; youth; Kārtikeya, the son of Śiva. *f.*कुमारी.

कुमुदः, -दम् रात का श्वेत कमल; white lotus of night. *f.*कुमुदिनी.

कुम्भः पानी का कलशः हाथी का मस्तकः water jar; forehead of elephant. कुम्भकारः कुम्हार; a potter.

कुम्भीरकः, कुम्भलिः, कुम्भीलकः चोर; a thief.

कुरङ्गः हिरण; deer. *f.*कुरङ्गी.

कुरवः, -वकम्, -बकम् सदाबहार की एक जाति; a species of amaranth.

कुरीरम् स्त्रियों का सर पर ओढ़ने का कपड़ा; head dress for women.

कुलम् वंश; भीड़; परिवार का घर; race; multitude; residence of family.

कुलकम् समूह; चार से अधिक संबद्ध पद्यों का समूह; a collection; number of connected verses (more than four).

कुलटा व्यभिचारिणी स्त्री; an unchaste woman.

कुलत्थः एक प्रकार की दाल; a kind of pulse.

कुलायः, -यम् घोंसला; nest.

कुलालः कुम्हार; उंल्लू; potter; an owl.

कुलिङ्गः पक्षी; bird.

कुलिशः, -शम् इन्द्र का वज्र; a thunderbolt of Indra.

कुलीन ऊँचे वंश का; of a high descent.

कुल्माषः एक प्रकार का अनाज; a kind of grain.

कुल्या *f.* छोटी नदी; नहर; नाली; a small river; canal; drain.

कुवलयम् नीला कमल; कमल; a blue water lily; lotus.

कुशः एक पवित्र घास जो दर्भ कही जाती है; a kind of holy grass called Darbha.

कुशल ठीक अवस्था में; चतुर; कल्याणकारी; in a proper condition; clever; leading to happiness. *con.*कुशलिन् (कुशली) प्रसन्न; happy.

कुशीलवः नट (नाटक का पात्र); actor.

कुशेशयम् कमल; lotus.

कुष्ठः, कुष्ठम् कोढ़; leprosy.

कुष्माण्डः कुम्हेडा; a kind of pumpkin.

कुसीदः सूदखोर; a money-lender. कुसीदम् वह कर्ज़ा या वस्तु जो ब्याज सहित लौटाई जाये; any loan or thing lent to be repaid with interest. *syn.* कुशीदः, कुषीदः

कुसुमम् फूल; मासिक धर्म; flower; menstruation. *comp.*कुसुमबाण कामदेव; god of love.

कुसुम्भः, -म्भम् केसर; स्वर्ण; saffron; gold.

कुहकः छली; ठग; इन्द्रजाल करने वाला; a cheat; rogue; juggler. कुहकम् धोखा; jugglery.

कुहरम् गड्ढा; कान; गला; मैथुन; a cavity; ear; throat; copulation.

कुहुः, कुहूः *f.* अमावस्या; the 15th day of the dark half of every lunar month when moon is not visible.

कूज् (भ्वा. P. कूजति) अस्पष्ट ध्वनि करना; कूजना; to make any inarticulate sound.

कूट मिथ्या; false. कूटः , कूटम् जालसाजी; जटिल प्रश्न या उलझनदार पद्य मिथ्यात्व; पहाड़ का शिखर; राशि (जैसे–अन्नकूट); हथौड़ा; गुप्त या छिपी वस्तु; fraud; a puzzling question or knotty point in poetry; falsehood; a peak of mountain; heap as in Annakūṭa; hammer; a conceiled article.

कूण् (चुरा. U. कूणयति, -ते) बोलना; to speak. (A.) कूणयते सिकोड़ना; to contract. *pp.*कूणित.

कूपः कुआँ; well.

कूबरः , कूवरः सुन्दर; कुबड़ा; जुआ बाँधने की लकड़ी; handsome; humpbacked; the pole or front part of carriage for fastening yoke. *f.*कूबरी.

कूर्चः , कूर्चम् गुच्छा; दाढ़ी; मोरपंख; bunch of anything; beard; peacock's feather.

कूर्द् (भ्वा. U. कूर्दति, -ते) कूदना; to jump. *n.neu.*कूर्दनम्.

कूर्परः कोहनी; elbow.

कूर्पासकः , -कम् चोली; bodice.

कूर्मः कछुआ; tortoise.

कूलम् तट; सीमान्त; bank; border.

कृ I. (स्वा. U. कृणोति, कृणुते) प्रहार करना; मार डालना; to hurt; to kill. II. (तना. U. करोति, कुरुते) करना; to do. *pp.*कृत किया हुआ; done.

कृकवाकुः मुर्गा; मोर; छिपकली; a cock; peacock; lizard.

कृच्छ्र कष्टदायक; संकटग्रस्त; पापी; causing trouble; being in a difficult situation; sinful.

कृत् (तुदा. P. कृन्तति) काटना; फाड़ना; to cut; to tear. *pp.*कृन्त. *adj.*कृत् (-०) करने वाला; doer [such as पुण्यकृत्, पापकृत्].

कृतम् सृष्टि का पहला एवं सर्वोत्तम युग; the first and golden age of creation. *Syn.*कृतयुगम्.

कृतज्ञता *f.* अहसान मानना; gratitude.

कृतक कृत्रिम; गोद लिया; artificial; adopted.

कृतिः *f.* रचना; work.

कृतिन् (*m.* कृती) कृतार्थ; सफल; blessed; successful.

कृते *ind.* के लिये; for.

कृत्तिः *f.* खाल; भोजपत्र; skin; the bark of birch tree used for writing work.

कृत्तिका *f.* एक नक्षत्र; a star.

कृत्रिम बनावटी; गोद लिया; artificial; adopted child.

कृत्वस् (कृत्वः) *ind.* (–०) किसी संख्या वाचक शब्द के साथ 'उतनी बार' को प्रकट करने के लिये लगाया जाता है; जैसे– 'पञ्चकृत्वः' अर्थात् पाँच बार; it is added to some number to denote the 'times' of it as पञ्चकृत्वः meaning five times.

कृत्स्न सारा; सम्पूर्ण; whole; entire.

कृपण दीन; अविवेकी; दुष्ट; कंजूस; wretched; unable to judge; vile; miserly.

कृपा *f.* दया; compassion. *adj.*कृपालुः.

कृपाणः तलवार; चाकू; a sword; knife.

कृमिः कीड़ा; worm.

कृश् (दिवा. P. कृश्यति) क्षीण होना; to become lean and thin. *adj.*कृश दुबला; lean.

कृशानुः आग; fire.

कृष् (तुदा. U. कृषति, -ते) हल चलाना; to plough. *adj.*कृषक, कृषीवलः. *n.*कृषिः , कृष्टिः जोतना; खेती; ploughing; agriculture. *pp.*कृष्ट.

कृष्ण काला; श्रीकृष्ण; black; Śrī Kṛṣṇa. *f.*कृष्णा दुर्गा; द्रौपदी; Durgā;

Draupadī. कृष्णपक्ष अंधेरा पाख; dark fortnight. कृष्णसार: चितकबरा मृग; the spotted antelope.

कृसर: खिचड़ी; dish of mixed rice and pulse.

कृ (तुदा. P. किरति) बिखेरना; to scatter. *pp.*कीर्ण.

केकर भेंगी आँख वाला; squint-eyed.

केका *f.* मोर की बोली; the cry of a peacock.

केतक: एक पौधा; a plant.

केतनम् घर; पताका; चिह्न; अनिवार्य कर्म; a house; a flag; a sign or symbol; an indispensable act.

केतु: झंडा; प्रधान पुरुष; धूमकेतु; एक क्रूर ग्रह; flag; eminent person; a comet; a cruel planet.

केदार: थाँवला (थाला); पानी भरा खेत; पहाड़; शिव का एक नाम; a basin round a tree for keeping water; a field under water; mountain; name of Śiva.

केन्द्रम् मध्य भाग; centre.

केलि:, -ली रंगरेली; मज़ाक; amorous sport; joke.

केवल अकेला; sole. *adv.*केवलम् सर्वथा; नितान्त; सिर्फ; completely; entirely; solely.

केश: बाल; कुंडल; भग; hair; earring; female's generative organ. *adj.f.*केशिनी सुन्दर केशों वाली स्त्री; a woman with a beautiful braid of hair. *m.*केशिन् (केशी).

केसर:, -शर:, -सरम्, -शरम् फूल के रेशे (जाफरान); सिंह के गर्दन के बाल; मौलश्री का पेड़; filament of a flower; the mane of a lion; a Mauḷśrī tree. केसरिन् *m.* (केसरी) शेर; a lion.

कैकस: राक्षस; पिशाच; demon; goblin.

कैतवम् छल; बहाना; deceit; trick.

कैरवम् श्वेत कमल; white lotus.

कैलास: इस नाम का एक पर्वत; a mountain of this name.

कैवर्त:, -र्तक: मछुआ; fisherman.

कैवल्यम् मोक्ष; final emancipation, beatitude.

कैशिक बालों से सम्बन्धित या बालों के समान; connected with hair or hairlike. कैशिकी साहित्य की एक वृत्ति जो कोमल रसों में प्रयुक्त की जाती है; a dramatic style which is used in tender rasas.

कोक: चक्रवाक; ruddy goose.

कोकनदम् लाल कमल; red lotus.

कोकिल: कोयल; cuckoo.

कोट: किला; a fort.

कोटर:, -रम् वृक्ष की खोखल; a hollow of a tree.

कोटि:, -टी *f.* धनुष का छोर; किनारा; उच्चतम विन्दु; बहस में एक पक्ष; एक करोड़; the point of a bow; edge; the highest point; one side of a discussion; ten million. *adj.*कोटिक उच्चतम बिन्दु; highest point of anything.

कोण: कोना; कोण; ढोल पीटने का डंडा; तेज धार ; corner; angle; drum stick; sharp edge.

कोणप: पिशाच; राक्षस; goblin; demon. *syn.*कौणप.

कोदण्ड: धनुष; a bow.

कोद्रव: कोदौं; a kind of small corn.

कोप: क्रोध; anger.

कोमल नरम; मृदु; सुखद; tender; soft; pleasing.

कोरक:, -कम् कली; bud.

कोल: सुअर; छोटी नाव; boar; small boat.

कोलाहल: , -लम् शोर; uproar.

कोविद चतुर; विद्वान्; अनुभवी; wise; scholar; experienced.

कोविदार: , -रम् कचनार; name of a tree.

कोश: , -शम्, -ष: , -षम् कली; बक्स; म्यान; खज़ाना; भंडार; शब्दकोष; अंडा; bud; box; sheath; treasure; storeroom; dictionary; egg.

कोष्ठ: शरीर के हृदय, फेफड़ा, जिगर आदि आन्तरिक अवयव जिन्हें 'कोठा' कहा जाता है: अन्दरूनी कमरा; अन्नभंडार; any one of the organs situated within the chest and the abdomen, heart, lungs, liver, etc.; inner apartment; granary.

कोष्ण थोड़ा गरम; a little warm.

कौटिल्यम् कुटिलता; दगा; crookedness; fraud.

कौतुकम् कौतूहल; अजीब दृश्य; उत्सव; curiosity; strange sight; festivity.

कौपीनम् लंगोटी; पाप; गुप्ताङ्ग; a small piece of cloth worn over private parts; sin; privity (organ of generation).

कौमारकम् कुमारावस्था; boyhood.

कौमुदी चाँदनी; moonlight.

कौलटिनेय: सती भिखारिन का पुत्र; son of a chaste beggar woman.

कौलटेय: सती या असती भिखारिन का पुत्र; son of a chaste or unchaste beggar woman.

कौशलम् निपुणता; कुशलता; skilfulness; well being.

कौशेयम्, -षेयम् रेशमी कपड़ा; silken cloth.

कौस्तुभ: विष्णु की मणि; a celebrated gem worn by Viṣṇu.

क्रकच: आरा; saw.

क्रतु: यज्ञ; religious sacrifice.

क्रन्द् (भ्वा. P. क्रन्दति) रोना-चिल्लाना; to weep and cry: *pp.*क्रन्दित. *n.*क्रन्दनम्.

क्रम् (भ्वा. U. क्रामति, क्रमते; दिवा. P. क्राम्यति) चलना; कूदना; आगे बढ़ जाना; उत्तरदायित्व लेना; संभोग करना; to walk; to jump; to surpass; to undertake responsibility; to have sexual intercourse. *pp.*क्रान्त. *n.m.*क्रम: . *neu.*क्रमणम्. *f.*क्रान्ति: .

क्रिया *f.* कार्य; आचरण; साहित्यिक रचना; संस्कार; पूजन; activity; behaviour; literary work; purificatory rite; worship.

क्री (क्र्या. U. क्रीणाति, क्रीणीते) खरीदना; अदला बदली करना; to purchase; to barter. *pp.*क्रीत. *n.*क्रय: , क्रयणम्.

क्रीड् (भ्वा. P. क्रीडति) खेलना; हँसी दिल्लगी करना; to play; to joke. *pp.*क्रीडित. *n.*क्रीड: , क्रीडनम्. *f.*क्रीडा.

क्रुध् (दिवा. P. क्रुध्यति) गुस्सा करना; to be angry. [इसका प्रयोग चतुर्थी के साथ होता है; it is used with dative–रामाय क्रुध्यति]. *pp.*क्रुद्ध. *n.*क्रोध: नाराज़ी; anger. *adj.*क्रोधन: .

क्रुश् (भ्वा. P. क्रोशति) विलाप करना; चिल्लाना; to lament; to cry. *pp.*क्रुष्ट. *n.*क्रोश: .

क्रूर निर्दय; cruel. *abs.*क्रौर्यम्.

क्रोश: चिल्लाना; चौथाई योजन की माप; crying; a measure of one fourth of yojana.

क्रौञ्च: जल मुर्गा; एक पर्वत जिसे स्वामि कार्तिकेय ने छेदा था; एक दिव्य अस्त्र; a curlew; a mountain which was pierced by Kārtikeya; a divine weapon.

क्रौर्यम् see क्रूर.

क्लम् (भ्वा. P. क्लामति; दिवा. P. क्लाम्यति) थक

जाना; to get tired. *pp.*क्लान्त. *n.m.*क्लमः. *f.*क्लान्तिः.

क्लिद् (दिवा. P. क्लिद्यति) गीला होना; to become wet. *pp.*क्लिन्न. *n.*क्लेदः.

क्लिश् (दिवा. A. क्लिश्यते) दुःखी होना; to be tormented. *pp.*क्लिष्ट, क्लिशित. *n.*क्लेशः पीड़ा; क्रोध; pain; anger.

क्लीव, -ब नपुंसक; डरपोक; impotent, eunuch; timid. *abs.*क्लैब्यम्.

क्लृप् (भ्वा. A. कल्पते) विचार करना; योग्य होना; तैयार होना; to imagine; to be fit for; to be prepared. *pp.*क्लृप्त. *n.f.*क्लृप्तिः.

क्लेदः गीलापन; मवाद; दुःख; wetness; discharge from a sore, pus; distress.

क्लोमम् फेफड़े; the lungs.

क्व *ind.* कहाँ; where. क्वापि कहीं; कहीं भी; somewhere; anywhere. क्वचित् कुछ स्थानों पर; in some places or cases. क्वचित् क्वचित् कहीं-कहीं; in one place or the other.

क्वण् (भ्वा. P. क्वणति) अस्पष्ट शब्द कहना जैसे झन-झन, टन-टन इत्यादि; to sound indistinctly like jingling, tinkling, etc. *pp.*क्वणित. *n.*क्वणनम्, क्वणः.

क्वथ् (भ्वा. P. क्वथति) उबालना; काढ़ा बनाना; to boil; to decoct. *pp.*क्वथित. *n.*क्वथः, क्वाथः, क्वथनम्.

क्वाचित्क अकस्मात् घटित; विरल; occasionally occurred; rare.

क्षणः, क्षणम् पल; अवकाश; उपयुक्त अवसर; उत्सव; moment; leisure; fit occasion; festival.

क्षतम् घाव; चोट; wound; injury. *adj.*क्षत wounded; injured. *f.*क्षतिः हानि; चोट; loss; injury.

क्षत्रः क्षत्रिय जाति का पुरुष; a man of Kṣatriya caste. *syn.*क्षत्रियः *neu.*क्षत्रम् आधिपत्य; शक्ति; राज्य; supremacy; power; dominion.

क्षपा *f.* रात्रि; night.

क्षम् (भ्वा. A. क्षमते; दिवा. P. क्षाम्यति) क्षमा करना; सहना; प्रतीक्षा करना; to pardon; to endure; to wait. *pp.*क्षान्त, क्षमित. *adj.*क्षम. *n.f.*क्षमा सहनशीलता; forgiveness.

क्षयः घर; ह्रास, विनाश; हानि; गिरना; एक रोग; a house; destruction; loss; diminution; a disease.

क्षर् (भ्वा. P. क्षरति) बहना; टपकना; उंडेलना; to flow; to trickle; to pour out. *adj.*क्षरबहने या पिघलने वाला; flowing or melting. *n.*क्षरः मेघ; cloud. क्षरम् पानी; water.

क्षल् (चुरा. U. क्षालयति, -ते) धोना; to wash. *pp.*क्षालित. *n.*क्षालनम्.

क्षाम क्षीण; दुबला; weak; lean.

क्षार तीखा; चरपरा; खारा; sharp; pungent; saline. क्षारम् काला नमक; black salt.

क्षि (भ्वा. P. क्षयति) कम होना; क्षीण होना; to diminish; to decay. (स्वा. P. क्षिणोति; क्र्या. P. क्षिणाति) नष्ट करना; न्यून करना; मार डालना; क्षति पहुँचाना; to destroy; to diminish; to kill; to harm. *pp.*क्षीण.

क्षितिः पृथ्वी; the earth.

क्षिप् (तुदा. U. क्षिपति, -ते; दिवा. P. क्षिप्यति) फेंकना; डालना; to throw away; to cast. अधिक्षिप् निन्दा करना; to blame. आक्षिप् आक्षेप करना; to attack. उत्क्षिप् उछालना; to throw up. प्रक्षिप् डालना; to put into. विक्षिप् ध्यान हटाना; to distract. संक्षिप् छोटा करना; to abridge. क्षिप्र तेज़; quick. *adv.*क्षिप्रम् जल्दी; quickly.

क्षीण दुबला; शक्तिहीन; feeble; powerless

क्षीरः , -रम् दूध; milk.

क्षीव् (भ्वा. P. क्षीवति; दिवा. P. क्षीव्यति) नशे में मतवाला होना; to be intoxicated. क्षीबः , -बः मदमत्त; intoxicated.

क्षु (अदा. P. क्षौति) छींकना to sneeze. *pp.*क्षुत.

क्षुद् (रुधा. U. क्षुणत्ति, क्षुन्ते) कुचलना; रगड़ना; पीसना; to trample; to crush; to grind. *pp.*क्षुण्ण पीसा हुआ; अभ्यस्त; pounded; practised.

क्षुद्र तुच्छ; छोटा-सा; mean; tiny.

क्षुध् (दिवा. P. क्षुध्यति) भूखा होना; to be hungry. *pp.*क्षुधित. *n.f.*क्षुधा. *f.*क्षुत्. *adj.* क्षुधालु.

क्षुपः छोटी जड़ों का वृक्ष; झाड़ी; a tree of small roofs; shrubs.

क्षुभ् (भ्वा. A. क्षोभते; दिवा. P. क्षुभ्यति; क्र्या. P. क्षुभ्नाति) काँपना; उत्तेजित होना; to tremble; to be agitated. *pp.*क्षुभित, क्षुब्ध. *n.*क्षोभः .

क्षुरः उस्तरा; खुर; बाण; a razor; the hoof; an arrow. *f.*क्षुरिका, क्षुरी.

क्षुल्ल छोटा; थोड़ा; small; a little.

क्षेत्रम् खेत; तीर्थस्थान; पत्नी; शरीर; field; place of pilgrimage; a wife; body. *hav.*क्षेत्रिन् (क्षेत्री) खेत का स्वामी; गर्भाधान करने वाला; जीवात्मा; owner of field; progenitor; the soul.

क्षेपः फेंकना; अनादर; व्यतीत करना; throwing; insult; passing. *adj.*क्षेपक. *n.*क्षेपणम्.

क्षेमः , क्षेमम् कल्याण; कुशलता; welfare; safety.

क्षै (भ्वा. P. क्षायति) क्षीण होना; to decay. *pp.*क्षाम.

क्षोणिः , -णी भूमि; the earth.

क्षौमः , -मम् रेशमी कपड़ा; silken cloth.

क्षौरम् हजामत; shaving.

क्ष्मा भूमि; the earth.

ख

ख (खम्) आकाश; शून्य; विवर; शरीर के द्वार; ब्रह्मा; sky; cypher; cavity; an aperture of human body; Brahmā.

खचित जड़ा हुआ; fastened.

खञ्ज लंगड़ा; lame.

खञ्जनः एक पक्षी; a kind of bird.

खटिनी, खटी खड़िया; chalk.

खट्वा *f.* खाट; a cot.

खड्ग तलवार; गैंडा; a sword; a rhinoceros.

खण्ड् (चुरा. P. खण्डयति) तोड़ना; काटना; मिटाना; हताश करना; to break; to tear; to dispel; to disappoint. *pp.*खण्डित. *n.*खण्डनम्.

खण्डः एक टुकड़ा; a piece.

खदिरः खैर; name of a tree.

खन् (भ्वा. U. खनति, -ते) खोदना; to dig. *pp.*खात. *n.*खननम्. *sub.*खनकः .

खनित्रम् कुदाल; a spade.

खर खुर्दुरा; तेज; rough; sharp.

खर्जुः *f.* खाज; खजूर; scratching; date tree. *f.*खर्जुः खाज; itch.

खर्परः कपाल; भीख लेने का पात्र; टूटा घड़ा; चोर; skull; beggar's bowl; broken jar; thief.

खर्व अपाहिज; ठिगना; crippled; dwarfish. खर्वः , -र्वम् दस अरब; one thousand million.

खलः , -लम् खलिहान; तलछट; threshing floor; sediment of oil. खलः दुष्ट; a villain.

खलु *ind.* निस्संन्देह; certainly.

खल्ल: खरल; a stone vessel for grinding drugs.

खल्वाट: गंजा; bald.

खाण्डव: खाँड; मिश्री; sugar; candy.

खात खुदा हुआ; फाड़ा हुआ; dug up; torn or rent. *m.neu.*खातम् खाई; तालाब; a ditch; a pond.

खाद् (भ्वा. P. खादति) खाना; to eat. *pp.*खादित. *w.d.*खाद्यम्.

खानि: *f.* खान; a mine.

खिद् (तुदा. P. खिदति) पीड़ित होना; to suffer pain. (दिवा. A. खिद्यते) खेद करना; to feel depressed. *pp.*खिन्न. *n.*खेद:

खिल: , -लम् ऊसर; परिशिष्ट; शून्यता; desert; appendix; void.

खुर: पशुओं का पंजा; hoof.

खेचर आकाशगामी; flying. खेचर: ग्रह; planet. *syn.*खेट: .

खेद: विकलता; बेचैनी; distress; depression.

खेल् (भ्वा. P. खेलति) खेलना; to play. *n.*खेलनम्, खेल: . *f.*खेला.

ख्या (अदा. P. ख्याति) कहना; घोषणा करना; to tell; to proclaim. *pp.*ख्यात. *n.f.*ख्याति, [णिच् ल्युट्] ख्यापनम्.

ग

ग (–०) गतिशील; मैथुन करने वाला; moving towards [as पाश्चालग:]; having sexual intercourse with [as गुरुपत्नीग:].

गङ्गा *f.* गंगा नदी; मानवकृत गंगा देवी; Ganges; personified goddess Gaṅgā.

गज: हाथी; गज (लम्बाई की माप); elephant; yard.

गञ्जन पराजित करना; surpassing.

गडु बेडौल; कूबड़; crooked; hump-backed.

गडु: मल; कूबड़; कोई अनावश्यक अतिरिक्त तत्त्व; excretion; hump on the back; any superfluous matter.

गण् (चुरा. U. गणयति, -ते) गिनना; ध्यान देना; to count; to regard. *pp.*गणित. *n.*गणना. *n.m.*गण: समूह; group. *f.*गणिका वेश्या; courtesan.

गण्ड: गाल; फोड़ा; गैंडा; बुलबुला; cheek; boil; rhinoceros; bubble.

गण्डूष: , -षा*f.* कुल्ला; mouthful of water for rinsing.

गत व्यतीत; past. *n.*गमनम्, गति: .

गद् (भ्वा. P. गदति) कहना to speak. *pp.*गदित. *w.d.*गद्य बोलचाल की भाषा; prose.

गदा*f.* मुद्गर; club.

गद्गद हकलाने वाला; one of faltering voice. *adv.*गद्गदम् हकलाहट के साथ; with faltering voice. *n.*गद्गद: , -दम् हकलाहट; faltering voice.

गन्तृ (*m.* गन्ता) जाने वाला; goer.

गन्ध: महक; सुगन्ध; थोड़ा सा [गन्धमात्र]; अभिमान; smell; a perfume; a little [as गन्धमात्र]; arrogance.

गन्धक: गन्धक; sulphur.

गन्धर्व: देवताओं की गायक जाति; race of celestial musicians. *con.*गान्धर्व.

गन्धिक: गंधी; perfume seller.

गभस्ति: *m.f.* किरण; ray.

गभीर गहरा; दुर्बोध; deep; difficult to understand. *syn.*गम्भीर.

गम् (भ्वा. P. गच्छति) जाना; प्राप्त होना; सहवास करना; to go, to reach; to cohabit. *sub.*गन्तृ (गन्ता). *f.*गन्त्री

गाड़ी; conveyance. *pp.*गत. *n.*गमनम्. *f.*गति:. *m.*गमक: प्रमाण; proof.

गम्भीर see गभीर.

गर:, -रम् ज़हर; poison. *syn.*गरल:, गरलम्.

गरिमन् (*m.* गरिमा) भारीपन; महत्त्व; उत्तमता; weight; importance; excellence.

गरीयस् see गुरु.

गर्ज् (भ्वा. P. गर्जति; चुरा. U. गर्जयति, -ते) गर्जना; to roar. *pp.*गर्जित. *n.*गर्ज:, गर्जनम्.

गर्त:, -तम् गुफा; कोटर; छिद्र; गड्ढा; cave; a hollow; a hole; a pit.

गर्दभ: गधा; a donkey. *f.*गर्दभी.

गर्ध: लालच; उत्कण्ठा; greed; eagerness.

गर्भ: पेट; गर्भस्थ शिशु; कोख; भीतरी भाग; womb; foetus; embryo; inside of anything.

गर्व: घमंड; pride. *adj.pp.*गर्वित.

गर्ह् (भ्वा. A. गर्हते; चुरा. A. गर्हयते) निन्दा करना; कलंक लगाना; to blame; to charge with stigma. *pp.*गर्हित. *n.*गर्हणम्. *f.*गर्हणा, गर्हा. *w.d.*गर्ह्य.

गल् (भ्वा. P. गलति) टपकना; पसीजना; नष्ट होना; to drop; to ooze; to vanish. *pp.*गलित. *n.*गलनम्.

गल: गला; गर्दन; throat; neck.

गल्भ् (भ्वा. A. generally with 'प्र' प्रगल्भते) बढ़बढ़ के बातें मारना; to swagger, to boast.

गल्ल: गाल; cheek.

गवय: जंगली गाय; a species of wild ox.

गव्य गौओं से प्राप्त दूध इत्यादि; got from cow (milk etc.).

गवेषणम्, -णा खोज; search.

गहन गहरा; सघन; दुर्गम; दुर्बोध; deep; dense; inaccessible; hard to be understood.

गह्वरम् कन्दरा; दम्भ; घना वन; cave; hypocrisy; dense forest.

गाढ डुबकी लगाया हुआ; घना; गहरा; plunged; dense or thick; deep.

गाणपत गणेश से सम्बन्धित; किसी नेता से संबन्धित; connected with Gaṇeśa; connected with leader of some party.

गात्रम् शरीर; body.

गाथ: गीत; song. *f.*गाथा वेदों से संबन्धित पद्य; छन्द; poetry connected with Vedas; verses. गाथक:, -थिक: संगीतज्ञ; वेद पुराणादि का गान करने वाला; musician; singer (or teller) of the Vedas and Purāṇas.

गाध् (भ्वा. A. गाधते) डुबकी लगाना; to dive or plunge into. *pp.*गाधित. *n.*गाध जो बहुत गहरा न हो; not very deep.

गानम् गाना; song. *sub.*गायक गाने वाला; singer. *f.*गायिका.

गान्धार: एक स्वर; सिंदूर; a primary note of the Indian gamut of seven notes [denoted by ग]; red lead.

गान्धिक: सुगन्धित द्रव्यों का विक्रेता; a vendor of perfumes. गान्धिकम् सुगन्धित द्रव्य; perfumes.

गामिन् (– ० गामी) जाने वाला; goer.

गायत्री *f.* एक वैदिक छन्द; एक पवित्रतम वैदिक पद्य जिसका जप किया जाता है और विशेष अवसरों पर उससे यज्ञ किया जाता है; a Vedic metre; a most sacred verse repeated daily and used to give oblation in fire on sacred occasions.

गार्हस्थ्यम् गृहस्थी का कामकाज; domestic affairs.

गालिः गाली; abusive or foul language.

गाह् (भ्वा. A. गाहते) डुबकी लगाना; to dive or plunge. *pp.* गाहित. *n.* गाहनम् [अवगाहन].

गिर् *f.* (गीः) वाणी; विद्या की देवी, सरस्वती; speech; a name of goddess of learning.

गिरिः पहाड़; mountain.

गिल् (तुदा. P. गिलति) निगलना; to swallow up.

गीत गाया हुआ; sung. गीतम् गाना; song.

गुग्गुलः, -लुः गूगल; a fragrant gum.

गुच्छः गुच्छा; bundle, bunch (of flowers, etc.).

गुञ्ज् (भ्वा. P. गुञ्जति) गूँजना; to hum. *pp.* गुञ्जित. *n.* गुञ्जनम्.

गुञ्जा *f.* घुंघची; the name of a small shrub bearing red black berries.

गुटिका *f.* गोली; कंकड़, पत्थर इत्यादि का कोई गोल पिंड; pill; round pebble of stone.

गुडः गुड़; solid substance obtained by boiling sugarcane juice, jaggery.

गुणः खूबी; विशेषता; उपयोग; धागा; डोरी; quality; speciality; use; thread; rope. *adj.* गुणज्ञ गुणों की कद्र करने वाला; one who appreciates merits. *hav.* गुणवत्, गुणिन् (गुणवान्, गुणी) गुणों से भरा; meritorious.

गुणीभूत अप्रधान बनाया हुआ; rendered to subordinate position.

गुण्ठनम् छिपाना; ढकना; concealing; covering. - अव- परदा; veil. *adj.* गुण्ठित.

गुदम् गुदा; anus.

गुप् (भ्वा. P. गोपायति) रक्षा करना; छिपाना; to protect; to conceal. *pp.* गोपायित, गुप्त. *n.* गोपनम्. *f.* गुप्तिः.

गुफ्, गुम्फ् (तुदा. P. गुफति, गुम्फति) गूँथना; रचना करना, weave together; to compose. *pp.* गुफित, गुम्फित. *n.* गुम्फनम्.

गुरु *adj.* भारी; बृहत्; लम्बा; विस्तीर्ण; चौड़ा; विशाल; पूज्य; heavy; great; large; long; broad; extended; venerable. गुरुः पिता; अध्यापक; father; teacher. गुरुता भारीपन; बड़प्पन; heaviness; greatness. *comp.* गुरुतर, गरीयस् (*m.* गरीयान्; *f.* गरीयसी; *neu.* गरीयः). *sup.* गुरुतम, गरिष्ठ.

गुर्विणी, गुर्वी गर्भवती; pregnant.

गुल्फः टखना; an ankle.

गुल्मः, गुल्मम् कुंज; वृक्षों का झुरमुट; न पकने वाला फोड़ा; सिपाहियों का दस्ता; पेट में तिल्ली इत्यादि का बढ़ जाना; shrub; cluster of trees; a type of boil; a troop of soldiers; any enlargement of spleen etc. in abdomen.

गुह् (भ्वा. U. गूहति, -ते) छिपाना; to conceal. *n.f.* गुहा गुफा; cave. *w.d.* गुह्य.

गूः मल; विष्ठा; ordure; excrement.

गृञ्जनः गाजर; शलगम a carrot; turnip. गृञ्जनम् विषैले बाण से मारे गये जीव का मांस; meat of an animal killed by a poisonous arrow.

गृध्नु लालची; greedy.

गृध्र लोभी; greedy. गृध्रः गिद्ध; शिकारी; vulture; hunter.

गृष्टिः *f.* पहली बार ब्याई गाय; a young cow which has given calf for the first time.

गृहम् घर; मेषादि राशि का स्थान; house; the place or owner of zodiac. *pl.* गृहाः घर के लोग; पत्नी; members of household; wife.

गेन्दुकः, गेण्डुकः गेंद; ball.

गेहम् घर; a house. *hav.*गेहिनी पत्नी; wife.

गै (भ्वा. P. गायति) गाना; to sing. *pp.*गीत. *w.d.*गेय गाने योग्य; worthy to be sung. *sub.*गायक. *n.*गायनम्.

गैरिकः, -कम् गेरू; red chalk. गैरिकम् सोना; gold.

गैरेयम् शिलाजीत; bitumen.

गो *m.f.* (गौः) गाय या बैल; पृथ्वी; वाणी; सरस्वती; किरण; cow or bull; earth; speech; the goddess of learning; Sarasvati; ray.

गोचर चरागाह; इन्द्रियों की पहुँच; पहुँच; pasture; range of senses; reach.

गोणी *f.* बोरी; sack. गोणम् बोरा; a big sack.

गोत्रम् वंश; ऋषि से चलने वाली वंश परम्परा [कश्यप, शाण्डिल्य इत्यादि]; family; lineage coming down from a Ṛṣi. गोत्रः पर्वत; mountain.

गोधा गोह; मगर; species of large lizard or alligator.

गोप रक्षक; protector. गोपः ग्वाला; cow-herd. *f.*गोपी.

गोमयः गोबर; cowdung.

गोरोचना *f.* रोली जो तिलक लगाने के काम आती है; orpiment used in 'tilaka'.

गोष्ठः, गोष्ठम् गायों का बाड़ा; a cowpen.

गोष्ठिः, गोष्ठी *f.* सम्मेलन; an assembly or meeting.

गौण अप्रधान; of secondary importance.

गौर गोरा; सुन्दर; fair; beautiful.

गौरवम् भार; महत्त्व; आदर; weight; importance; respect.

ग्रन्थ् (भ्वा. A. ग्रथते; क्र्या. P. ग्रथ्नाति; चुरा. P. ग्रथयति; भ्वा. P. ग्रन्थति) गूँथना; रचना करना; to tie together; to compose. *pp.*ग्रथित. *n.*ग्रन्थः पुस्तक; a book. *f.*ग्रन्थिः गाँठ; a knot.

ग्रस् (भ्वा. A. ग्रसते) निगलना; to swallow; to consume. *pp.*ग्रसित, ग्रस्त. *n.*ग्रसनम्, ग्रासः कौर; ग्रहण; mouthful; eclipse.

ग्रह् (क्र्या. U. गृह्णाति, गृह्णीते) पकड़ना; ग्रहण करना; to seize; to take. *pp.*गृहीत.

ग्रामः गाँव; समूह; village; collection. *con.*ग्राम्य. *adj.*ग्रामीण. (अल्पार्थ) ग्रामटिका छोटा गाँव; small village. ग्रामणी गाँव का नेता; leader or headman of a village.

ग्राहः मगरमच्छ; crocodile.

ग्राहक खरीदार; purchaser. *f.*ग्राहिका.

ग्रीवा *f.* गर्दन; neck.

ग्रीष्मः गरमी का मौसम; summer season.

ग्रैवेयकम् गले का आभूषण; neck ornament.

ग्लहः पासे बाजी; stake.

ग्लै (भ्वा. P. ग्लायति) श्रान्त होना; उदास होना; to feel tired; to be dejected. *adj.*ग्लान.

घ

घ (-०) मार डालने वाला; प्रहार करने वाला; killing; striking [such as राजघः].

घट् (भ्वा. A. घटते) काम में व्यस्त होना; होना; मिलाना; to be busy with; to happen; to bring about. *pp.*घटित. *sub.*घटक एजेंट; agent. *n.*घटनम्. *f.*घटना सम्पन्न हुई क्रिया; work which occurred.

घटः घड़ा; jar, pitcher.

घटिका *f.* घड़ी (२४ मिनट का समय); छोटा घड़ा; a period of 24 minutes; a small pitcher. *syn.*घटी.

घण्टिका छोटी घंटी; a small bell.

घन ठोस; अत्यधिक; solid; mass. घन: बादल; clouds.

घर्म: घाम; heat.

घस् (भ्वा. P. घसति) खाना; to eat.

घस्मर पेटू (अधिक खाने वाला); voracious.

घात: प्रहार; चोट; attack; blow.

घुष् (भ्वा. P. घोषति; चुरा. U. घोषयति, -ते) घोषणा करना या चिल्ला कर कोई बात कहना; to proclaim. *pp.*घुषित, घुष्ट, घोषित. *n.f.*घोषणा.

घुसृणम् केसर; saffron.

घृणा *f.* अरुचि; aversion.

घृतम् घी; clarified butter.

घृष् (भ्वा. P. घर्षति) घिसना; to rub. *pp.*घृष्ट. *n.f.*घृष्टि: पीसना; खस्सी सुअर; grinding; a hog.

घोट: घोड़ा; a horse.

घोणा *f.* नाक; nose.

घोर भयंकर; हिंसक; terrific; violent.

घोल: , -लम् मट्ठा; मथा हुआ दही जिसमें पानी न हो; butter milk; churned curd.

घ्रा (भ्वा. P. जिघ्रति) सूंघना; to smell. *pp.*घ्रात, घ्राण. *n.*घ्राणम् नाक; सूंघना; nose; smelling.

च

च *ind.* और [शब्दों या वाक्यों को जोड़ने में प्रयुक्त होता है और जिन को जोड़ना हो उनमें अन्तिम शब्द के बाद लगाया जाता है]; and [it is used to combine words, phrases or sentences and is put in the end of those which are required to be combined].

चकास् (अदा. U. चकास्ति, -ते) चमकना; उज्ज्वल होना; to shine; to be bright.

चकित भौंचक्का; डरा; astonished; frightened.

चकोर: एक पक्षी; kind of a bird.

चक्रम् पहिया; कुम्हार का चाक; एक तीक्ष्ण गोल अस्त्र; कोल्हू; दल; राज्य; सेना; the wheel; potter's wheel; a sharp circular missile; oil mill; a group; realm; troop.

चक्ष् (अदा. A. चष्टे) कहना; देखना; to speak; to see. *n.neu.*चक्षुस् नेत्र; eye.

चङ्क्रमणम् घूमना; moving about.

चञ्च् (भ्वा P. चञ्चति) चलायमान होना; to move. *n.*चञ्च: टोकरी; a basket. *adj.*चञ्चल अस्थिर; fickle.

चञ्चरीक: भौंरा; black-bee.

चञ्चु: *n.f.* चोंच; beak. *adj.*चञ्चुर विख्यात; चतुर; renowned; clever.

चटुल चंचल; सुन्दर; unsteady; beautiful.

चणक: चना; gram.

चण्ड क्रोधी; उग्र; हिंस्र; wrathful; impetuous; fierce. *f.*चण्डा, चण्डी. *adj.*चण्डाल क्रूर; cruel. *n.*चण्डाल: एक नीची जाति; a low caste.

चतुर् *num.pl.* (*m.*चत्वार:; *f.*चतस्र:; *n.*चत्वारि) चार; four. चतुर्थ चौथा; fourth. चतुर्धा चार प्रकार से; चार गुना; in four ways; four times. चतुष्क चार से युक्त, चार से बढ़ा; consisting of four; increased by four. चतुष्कम् चार का समूह; चौराहा; चार खम्भों पर बना भवन; a group of four; a crossway; a hall resting on four pillars. *f.*चतुष्की एक चौकोर तालाब; मच्छरदानी; a four-sided pond; a mosquito curtain. चतुष्टय चार गुना; four-fold. चत्वरम्

चौकोर आंगन; a quadrangular courtyard.

चतुर कुशल; wise. *abs.* चातुर्य निपुणता; skill.

चन्दन: , -नम् चन्दन; sandal.

चन्द्र: चन्द्रमा; कपूर; moon; camphor. *syn.* चन्द्रमस् (चन्द्रमा:).

चपल चंचल; अनित्य; fickle; transient. *f.* चपला बिजली; व्यभिचारिणी स्त्री; lightning; an unchaste woman.

चपेट: तमाचा; a slap. *f.* चपेटा, चपेटिका.

चमू: *f.* सेना; army.

चमर: एक प्रकार का हिरण; a kind of deer. *f.* चमरी.

चमस: , -सम् पानपात्र; एक प्रकार का चम्मच; cup; a ladle.

चम्पक: चम्पा का पेड़; a tree having yellow fragrant flowers. चम्पकम् चम्पा के फूल; flowers of Campaka tree.

चम्पू: *f.* एक प्रकार का काव्य जिसमें गद्य-पद्य दोनों शामिल होते हैं; a kind of poem in which both prose and poem are intermingled.

चय: समूह; ढेर; collection; heap.

चर् (भ्वा. P. चरति) चलना; चरना; to walk; to eat. *n.* चर: दूत; a spy. *adj.*- चलने वाला; walker.

चरक: भ्रमणशील अवधूत; wanderer, wandering mendicant.

चरण: , -णम् पाँव; श्लोक का एक पाद; वेद शाखा; foot; one fourth of a stanza; branch of a Veda.

चरम अन्तिम: the last.

चरितम् कार्य; व्यवहार; जीवनी; acts; behaviour; life.

चरु: यज्ञ के लिये दूध या जल में उबाले गये चावल (खीर या भात); oblation of boiled rice in milk or water.

चर्च् (चुरा. U. चर्चयति, -ते) ध्यानपूर्वक पढ़ना; to read carefully. (तुदा. P. चर्चति) चर्चा करना; निन्दा करना; to discuss; to abuse. *pp.* चर्चित. *n.* चर्चा. *f.* चर्चरिका, चर्चरी चाचड़ [होली के उत्सव में आमोद-प्रमोद के गीत जो प्रायः अश्लील होते हैं]; obscene songs sung in Holi merriment.

चर्पट: चपेट, थप्पड़; a slap.

चर्पटी चपाती; a thin cake of flour.

चर्भट: एक प्रकार की ककड़ी; a kind of cucumber.

चर्मन् *neu.* (चर्म) चमड़ा; त्वचा; leather; skin.

चर्व् (भ्वा. P. चर्वति; चुरा. U. चर्वयति, -ते) चबाना; to chew. *pp.* चर्वित. *n.* चर्वणम्. *f.* चर्वणा.

चल् (भ्वा. P. चलति) चलना; काँपना; moving; trembling. *pp.* चलति.

चष् (भ्वा. U. चषति, -ते) मार डालना; क्षति पहुँचाना; to kill; to injure.

चषक: , -कम् सुरापात्र; a goblet; a wine glass.

चाटु: , चाटु *neu.* चापलूसी; flattery.

चाण्डाल: एक अधम जाति; an outcaste. *f.* चाण्डाली.

चातक: , -की पपीहा; a bird living on rain drops.

चामीकरम् सोना; gold.

चामुण्डा दुर्गा का उग्ररूप; a terrific form of Durgā.

चार: भ्रमण; गुप्तचर; moving hither and thither; spy.

चारण: भाट; घूमने फिरने वाला गायक; a bard; a wandering singer.

चारु *adj.* सुन्दर; beautiful. चार्वङ्गी सुन्दर शरीर वाली; a woman having a beautiful body.

चि (स्वा. U. चिनोति, चिनुते) बीनना; ढ़ेर लगाना; to gather; to pile. *pp.*चित. *n.*चयनम्.

चिकित्सक वैद्य; physician and surgeon. *n.*चिकित्सा इलाज; treatment (of a sick).

चिकीर्षा *f.* करने की इच्छा; desire to do. *adj.*चिकीर्षु करने की इच्छा करने वाला; desirous to do.

चिकुर: सर के बाल; hair of the head.

चिक्कण चिकना; smooth.

चिञ्चा *f.* इमली; घुंघची; the tamarind; the gunja plant.

चित् (भ्वा. P. चेतति; चुरा. A. चेतयते) होश में आना; समझना; to gain consciousness; to understand.

चिता *f.* मुर्दा जलाने के लिये लकड़ी का ढ़ेर; the pile of wood for burning a dead body.

चित्तम् मन; हृदय; विचार; mind; heart; perception.

चित्र चितकबरा; आश्चर्यजनक; variegated; surprising. चित्रम् तस्वीर; आलेखन; आश्चर्य; picture; painting; wonder. चित्रित रंगबिरंगा; चित्रकारी से युक्त; variegated; painted.

चित्रा *f.* एक नक्षत्र; a star.

चित्रिणी *f.* कामशास्त्र में वर्णित एक प्रकार की स्त्री जो चित्र विचित्र बुद्धि, वैभव तथा रतिकला में निपुण होती है; a woman endowed with various talents and intercourse methods as described in sexology books.

चित्रित see चित्र.

चिन्त् (चुरा. U. चिन्तयति) सोचना; to think. *n.*चिन्तनम्. *f.*चिन्ता चिन्तन; फ़िक्र; शोकपूर्ण विचार; thinking; anxiety; sad and sorrowful thought. *pp.*चिन्तित सोचा हुआ; thought.

चिबुकम् ठोडी; the chin.

चिर लंबा काल; पुरानां; बहुत समय तक चलने वाला; long time; existing for a long time; long lasting. *adv.*चिरम् देर तक; सदा; for long; always. चिरात् देर बाद; after a long time. चिराय देर तक के लिये; for a long time.

चिह्नम् निशान; संकेत; sign; indication.

चीत्कार: चिल्लाहट; cry.

चीरम् पोशाक; फटा पुराना कपड़ा; garment; rag.

चीर्ण अनुष्ठान पूरा किया हुआ; completely observed a vow.

चीवरम् मुनियों या भिक्षुओं के वस्त्र; dress of ascetics or beggars.

चुञ्चु *adj.* (–०) प्रसिद्ध; प्रवीण; famous; clever.

चुत: गुदा; the anus.

चुद् (चुरा. U. चोदयति, -ते) प्रेरित करना; भेजना; हाँकना; to direct; to send; to drive on. *pp.*चोदित. *n.*चोदनम्, चोदना.

चुबुक: ठोडी; chin. *syn.*चिबुक:.

चुम्ब् (भ्वा. U. चुम्बति, -ते; चुरा. U. चुम्बयति, -ते) चुंबन करना; to kiss. *pp.*चुम्बित. *n.*चुम्बनम्.

चुर् (चुरा U. चोरयति, -ते) चुराना; to steal. *pp.*चोरित. *adj.*चोर, चौर. *abs.n.*चौर्यम् चोरी; theft.

चुलुक: चुल्लू; गहरा कीचड़; hands jointly cupped to hold water; deep mud.

चुल्लि: चूल्हा; fire place for cooking food.

चूचुकम् चूँची या स्तन की घुंडी; nipple of breast.

चूडा चोटी; tuft of hair.

चूत: आम; mango tree. चूतम् गुदा; the anus.

चूर्ण् (चुरा. U. चूर्णयति,-ते) पीस देना; to reduce to powder. *pp.*चूर्णित. *n.*चूर्णः, -र्णम् आटा; powder. चूर्णकः सत्तू; grain fried and powdered. चूर्णकम् सुगन्धित चूरा; fragrant powder.

चूष् (भ्वा. P. चूषति) चूसना; to suck up. *pp.*चूषित. *n.f.*चूषा चूसना; sucking up.

चेटः नौकर; servant. *f.*चेटी.

चेत् see चेद्.

चेतन सजीव; सचेत; alive; sentient. *n.*चेतनः सचेत प्राणी; आत्मा; a sentient being; soul. *f.*चेतना जीवन; प्राण; ज्ञान; life; animation; consciousness. *abs.neu.*चैतंन्यम्.

चेतस् (*neu.*चेतः) चित्त; अन्तःकरण; mind; heart, soul.

चेद् *ind.* यदि; if [वाक्य के आदि में इसका प्रयोग नहीं होता, तर्क में पूर्वपक्ष की स्थापना के बाद उत्तर देने के उपक्रम में इसका प्रयोग होता है जिसका अर्थ है 'यदि ऐसा कहो तो.....'; this word is never used in the beginning of a sentence; in arguing after establishment of opposite view it is used as an introduction of an answer meaning thereby 'If you say so.....'].

चेलम् पोशाक; garment.

चेष्ट् (भ्वा. A. चेष्टते) प्रयत्न करना; हिलना डुलना; to make effort; to move or stir. *pp.*चेष्टित. *n.f.*चेष्टा यत्न; गति; action; movement.

चैतन्यम् see चेतन.

चैत्यः, -त्यम् समाधि का पत्थर; देवालय; सीमा का पत्थर; वेदी; a monument; a temple; a stone of boundary; altar.

चैत्रः एक महीना: a month falling in March-April.

चोरः चोर; thief. *syn.*चौरः.

च्यु (भ्वा. A. च्यवते) गिरना; टपकना; (कर्तव्य इत्यादि से) विचलित होना; to fall; to drop down; to deviate (from duty etc.). *pp.*च्युत गिरा हुआ; fallen down. *n.f.*च्युति अधःपतन; a fall. *syn.*च्युत् (भ्वा. P. च्योतति).

छ

छगः बकरा; a goat. syn.छगलः, छगलकः. *con.*छागः, छागलः. *f.*छागी. छागली बकरी या बकरे से सम्बन्धित; relating to a goat or a he-goat.

छटा *f.* प्रकाश; ढ़ेर; light; mass.

छत्रः कुकुरमुत्ता; mushroom. छत्रम् छाता; एक राजचिह्न; umbrella; a royal emblem.

छद् (भ्वा. U. छदति,-ते; चुरा. U. छादयति,-ते) ढकना,; छिपाना; to cover; to conceal. *pp.*छन्न, छादित. *n.*छदः, छदनम्, छादनम् आच्छद आवरण; वस्त्र; covering; cloth.

छद्मन् (*neu.* छद्म) धोखा; बहाना; deception; pretext.

छन्द् (चुरा. U. छन्दयति,-ते) प्रसन्न करना; फुसलाना; to please; to persuade. *pp.*छन्दित. *n.*छन्दः इच्छा; मन की मौज; वश्यता; desire; one's own choice; control.

छन्दस् (*neu.* छन्दः) इच्छा; धोखा; वेद; पद्यों के नियम का शास्त्र; desire; fraud; the Vedas; prosody.

छन्न ढका हुआ; गुप्त; covered; concealed.

छलः, छलम् जालसाजी; fraud.

छात्रः विद्यार्थी; a pupil.

छादनम् आवरण; पर्दा; cover; screen.

छाया *f.* छाँह; प्रतिबिम्ब; समरूपता; चमक; सौन्दर्य; shade; reflection; lustre; beauty.

छि: *f.* गाली; abuse.

छिक्का *f.* छींक; sneezing.

छिद् (रुधा. U. छिनत्ति, छिन्ते) काटना; अलग करना; to cut off; to break asunder. *pp.*छिन्न. *adj.*छिद् [केवल समास के अन्त में; only in the end of a compound] काटने वाला; breaker. *n.*छेद: कटाव; सूराख; cutting; hole.

छिद्रम् छेद; दोष; hole; defect.

छुर् (भ्वा. P. छोरति) काटना; to divide. (तुदा. P. छुरति) ढांपना; लीपना; जड़ना; to cover; to coat; to envelop. *pp.*छुरित. *n.f.*छुरिका छुरी, चाकू; knife.

छेक चतुर; clever.

छोटिका *f.* चुटकी; snapping the thumb and fore-finger joined together.

ज

ज [केवल समास के अन्त में; only in the end of a compound as कुलजः] से उत्पन्न; born from.

जक्ष् (अदा. P. जक्षिति) खाना; उपभोग करना; नष्ट करना; to eat; to consume; to destroy. *pp.*जक्षित, जग्ध. *n.f.*जग्धि: खाना; eating.

जगत् *neu.* संसार; the world. *f.*जगती. *comp.*जगन्नाथः संसार का स्वामी–परमात्मा; the lord of the universe-God.

जघनम् भगमण्डल; स्त्री की योनि और नितम्ब का पूरा घेरा; सामान्यता नितम्ब भाग, pudendum; a full circle of ladies' buttocks and front-side; generally hips.

जघन्य सबसे पिछला; अधम; सबसे अधिक निकृष्ट; hindermost; base; worst.

जङ्गम चलने फिरने वाला; जीव-जगत्; moving; living being.

जङ्गलम् वन; forest.

जङ्घा *f.* जाँघ; टाँग; upper part of the leg below loins; the leg from ankle to knee, shank.

जटा *f.* आपस में मिला कर बांधे हुये बाल; तन्तुमय जड़; शाखा; twisted and matted hair of head; fibrous root; branches. *adj.*जटिल जटाधारी; bearing Jaṭā.

जठर कठोर; hard. जठरः, -रम् पेट; गर्भाशय; किसी का भीतरी भाग; stomach; womb; interior part of anything.

जड गतिहीन; विवेकशून्य; चेतनारहित; motionless; senseless; devoid of living condition. *abs.*जाड्य बुद्धि की मन्दता; sluggishness.

जतु *neu.* लाख; lac.

जन् (दिवा A. जायते; *pass.* जन्यते) पैदा होना; to grow. *pp.*जात. *n.*जननम्. *f.*जाति:

जन: मनुष्य (पुरुष या स्त्री); जीवित प्राणी; लोग; person (male or female); living being; people. *abs.*जनता जनसमूह; public.

जनक: पिता; कारण; father; cause [as दु:खजनक:]. *f.*जननी माँ; mother.

जन्तु: प्राणी; living being.

जन्मन् (*neu.* जन्म) उत्पत्ति; birth.

जन्यम् युद्ध; battle.

जप् (भ्वा. P. जपति) जपना; मन्त्र को मन ही मन में बार-बार बोलना; to mutter prayers; to repeat a prayer or spell internally. *n.*जप: .

जपा *f.* एक प्रकार का लाल फूल; a kind of red flower.

जम्पती (*m. dual*) पति-पत्नी का जोड़ा; a pair of husband and wife. *syn.*दम्पती; जायापती.

जम्बाल: गारा; सेवार; केवड़े का पौधा; mud; moss; a kind of plant.

जम्बीर: चकोतरा नींबू का पेड़; a citron tree. जम्बीरम् नींबू; citron.

जम्बु, -बू: *f.* जामुन; a kind of fruit tree and its fruits.

जम्बुक:, -की *f.* गीदड़; jackal. *syn.*जम्बूक:.

जम्भ: जंभाई; जबड़ा; yawning; jaws. *f.*जम्भा.

जय: जीत; victory.

जरठ बूढ़ा; जीर्ण; ठोस; aged; decayed; hard.

जरत् बूढ़ा; निर्बल; old; infirm. *f.*जरती. *n.*जरा बुढ़ापा; old age.

जरायु *neu.* गर्भाशय; uterus.

जर्जर फटा पुराना; जीर्ण; worn out, shattered; decayed. *pp.*जर्जरित जर्जर किया हुआ; worn out.

जलम् पानी; water.

जव: वेग; फुर्ती; speed; swiftness.

जल्प् (भ्वा. P. जल्पति) बातें करना; to speak, to talk. *pp.*जल्पित.

जागर: जागना; रतजगा; remaining awake; a festival celebrated with night awakening.

जागृ (अदा. P. जागर्ति) जागना; सावधान रहना; to awake; to be watchful. *pp.*जागरित. *n.*जागरण.

जाड्य abs. बुद्धि की मन्दता; ठंडक; काम में अप्रवृत्ति; stupidity; chilliness; inactivity.

जात उत्पन्न हुआ; born. जातकम् जन्म सम्बन्धी ज्योतिष ग्रन्थ; बुद्ध की जन्म सम्बन्.. कथाएँ; astrological works according to birth time; stories of former births of Buddha.

जातवेदस् (*m.* जातवेदा:) आग; fire.

जाति: *f.* जन्म वंश; प्रकार; मात्रावृत्त; birth; caste; kind; verse based on Mātrās.

जातु *ind.* कदाचित्; एक बार; शायद; sometimes; once; perhaps.

जानि (-०) [जाया के स्थान पर बहुव्रीहि के अन्त में जैसे 'जानकीजानि:' अर्थात् 'जानकी है जाया जिसकी'; it is used in the end of बहुव्रीहि in the sense of जाया such as जानकीजानि: meaning thereby 'one whose जाया is जानकी'].

जानु *neu.* घुटना; knee.

जामातृ (*m.* जामाता) जमाई; son-in-law (daughter's husband).

जामि: *f.* खून से सम्बन्धित स्त्री, बहन, पुत्री इत्यादि; सपिण्ड स्त्री (सात पीढ़ी के अन्दर आने वाली); a woman related with blood as sister, daughter, etc.; a woman falling within 7 genealogies.

जाम्बीरम् चकोतरा; a citron.

जाम्बूनदम् सोना; gold.

जाया (सन्तान पैदा करने वाली) पत्नी; a wife (expectant to give birth to a child).

जार: उपपति (ब्याही स्त्री का कोई दूसरा पति); paramour of a married woman. *f.*जारिणी.

जालम् फंदा;' जादू; जाला; झरोखा; संग्रह; धोखा; net or snare; magic; web; air-hole; heap; illusion. *syn.*जालकम्. *hav.*जालिक.

जाल्म: बदमाश; नीच; गन्दा; क्रूर; rascal; villain; wretch; cruel.

जाह्नवी *f.* गंगा; an epithet of the river Ganges.

जि (भ्वा. P. जयति) जीतना; to conquer ['वि' उपसर्ग के साथ आत्मनेपद; A. with prefix वि–विजयते]. *n.f.*जिगीषा विजय की इच्छा; desire to conquer. *adj.*जिगीषु: विजय का इच्छुक; desirous of conquering. *pp.*जित जिस पर विजय प्राप्त की जा चुकी है; conquered.

जिघत्सा *f.* भूख; खाने की इच्छा; hunger; desire to eat. *adj.*जिघत्सु: खाने का इच्छुक; desirous of eating.

जिघांसा *f.* मार डालने की इच्छा; desire to kill. *adj.*जिघांसु: मार डालने का इच्छुक; desirous to kill.

जिघृक्षा *f.* पकड़ने की या लेने की इच्छा; desire to catch or take. *adj.*जिघृक्षु: .

जिघ्र see घ्रा.

जिज्ञासा *f.* जानने की इच्छा; desire to know. *adj.*जिज्ञासु: .

जित् (-०) जीतने वाला; conqueror [as इन्द्रजित्].

जित see जि.

जिन विजयी; victorious. जिन: बौद्ध या जैन साधु; जैनों के अर्हत् का एक नाम; Baud-dha or Jaina saint; name of an Arhat of the Jainas.

जिष्णु: विजयी; इन्द्र का नाम; triumphant; name of Indra.

जिह्म कुटिल; तिरछा; धोखेबाज़; अनीति करने वाला; crooked; oblique; cheat; following dishonest way.

जिह्वा *f.* जीभ; the tongue..

जीमूत: मेघ; इन्द्र का नाम; cloud; an epithet of Indra.

जीर्ण पुराना; क्षीण; old; decayed.

जीव् (भ्वा. P. जीवति) जीना; to live. *pp.*जीवित. *n.*जीव: जीव; soul. जीवनम् ज़िन्दगी; life. *f.*जीविका जीवन निर्वाह का साधन; livelihood.

जीवा *f.* धनुष की डोरी; bow-string.

जुगुप्सा *f.* अलग रहने की इच्छा; घृणा; desire to remain aloof; abhorrence. *adj.*जुगुप्सित घृणित; abhorred.

जुष् (तुदा. A. जुषते) प्रसन्न या तृप्त होना; सेवन करना; to be pleased or satis-fied; to enjoy. (भ्वा. P. जोषति; चुरा. U. जोषयति,-ते) परीक्षा करना; चोट पहुँचना; to investigate; to hurt.

जृ (भ्वा. P. जरति; दिवा. P. जीर्यति; क्र्या. P. जृणाति; चुरा. U. जारयति,-ते) बूढ़ा होना; जर्जर हो जाना; नष्ट होना; पच जाना; to grow old; to wither; to decay; to perish; to be dissolved or digested. *pp.*जीर्ण जर्जर; withered.

जृभ्, जृम्भ् (भ्वा. A. जृभते, जृम्भते) जम्हाई लेना; बढ़ाना; to yawn; to expand. *pp.*जृम्भित, जृब्ध. *n.*जृम्भ: . *f.*जृम्भा. *neu.*जृम्भणम्.

जेतृ (*m.*जेता; *f.*जेत्री) जीतने वाला; victor. जैत्रम् जीत; victory. जैत्र: विजयी; vic-torious.

जैन: जैनमत का मानने वाला; follower of the Jaina doctrine.

जोष: सन्तोष; चुप्पी; satisfaction; silence.

ज्ञप् (चुरा. P. ज्ञपयति) मारना; देवता को तुष्ट करना; तेज़ करना; to kill; to propitiate; to sharpen.

लालाटिक, -की *f.* मस्तक संबन्धी; भाग्य पर निर्भर; relating to forehead; dependent on fate.

लालित प्यार किया गया; सत्य पथ से डिगाया गया; caressed; seduced.

लालित्यम् सौन्दर्य; आकर्षकता; loveliness; charm.

लाव काटने वाला; नष्ट करने वाला; lopping; destroying. *f.*लावी.

लावण्यम् नमकीनपना; सौन्दर्य; saltness; beauty.

लासः कूदना; खेलना; नाचना; क्रीड़ा; jumping; sporting; dancing; dalliance.

लास्यम् प्रेम का नृत्य; dance of love.

लिक्षा जूँ के अण्डे; एक बहुत छोटी नाप; the eggs of a louse; a very minute measure of weight.

लिख् (तुदा. P. लिखति) लिखना; भावचित्र बनाना; खुरचना; to write; to portray feelings; to scratch. *n.neu.* लिखनम्. *n.m.*लेखः. *pp.*लिखितम्. *sub.*लेखकः लिखने वाला; a writer. *f.*लेखिका.

लिङ्ग् (भ्वा. P. लिङ्गति) जाना; हिलना-डुलना; to go; to move. *pp.*लिङ्गित.

लिङ्गम् चिह्न; लक्षण; प्रमाण; पुरुष की

जननेन्द्रिय; शब्द का स्त्री-पुरुष विभाग; सूक्ष्म शरीर (वेदान्त में); mark; symptom; proof; penis; gender; subtle body (in Vedānta).

लिङ्गिन् निशान रखने वाला; ब्रह्मचारी; पाखंडी (झूठे निशान रखने वाला); सूक्ष्म शरीरधारी; having a mark; religious student; wearing false badges; having subtle body.

लिप् (तुदा. U. लिम्पति, -ते) लीपना; मालिश करना; दाग या धब्बा लगाना; to smear; to anoint; to defile.

लिपि:, -पी वर्णमाला; लेख; alphabet; script.

लिप्त लीपा हुआ; (जहर आदि किसी वस्तु में) बुझा हुआ; जुड़ा या लगा हुआ; anointed; smeared (in poison, etc.); united or joined.

लिप्सा *f.* प्राप्त करने की इच्छा; desire of getting. *adj.* लिप्सु: प्राप्त करने का इच्छुक; desirous for getting.

लिम्पाक: गधा; नीबू का वृक्ष; an ass; a citron or lime tree.

लिह् (अदा. U. लेढि, लीढे) चाटना; to lick. *pp.* लीढ.

ली I. (भ्वा. P. लयति) पिघलना; घुल जाना; to melt; to dissolve. II. (क्र्या. P. लिनाति) पिघलना; जुड़ जाना; to melt; to adhere. III. (दिवा. A. लीयते) चिपकना; लीन हो जाना; छिपना; लोप होना; to cling to; to be devoted to; to hide oneself; to vanish. *pp.* लीन.

लीला *f.* खेल; विनोद; रंगरेली; sport; amusement; amorous play.

लुञ्च् (भ्वा. P. लुञ्चति) तोड़ना; खींचना; उखाड़ देना; to pluck; to pull; to pluck out. *n.m.* लुञ्च:. *n.neu.* लुञ्चनम्. *pp.* लुञ्चित उखाड़ा हुआ; plucked out.

लुठ् I. (भ्वा. P. लोठति) प्रहार करना; to strike. II. (भ्वा. A. लोठते) भूमि पर लोटना; to roll on the ground. III. (तुदा. P. लुठति) लोटना; to roll on the ground.

लुड् (भ्वा. P. लोडति. *caus.* लोडयति) क्षुब्ध करना; बिलोना; to agitate; to churn.

लुण्ट् (भ्वा. P. लुण्टति) लूटना; चुराना; to plunder; to steal. (Also चुरा. U. लुण्टयति, -ते). *sub.* लुण्टाक: लुटेरा; a plunderer.

लुण्ठ् (भ्वा. P. लुण्ठति) जाना; हरकत देना; लूटना; आलस्य करना; हानि पहुँचाना; to go; to stir; to rob; to remain idle; to cause harm. *sub.* लुण्ठक: लुटेरा; a thief. लुण्ठनम् लूटना; robbing.

लुप् I. (दिवा. P. लुप्यति) चित्तभ्रम उत्पन्न करना; to confound. II. (तुदा. U. लुम्पति, -ते) नष्ट करना; ओझल करना; वंचित करना; भंग करना; to destroy; to cause to disappear; to deprive of; to break. *n.m.* लोप:. *pp.* लुप्त छिपा हुआ; नष्ट; लोप किया गया; disappeared; destroyed; annihilated.

लुब्ध लोभी; greedy. लुब्ध: शिकारी; लम्पट; a hunter; lecher.

लुब्धक: शिकारी; बहेलिया; लोभी; लोलुप; a hunter; fowler; greedy; libertine.

लुभ् (दिवा. P. लुभ्यति) लालच करना; फुसलाना; to covet; to entice. (*caus.* लोभयति, -ते) लालच देना; आकर्षित करना; to make greedy; to attract. *pp.* लुब्ध.

लुल् (भ्वा. P. लोलति) लोटना; करवटें बदलना; to roll about; to toss about. *caus.* लोलयति हिलाना; कंपाना; to shake; to stir. *pp.* लुलित हिलाया; अव्यवस्थित; दबाया; थका; shaken; disarranged; pressed; tired.

लू (क्र्या. U. लुनाति, लुनीते) काटना; तोड़ना; कतरना; to cut; to pluck; to

clip. *pp.*लून काटा गया; तोड़ा गया; cut; plucked.

लूमम् पूँछ: a tail.

लेख: see लिख्.

लेखक: see लिख्.

लेखिनी कलम; चम्मच; pen; spoon. *syn.*लेखनी.

लेखा लकीर; हल से की हुई गहरी रेखा; लिखावट; चित्रण; हिसाब-किताब; a line; furrow; writing; depiction; account.

लेख्य *w.d.* लिखे जाने योग्य; चित्रित किये जाने योग्य; to be written; to be painted. *n.neu.*लेख्यम् लिखने की कला; लेख; चित्रण; art of writing; document; painting.

लेण्डम् विष्ठा; excrement.

लेप: लीपना या मालिश; पलस्तर; मलहम; act of smearing or anointing; plaster; unguent.

लेप्य *w.d.* लीपे या पोते जाने योग्य; to be plastered.

लेश: अंश; कण; a small portion; particle.

लेह: चाटना; चखना; licking; tasting.

लेह्य *w.d.* चाटे जाने योग्य; to be licked.

लैङ्गिक किसी चिह्न संबन्धी या उस पर निर्भर; connected with or depending on a sign. लैङ्गिक: मूर्तिकार; maker of images.

लोक् (भ्वा. A. लोकते; चुरा. U. लोकयति, -ते) देखना; प्रत्यक्ष ज्ञान प्राप्त करना; to see; to get a knowledge directly.

लोक: संसार; मानव जाति; इलाका; प्रजा; the world; human race; region; subjects.

लोच् I.(भ्वा. A. लोचते) देखना; निहारना; to see; to perceive. II.(चुरा. U. लोचयति, -ते) दिखलाना; to cause to see.

लोचनम् देखना; नेत्र; seeing; the eye.

लोध:, **लोध्र**: लाल फूलों वाला एक वृक्ष; a tree with red flowers.

लोप: हटा लेना; विनाश; अनुपस्थिति; taking away; abolition; absence.

लोभ: लालच; avarice. लोभनम् ललचाना; temptation. लोभनीय प्रलोभन देने वाला; enticing.

लोम: पूँछ; a tail.

लोमन् (*n.neu.* लोम) रोएँ; the hair on the body.

लोल चंचल; नश्वर; unsteady; transient. लोला बिजली; लक्ष्मी का एक नाम; lightning; name of Lakṣmī.

लोष्ट:, **लोष्टम्** मिट्टी का लौंदा; a clod. *syn.*लोष्ठ:, लोष्ठम्.

लोह:, **लोहम्** लोहा; इस्पात; कोई धातु; iron; steel; any metal.

लोहित लाल; red. लोहित: लाल रंग; red colour. लोहितम् खून; तांबा; blood; copper.

लौकिक सांसारिक; साधारण; worldly; common.

लौल्यम् चंचलता; उत्कण्ठा; लालच; fickleness; eagerness; avarice.

लौह लोहे का बना; धातु का बना; लाल; made of iron; metallic; red.

व

वंश: परिवार; बांस; बाँसुरी; रीढ़ की हड्डी; १० हाथ की नाप; समूह; family; bamboo; flute; a backbone; a length of 10 hastas; multitude.

वंशी बाँसुरी; एक तौल; flute; a particular weight.

वकुल see बकुल.

वक्तव्य *w.d.* कहे जाने योग्य; निन्दनीय; fit to be said; blamable. वक्तव्यम् भाषण; निन्दा; speech; reproach.

वक्तृ (*m.* वक्ता) बोलने वाला; speaker. *f.*वक्त्री.

वक्त्रम् मुख; चोंच; (बाण की) नोक; टोंटी; the mouth; beak; point (of an arrow); spout of a vessel.

वक्र टेढ़ा; बात को घुमा-फिराकर कहना; crooked; indirect saying. वक्रिन् (वक्री) कुटिल; crooked.

वक्रिमन् (*m.* वक्रिमा) कुटिलता; चक्कर; धूर्तता; crookedness; roundabout way (of saying something); cunningness.

वक्षस् (*neu.* वक्षः) छाती; सीना; the breast; chest.

वङ्क्षण जंघा मूल; the groins.

वच् (अदा. P. वक्ति) कहना; निन्दा करना; to say; to reproach. *pp.*उक्त. *n.neu.* वचनम्.

वचनीय *w.d.* निन्दा का पात्र; reproachable.

वचस् (*neu.* वचः) कथन; आदेश; उपदेश; saying; order; advice.

वज्रः, वज्रम् बिजली; इन्द्र का शस्त्र; हीरा; हीरे को छेदने वाला; अस्त्र; thunderbolt; weapon of Indra; a diamond; an instrument for perforating diamond; weapon.

वञ्च् (भ्वा. P. वञ्चति) ठगना; बचना; जालसाजी करना; to cheat; to avoid; to engage in intrigue. *sub.*वञ्चकः. *n.neu.*वञ्चनम्. *n.f.*वञ्चना. *pp.* वञ्चित.

वञ्जुल: बेंत या नरकुल; एक प्रकार का फूल; the common cane or reed; a kind of flower.

वटः बरगद; गोली; छोटी गेंद; a banyan tree; pill; small ball.

वटिका, वटी *f.* गोली; a pill.

वटुः बालक; ब्रह्मचारी; विद्यार्थी; a boy; celibate; student. वटुकः लड़का; ब्रह्मचारी; बुद्धू; a boy; celibate; block-head.

वडवा घोड़ी; दासी; वेश्या; a mare; female slave; harlot.

वडिशम् see बडिशम्.

वणिज् (वणिक्) सौदागर; व्यापारी; merchant; trader.

वत् 'वाला' अर्थ में संज्ञा शब्दों के बाद लगने वाला प्रत्यय [जैसे–धनवत् (धनवान्, धनवती, धनवत्)]; [दे. प्रत्ययों में मतुप्; see मतुप् in suffixes] 'समान' अर्थ को प्रकट करने वाला अव्यय [जैसे–चन्द्रवत् मुखम्]; an affix to nouns indicating 'possession' [such as धनवत्]; *ind.* – a particle affixed to mean 'resemblance' [such as चन्द्रवत् मुखम्].

वत see बत.

वतंसः आभूषण; ornament. *syn.* अवतंसः.

वत्सः बछड़ा; किसी जानवर का बच्चा; a calf; the young of an animal. *f.*वत्सा.

वत्सतरः छोटा बैल जिस पर अभी जुआ नहीं रक्खा गया है; a young ox which has not been yoked as yet.

वत्सरः वर्ष; year.

वत्सलः बच्चों से प्यार करने वाला; affectionate towards children.

वद् (भ्वा. P. वदति) कहना; संकेत करना; to say; to indicate.

वदनम् मुख; अगला भाग; the mouth; the front part.

वदरः see बदरः.

वदान्य प्रियवादी; उदार; eloquent; liberal.

वदि *ind.* कृष्णपक्ष; dark half of lunar month.

वद्य *w.d.* कहने योग्य; fit to be spoken.

वध् (भ्वा. P. वधति) कत्ल करना; to slay. [लौकिक संस्कृत में केवल भूतकाल तथा आशीर्वाद में इसका प्रयोग होता है; in classical Sanskrit, it is used only in past tense and benedictive].

वधः हत्या; killing, murder.

वधूः पत्नी; बहु; दुल्हन; युवती; नाते में छोटी स्त्री; किसी पशु की मादा; a wife; daughter-in-law; bride; maiden; a lady in younger relation; female of any animal.

वध्य *w.d.* मारे जाने योग्य; वध रूप दण्ड के योग्य; to be slain; sentenced to death.

वध्रम् चमड़े का तस्मा; a leathern strap.

वनम् जंगल; पेड़-पौधों का झुरमुट; पानी; forest; cluster of trees; water.

वनस्पतिः बड़ा जंगली वृक्ष; a large forest tree.

वनिता महिला; पत्नी; किसी जानवर की मादा; a woman (in general); wife; female of any animal.

वनेचर जंगल में रहने वाला; dwelling in forest. वनेचरः वनवासी; forester.

वन्दनम् अभिवादन; salutation. *f.*वन्दना पूजा; प्रशंसा; worship; praise.

वन्दारु प्रशंसा करने वाला; श्रद्धालु; praising; reverential.

वन्दिन् (*m.* वन्दी) चारण; भाट; स्तुतिगान करने वाला; a panegyrist; bard; encomiast.

वन्दी see बन्दी.

वन्द्य *w.d.* वन्दना करने योग्य; to be respectfully saluted.

वन्धुर see बन्धुर.

वन्ध्य see बन्ध्य.

वन्य जंगली; wild.

वन्या विशाल जंगल; जलराशि; a large forest; mass of water.

वप् (भ्वा. U. वपति, -ते) बोना; मूंडना; बाल काटना; to sow; to tonsure; to shave. *n.neu.*वपनम्.

वपुष्मत् *con.* (*m.* वपुष्मान्) देहधारी; embodied.

वपुस् (*neu.* वपुः) शरीर; आकृति; body; form.

वप्तृ (वप्ता) बोने वाला; पौध लगाने वाला; sower; planter.

वप्रः, वप्रम् किले या शहर की चहार दीवारी; चोटी या शिखर; टीला; नदी या समुद्र का तट; rampart of a fort or city; a summit or peak; a mound; a bank of river or sea-shore.

वम् (भ्वा. P. वमति) कै करना; उंडेलना; गिराना; to vomit; to pour out; to eject.

वमथुः कै करना; vomiting. *neu.*वमनम् कै करना; बाहर निकालना; vomiting; ejecting.

वयस् (*neu.* वयः) आयु; पक्षी; age; a bird.

वयस्य समान आयु वाला; having the same age group. वयस्यः मित्र; a friend. *f.*वयस्या.

वर अच्छा; अपेक्षाकृत अच्छा; good; better. वरः चुनने की क्रिया; वरदान; पति; दामाद; selecting; a boon; bridegroom; son-in-law.

वरटः हंस; बर्र; a goose; wasp. *f.*वरटा, -टी.

वरणम् चुनना; घेरा डालना; ढकना; [प्रायः 'आ' के साथ]; selecting; encircling; covering [generally with आ– आवरणम्].

वरण्ड: समुदाय; बरामदा; घास का ढेर; झोला; a group; verandah; heap of grass; bag or pocket.

वरम् *ind.* अधिक अच्छा; better than.

वराक बेचारा; the poor fellow.

वराङ्गम् मस्तक; योनि; forehead; vagina.

वराट: कौड़ी; रस्सी; a cowrie; rope. *syn.*वराटक: , *f.*वराटिका.

वराह: सुअर; a boar.

वरिष्ठ *sup.*सबसे अच्छा; best.

वरीयस् *con.* (*m.*वरीयान्; *f.*वरीयसी; *neu.* वरीय:) अपेक्षाकृत अच्छा; better.

वरुण: समुद्र एवं पश्चिम दिशा का देवता; समुद्र; the deity of sea and west; sea.

वरूथम् रथ का रक्षक लोहे या लकड़ी का आवरण; कवच; ढाल; समूह; an iron or wooden fence of a chariot used for protection; an armour; shield; multitude.

वरूथिन् *hav.adj.* वरूथ द्वारा सुरक्षित; उस गाड़ी में बैठा हुआ; protected by Varūtha; being or seated in such a carriage or chariot.

वरूथिनी *hav.* सेना; an army.

वरेण्य *w.d.* वरण करने योग्य; सर्वोत्तम; fit for selection; best. **वरेण्यम्** केसर; saffron.

वर्ग: (समान वस्तुओं का) समूह; टोली; दो समान अंकों का गुणनफल; collection (of similar things); a party; the square power. *c.w.*वर्गीय, *hav.*वर्ग्य उसी वर्ग का; belonging to the same group.

वर्चस् (वर्च:) शक्ति; कान्ति; vigour; brilliance. *hav.*वर्चस्विन् शक्तिशाली; तेजस्वी; vigorous; brilliant.

वर्ज: छोड़ देना; leaving. *neu.*वर्जनम्. *ind.adv.*वर्जम् छोड़कर; except. *pp.*वर्जित छोड़ा हुआ; left out. *w.d.*वर्ज्य छोड़ने योग्य; to be left out.

वर्ण् (चुरा. U. वर्णयति, -ते) वर्णन करना; रंग करना; फैलाना; गुणगान करना; to describe; to paint; to spread; to praise.

वर्ण: रंग; मनुष्यों की श्रेणी (ब्राह्मण इत्यादि); अक्षर; प्रसिद्धि; संगीत का विषयक्रम; colour; a class of men or caste (such as Brāhmaṇa, etc.); letter; fame; the arrangement of subjects in a song.

वर्णक: चित्रकारी के लिये रंग; अंगराग; अभिनेता की पोशाक; स्तुति-गायक; चन्दन; colour for painting; an unguent; dress of an actor; a bard; sandalwood.

वर्णनम्, -ना *f.* वर्णन; आलेखन; description; delineation.

वर्णिका *f.* अभिनेता की वेशभूषा; रंगलेप; रोशनाई; लेखनी; dress of an actor; paint; ink; pen.

वर्णिन् (*m.* वर्णी) ब्रह्मचारी; चारों वर्णों में एक से संबन्धित; लेखक; चित्रकार; a celibate; belonging to one of the four castes; writer; painter. *f.*वर्णिनी स्त्री; a woman.

वर्त: (–०) जीविका; livelihood.

वर्तन टिकाऊ; स्थिर; staying; stationary. *n.f.*वर्तनी, -नि: मार्ग; सड़क; a way; road. *n.neu.*वर्तनम् जीने का ढंग या तरीका; mode of living.

वर्तमान मौजूद; समसामयिक; घूमना; present; contemporary; moving around.

वर्ति: , -र्ती *f.* बत्ती; अंजन की सलाई; अंजन; wick; collyrium stick; collyrium.

वर्तिका चित्रकार की कूँची; दीपक की बत्ती; रंगलेप; a paint brush; wick of lamp; paint.

वर्तुल गोल; round.

वर्त्मन् (*neu.* वर्त्म) मार्ग; आचरण की परम्परा; way or passage; traditional behaviour.

वर्धः बढ़ाना; काटना; increasing; cutting. वर्धम् सीसा; सिन्दूर; lead; red lead.

वर्धकः बढ़ई; a carpenter. *syn.* वर्धकिः, वर्धकिन् (*m.* वर्धकी).

वर्धन बढ़ाने वाला; increasing.

वर्धमान बढ़ने वाला; growing, increasing.

वर्धापनम् नाल काटना; जन्म दिन या कोई अन्य उत्सव जिसमें बधाई दी जाती है; cutting of umbilical cord; birthday or some other festival when congratulations are offered.

वर्धित बढ़ा हुआ; increased.

वर्धिष्णु बढ़ने वाला; increasing.

वर्ध्रम् चमड़े की पट्टी; सीसा; a leather strap; lead.

वर्मन् (*neu.* वर्म) कवच; क्षत्रियों की उपाधि; an armour; an affix added to the name of the Kṣatriyas.

वर्य *w.d.* चुनने योग्य; to be chosen.

वर्वर हकलाने वाला; ऐंठा हुआ; stammering; curled. वर्वरः बावला; जातिच्युत; घुंघुराले बाल; a blockhead; an outcaste; curly hair. वर्वरीकः कुटिल केश; curly hair.

वर्वुरः बबूर; a kind of tree.

वर्षः, वर्षम् बारिश; छिड़काव; साल; भूभाग; rain; sprinkling; year; a division of the world.

वर्षणम् वर्षा; raining. *f.* वर्षा बरसात; वर्षा ऋतु; rain; rainy season.

वर्षिक *hav.* वर्षा संबन्धी; relating to rain. *p.p.* वर्षित वर्षा; rain.

वर्षिष्ठ *sup.* अत्यन्त बूढ़ा; very old. *com.* वर्षीयस् अपेक्षाकृत बूढ़ा; older.

वर्ष्मन् (*neu.* वर्ष्म) शरीर; ऊंचाई; मनोहर रूप; the body; height; beautiful form. [Also वर्ष्मम्].

वर्ह see बर्ह.

वल् (भ्वा. A. वलते) जल्दी-जल्दी चलना; आकर्षित होना; घेरा जाना; ढका जाना; to hasten for reaching; to be attracted; to be enclosed; to be covered. *pp.* वलित.

वल see बल.

वलक्ष see बलक्ष.

वलग्नः, -ग्नम् कमर; the waist.

वलनम् सरकना; वर्तुलाकार घूमना; moving; turning in a circle.

वलभिः, -भी ढलवाँ छत; (घर का) सबसे ऊंचा भाग; the sloping roof; topmost part (of a house).

वलयः, -यम् कंकण; बाजूबन्द; करधनी; a bracelet; armlet; girdle.

वलाहक see बलाहक.

वलित घिरा हुआ; झुर्रीदार; गतिशील; surrounded; wrinkled; moving.

वल्कलः, -लम् वृक्ष की छाल या उससे बनाई गई पोशाक; the bark of a tree and garment made of it.

वल्ग् (भ्वा. U. वल्गति, -ते) हिलना-डुलना; चौकड़ी भरना; सरपट दौड़ना; to move; to gallop; to run by leaps.

वल्गा लगाम; a bridle.

वल्गित कूदा हुआ; गतिशील किया गया; jumped; moved.

वल्गु *adj.* प्रिय; मधुर; मूल्यवान्; attractive; sweet; valuable.

वल्मीक, -कम् बांबी (दीमकों द्वारा निर्मित मिट्टी का टीला); hillock made by white ants.

वल्लकी वीणा; the lute.

वल्लभ प्यारा; dear. वल्लभः प्रेमी; पति; lover; husband. वल्लभा प्यारी स्त्री; beloved.

वल्लरिः, -री *f.* लता; मंजरी; a creeper; branch stalk.

वल्लिः *f.* लता; a creeper. *syn.* वल्ली.

वश् (अदा. P. वष्टि) चाहना; to wish. *pp.* उशित.

वश अधीन; under control. वशः, -शम् अधीनता; control.

वशंवद आज्ञाकारी; obedient.

वश्य *w.d.* वश में होने योग्य; controllable.

वषट् *ind.* देवता के लिये पूजा में कुछ प्रदान करते समय बोला जाने वाला शब्द; a word used on making an oblation to a deity.

वस् (भ्वा. P. वसति) बसना; होना; to dwell; to exist in. *n.f.* वसतिः निवासस्थल; आधार; विश्राम का समय; dwelling; a receptacle; resting time (generally night). *neu.* वसनम् ठहरना; घर; वस्त्र; कपड़े पहिनना; staying; house; clothes; to wear garments.

वसन्तः ऋतु जो चैत, वैशाख में होती है; the spring season.

वसा *f.* चर्बी; marrow.

वसित *p.p.* पहना हुआ; संगृहीत; worn; stored.

वसु *neu.* धन; ८ देवताओं का एक वर्ग; wealth; a group of 8 deities. वसुन्धरा पृथ्वी; the earth.

वस्तम् आवास; abode. वस्तः बकरा; a he-goat.

वस्तिः *m.f.* निवास; मूत्राशय; एनिमा; residing; the bladder; clyster.

वस्तु *neu.* कोई चीज़; किसी नाटक या काव्य का प्रतिपाद्य; a thing; subject matter of a drama (the story) or of any composition. *ind.* वस्तुतः असल में; in reality.

वस्त्रम् कपड़ा; पोशाक; cloth; garment.

वह् (भ्वा. U. वहति, -ते) ले जाना; ले आना; धारण करना; नेतृत्व करना; ढोना; विवाह करना; बहना; to carry; to bring; to bear; to lead; to propel; to marry; to flow (of river etc.). *pp.* ऊढ.

वहः सवारी; ले जाने वाला; घोड़ा; हवा; a vehicle; carrying; horse; air.

वहनम् ले जाना; गाड़ी; carrying; a carriage or vehicle.

वहल see बहल.

वह्निः *m.* आग; पाचनशक्ति; fire; digestive faculty.

वा *ind.* I. या; or [यह वाक्य के प्रारम्भ में नहीं आता; it is not used in the beginning of a sentence]. II. के समान; like. III. [कुछ शब्दों के साथ; with a few words] (a) अथवा या; अन्यथा; or; otherwise. (b) न वा नहीं; न तो; not; neither. (c) यदि वा अगर; अन्यथा; if; otherwise. (d) किं वा कि, क्या, मानो कि; whether.

वा (भ्वा., अदा. P. वाति) वायु का बहना; हिलना-डुलना; to blow; to move. *pp.* वात.

वाक्यम् वाणी; पदसमूह जो स्वार्थ बोध में समर्थ हो; speech; a sentence.

वागुरा *f.* जालीदार फंदा; जाल; जानवरों को पकड़ने के लिये जाल; meshet, a net; a trap to catch animals.

वाग्मिन् बोलने में निपुण; विस्तार से युक्तियुक्त बात कहने वाला; eloquent; an orator.

वाङ्मयम् भाषा; साहित्य; language; literature.

वाच् (*f.* वाक्) वाणी; कथन; सरस्वती देवी; speech; saying; goddess of speech.

वाचंयम मौन; silent. वाचंयमः मौन रहने

वाला मुनि; a sage maintaining rigid silence.

वाचक बोलने वाला; speaking. *sub.* वाचकः वक्ता; speaker. *n.neu.* वाचनम् बांचना; पढ़ना; reciting; reading.

वाचनकम् पहेली; riddle.

वाचनिक मौखिक; verbal.

वाचस्पतिः वाणी का स्वामी; बृहस्पति; the lord of speech; an epithet of Bṛhaspati.

वाचस्पत्यम् प्रभावशाली भाषण; an eloquent speech.

वाचा भाषण; पवित्र ग्रन्थों का मूलपाठ; मूलपाठ; speech; text of sacred books; text in general.

वाचाट बातूनी; talkative.

वाचाल व्यर्थ की अधिक बातचीत करने वाला; uselessly talking very much.

वाचिक मौखिक; oral.

वाच्य कहने योग्य; निन्दनीय; to be spoken; blamable.

वाजः पर; पंख; बाण के पंख; युद्ध; ध्वनि; wing; feather; the feather of an arrow; battle; sound. वाजम् घी; श्राद्धपिंड; clarified butter; an oblation of rice in Śrāddha. *hav.* वाजिन् (*m.* वाजी) घोड़ा; पक्षी; बाण; horse; bird; arrow.

वाजीकरण उत्तेजक एवं संभोग शक्ति बढ़ाने वाला; stimulating or exciting desire by aphrodisiacs.

वाञ्छ् (भ्वा. P. वाञ्छति) इच्छा करना; to wish. *n.neu.* वाञ्छनम्. *n.f.* वाञ्छा इच्छा; wish. *pp.* वाञ्छित.

वाटः अहाता; बागीचा; सड़क; बांध; an enclosure; garden; road; dam. *f.* वाटिका बागीचा; भवन बनाने के लिये भूमि; a garden; site for a house. *syn.* वाटी.

वाडवः समुद्र की आग; ब्राह्मण; submarine fire; a Brāhmana. वाडवम् घोड़ियों का समूह; a collection of mares. वाडवेयः बैल; a bull.

वाढम् see बाढम्.

वाण see बाण.

वाणिनी *f.* नटी; नर्तकी; शराब पीने वाली स्त्री; दुराचारिणी स्वच्छन्द स्त्री; an actress; a dancing girl; a drunken woman; an amorous and wanton woman.

वाणी बोली; आवाज़; कथन; spoken language; voice; saying.

वातः वायु; air.

वातुल वायु से प्रभावित; वायु का रोगी; पागल; affected by wind; gouty; mad.

वात्या तूफ़ान; अंधड़; a storm; whirlwind.

वादः विचार; वर्णन; विवाद; व्याख्या; सिद्धान्त; discussion; description; dispute; explanation; doctrine. वादकः बजाने वाला; player on musical instrument. वादनम् बजाना; playing on instrument. *pp.* वादित. वादित्रम् बाजा; a musical instrument.

वादिन् (*m.* वादी) अभियोक्ता; तर्क-वितर्क करने वाला; plaintiff; an antagonist.

वाद्यम् बाजा; a musical instrument.

वाध् see बाध.

वानप्रस्थः धार्मिक जीवन की तीसरी अवस्था में स्थित द्विज; वैरागी; the upper three castes in third stage of religious life; an anchorite.

वानीरः एक प्रकार का बेंत; a kind of cane.

वान्तम् कै की गई; उगला गया; vomited; emitted.

वान्तिः कै; उगाल; vomiting; emitting.

वाप: बीज बोना; क्षौरकर्म; sowing seed; shaving.

वाम बायां; उल्टा, विरुद्ध; दुष्ट; सुन्दर; left; reverse, opposite; wicked; beautiful. वामन बौना; a dwarf.

वामा सुन्दर स्त्री; a lovely woman.

वामी घोड़ी; गधी; गीदड़ी; हथिनी; a mare; a she-ass; female of jackal; female of elephant.

वायक: जुलाहा; a weaver. वायनम् उत्सव के अवसर पर ब्राह्मण या देवता को दिया गया मिष्टान्न का उपहार; a present of sweetmeats given to a Brāhmaṇa or a deity on festive occasion.

वायव वायु से संबद्ध या प्राप्त; हवाई; connected to or given by air; aerial. *syn.*वायवीय, वायव्य.

वायस: कौआ; a crow.

वायु: हवा; air.

वार् (*neu.* वा, वारी, वारि) जल; water.

वार: आवरण; समुदाय; दिन; cover; multitude; day.

वारक *sub.* रोकने वाला; obstructing.

वारण: हटाने वाला; warding off. वारण: हाथी; an elephant. वारणम् रुकावट; resistance.

वारनारी वेश्या; harlot. *syn.*वाराङ्गना, वारविलासिनी, वारयुवति, वारयोषित्, वारवाणी, etc.

वारि *neu.* जल; water.

वारुणी *f.* पश्चिम दिशा; मदिरा; the west; a liquor.

वार्ता *f.* समाचार; वैश्य का व्यवसाय; news; the occupation of a Vaiśya.

वार्तिक समाचार सम्बन्धी; relating to news.

वार्द्धकम् बुढापा; old age. *syn.*वार्द्धक्यम्.

वार्ध्रम्, -ध्री चमड़े का तस्मा; leather strap.

वार्षिक, -की सालाना; वर्षा संबन्धी; yearly; belonging to rains.

वाल, -लक see बालक.

वालुका बालू; sand.

वाल्लभ्यम् प्रिय होने का भाव; being beloved.

वाश् (दिवा. A. वाश्यते) चिल्लाना; बुलाना; to scream; to call. *pp.*वाशित.

वाष्प:, -ष्पम् see बाष्प.

वास् (चुरा. U. वासयति, -ते) सुगन्धित करना; to make fragrant. वास: सुगन्ध; निवास; स्थान; कपड़े; perfume; abode; site; dress.

वासक सुगन्धित करने वाला; perfuming. वासकम् वस्त्र; clothes.

वासना अभिलाषा, इच्छा; मन पर पड़ा अनजान संस्कार; कल्पना; desire; wish; unconscious impression on mind; imagination.

वासन्त वसन्तकालीन या यौवनकालीन; connected with spring or youth. *syn.* वासन्तिक, *f.*वासन्ती

वासर:, -रम् दिन; a day.

वासव: इन्द्र; name of Indra. *f.*वासवी इन्द्र की पत्नी; wife of Indra.

वासस् (*neu.* वास:) वस्त्र; clothes.

वासित सुगन्धित किया हुआ; scented.

वासू: तरुणी कुमारी कन्या (नाटकों में प्रयुक्त); a young unmarried girl (used in dramas).

वास्तविक सच्चा; असली; true; real.

वास्तव्य निवासी; resident.

वास्तु घर बनाने की जगह; घर; site for house; a house.

वास्प see बाष्प.

वाह ले जाने वाला; carrying [जैसे– अम्बुवाह]. वाह: कुली; बोझा ढोने वाला जानवर; घोड़ा; a porter; beast of

burden; horse.

वाहक: कुली; सईस; घुड़सवार; a porter; coach driver; horseman. **वाहनम्** सवारी; a conveyance.

वाहितम् भारी बोझा; a heavy burden.

वाहिनी सेना; नदी; an army; a river.

वाह्य see बाह्य.

वि (*pre* ○ –) पृथक्ता; विपरीतता; विशिष्टता; विभेद; क्रम; विरोध; तीव्रता; (इसका प्रयोग अभाव अर्थ को भी प्रकट करने के लिये होता है जैसे–विधवा); separation; reverse; distinction; discrimination; order; opposition; intensity; (it is also used in the sense of negation as विधवा).

वि: पक्षी; घोड़ा; a bird; horse.

विंश बीसवां; twentieth. **विंश:** बीसवां भाग; twentieth part. *adj.* **विंशक** बीस; twenty. *n.f.* **विंशति:** बीस, एक कोड़ी; twenty; a score.

विकच खिला हुआ; बालों से रहित; blown; destitute of hair.

विकट विकराल; विशाल; घमण्डी; सुन्दर; horrible; broad; proud; beautiful.

विकत्थन शेखी बघारने वाला; boasting. **विकत्थनम्** शेखी; false praise.

विकराल अत्यन्त डरावना; very dreadful.

विकर्मन् *adj.* अनुचित कार्य करने वाला; acting wrongly. *n.*– अनुचित कर्म; an unlawful act.

विकल अधूरा; किसी अंग से वंचित (जैसे–विकलांग); डरा हुआ; शून्य; व्याकुल; imperfect; deprived of a part (as विकलाङ्ग); frightened; destitute; perplexed.

विकला कला का साठवां भाग; the sixtieth part of कला–a measure of time.

विकल्प: बदल; शंका; चुनाव; प्रकार; alternate; doubt; selection; kind.

विकल्मष पापरहित; sinless.

विकसित खिला हुआ; blown.

विकस्वर खिला; खिलने वाला; blown; blooming.

विकार: स्वरूप और प्रकृति में परिवर्तन; बीमारी; भावना का बदलना या बुराई; बुरा रूप; change in form and nature; disease; change in feelings or their defects; bad form.

विकाल: शाम; evening.

विकाश: खिलना; प्रकट करना; प्रसन्नता; blowing; manifestation; pleasure

विकास: खिलना, फूलना; blowing.

विकिर: बिखेरना; बिखेरी वस्तु; scattering; scattered thing. **विकिरणम्** बिखेरना; scattering. *adj.* **विकीर्ण** बिखेरा हुआ; scattered.

विकुर्वाण परिवर्तन करने वाला; प्रसन्न; causing a change; feeling pleasure.

विकूजनम् कलरव करना; cooing or humming.

विकूणनम् सिकुड़ना; contraction. *p.p.* **विकूणित** सिकुड़ा; contracted.

विकृत बदला; खराब किया गया; अधूरा; changed; deformed; incomplete. *n.f.* **विकृति:** .

विकृष्ट इधर-उधर खींचा हुआ; dragged asunder.

विक्रम: कदम; वीरता; step; bravery.

विक्रय: बेचना; sale.

विक्रान्त डग बढ़ाया हुआ; बहादुर; विजयी; stepped beyond; brave; victorious.

विक्रिया *f.* परिवर्तन; उत्तेजना; alteration; excitement.

विक्रेय *w.d.* बेचने योग्य; saleable.

विक्रोशनम् चिल्लाना; गाली देना; exclaiming; abusing.

विक्लव डरा हुआ; ऊबा हुआ; दुःखी; overcome with fear; distressed; grieved.

विक्षत घायल; तोड़ा हुआ; wounded; torn asunder.

विक्षिप्त फेंका हुआ; भ्रान्त; व्याकुल; thrown; bewildered; agitated. *n.m.*विक्षेपः.

विक्षोभः मन की हलचल; हलचल; agitation of mind; agitation in general.

विखण्डित टूटा हुआ; broken.

विख्यात प्रसिद्ध; famous. *n.f.*विख्यातिः.

विगत चला गया; बीता हुआ; gone away; passed. *n.m.*विगमः.

विगर्हणम्, -णा *f.* निन्दा; अपशब्द; blame; reproach. *p.p.*विगर्हित निन्दित; बुरा; censured; bad.

विगलित टपका हुआ; गिरा हुआ; trickled; fallen down. *n.neu.*विगलनम्.

विगाहः डुबकी लगाना; plunging into.

विगीत निन्दित; बुरा-भला कहा गया; censured; abused. *n.f.*विगीतिः निन्दा; censure. *n.neu.*विगानम्.

विगुण गुणों से रहित; a destitute of merits.

विगृहीत विरोध किया गया; विग्रह किया गया; encountered; analysed.

विग्रहः शरीर; कलह; विश्लेषण; body; quarrel; analysis.

विघट्टनम्, -ना *f.* रगड़ना; चोट पहुँचाना; प्रहार करना; अलग करना; rubbing;. hurting; striking; separating. *p.p.*विघट्टित.

विघसः जूठन; remainder of food eaten. विघसम् मोम; wax.

विघूर्णित घुमाया हुआ; लुढ़काया हुआ; shaken about; rolled.

विघ्नः बाधा; रुकावट; कष्ट; an obstacle; hindrance; trouble. *p.p.*विघ्नित.

विच् (जुहो. U. वेवेक्ति,-क्ते; रुधा. U. विनक्ति, विङ्क्ते) विवेचन करना; अलग करना; अन्तर पहिचानना; to discriminate; to separate; to distinguish.

विचक्षण चतुर; wise.

विचयः छानबीन; खोज; investigation; search. *neu.*विचयनम्.

विचर्चिका खाज; itch.

विचलनम् चंचलता, अस्थिरता; unsteadiness, fickleness.

विचारः सोच; निश्चय; संकोच; consideration; decision; hesitation. *sub.*विचारकः. *n.f.*विचारणाः. *n.neu.* विचारणम्. *p.p.*विचारित.

विचिकित्सा सन्देह; doubt.

विचित खोजा; तलाशी की गई; searched; search through. *n.f.*विचितिः तलाशी; search.

विचित्र आश्चर्यजनक; रंग-विरंगा; wonderful; variegated.

विचेतन चेतनारहित; मृतक; senseless; dead.

विचेष्टा प्रयत्न; effort. *p.p.*विचेष्टित.

विच्छर्दनम् कै करना; vomiting.

विच्छाय शोभारहित, धुंधला; deprived of lustre, dim.

विच्छित्तिः *f.* काटना; उबटन, रंगलेप; सीमा; काव्यसौन्दर्य; cutting off; unguent or painting of body; limit; poetic beauty.

विच्छिन्न काटा हुआ; रोका गया; उबटन इत्यादि से पोता गया; गुप्त; torn asunder; prevented; smeared or painted with unguents; hidden.

विच्छुरित ढका गया; जड़ा गया; पोता गया; covered; inlaid; anointed.

विच्छेदः काटना; अलग करना; cutting;

dividing. विच्छेदनम् काटना; अलग करना; cutting off; dividing.

विच्युत नीचे गिरा हुआ; विस्थापित; fallen down; displaced.

विज् (जुहो. U. वेवेक्ति, वेविक्ते) अलग करना; अन्तर पहिचानना; विवेचन करना; to separate; to distinguish; to discriminate. (तुदा. A. विजते; रुधा. P. विनक्ति) कांपना; डरना; दुःखी होना; to tremble; to fear; to be distressed. *pp.*विग्न [उद्विग्न].

विजन अकेला; lonely. विजनम् सुनसान जगह; solitary place.

विजय: जीतना; victory.

विजात नीच कुलोत्पन्न; वर्णसंकर; base born; of mixed breed. *n.f.*विजाति: भिन्न जाति; मिली-जुली जाति का; different origin; of mixed breed. *syn.*विजातीय.

विजिगीषा विजय की इच्छा; desire to conquer. *adj.*विजिगीषु विजय का इच्छुक; desirous of victory.

विजित जीता हुआ; conquered.

विजृम्भणम् जंभाई लेना; फैलाना; कली आना; प्रदर्शन; yawning; expanding; budding; exhibiting. *p.p.*विजृम्भित मुंह फाड़ा हुआ; फैलाया हुआ; प्रकट हुआ; प्रदर्शित किया हुआ; yawned; expanded; appeared; displayed.

विज्ञ विद्वान्; बुद्धिमान्; learned; wise.

विज्ञप्ति: *f.* घोषणा; अनुरोध; announcement; an entreaty. *p.p.* विज्ञप्त.

विज्ञात जाना हुआ; प्रसिद्ध; known; famous.

विज्ञानम् निश्चित ज्ञान; शिल्प; शास्त्र या विज्ञान शास्त्र; definite knowledge; mechanical art; any department of knowledge specially science.

विज्ञापक: सूचना देने वाला; an informant. *n.neu.*विज्ञापनम्. *p.p.*विज्ञापित. *w.d.* विज्ञाप्यम् प्रार्थना; a request.

विज्वर ज्वर, चिन्ता या दुःख से मुक्त; free from fever, anxiety or distress.

विट: यार; बदमाश; वेश्या का साथी; पल्लवयुक्त शाखा; a paramour; a voluptuary; a companion of a courtesan; branch together with shoots.

विटङ्क: चिड़ियाघर; सबसे ऊपर का कंगूरा; an aviary; the loftiest point. *syn.* विटङ्कक:.

विटङ्कित चिह्नित; marked.

विटप: टहनी; शाखा; a branch; a bough. विटपिन् (*m.* विटपी) वृक्ष; a tree.

विडम्ब: कष्ट देना; नकल; afflicting; imitation. *p.p.*विडम्बित. *n.f.*विडम्बना. *n.neu.*विडम्बनम्.

विडाल: see बिडाल:.

वितण्डा व्यर्थ का तर्क जिसमें वादी प्रतिपक्षी के तर्क पर ध्यान न देकर अपनी ही बात कहता रहता है; useless argument in which the disputant heedless of the opposition goes on repeating his own argument.

वितत विस्तृत; spread. *n.f.*वितति: विस्तार; extension.

वितथ झूठ; false.

वितथ्य मिथ्या; false.

वितर्क: तर्क; विश्वास; सन्देह; चिन्तन; argument; belief; doubt; fancy. *neu.*वितर्कणम्.

वितर्दि:, -र्दी, -र्दिका बरामदा; चौकोर चबूतरा; छज्जा; a verandah; a quadrangular seat; a balcony.

वितलम् पृथ्वी के नीचे का दूसरा लोक; the second lower region under the earth.

वितस्ति: बालिस्त; a measure of 12 aṅguls.

वितानः, वितानम् शामियाना; फैलाव; अवसर; a canopy; spreading out; opportunity.

वितीर्ण पार किया हुआ; दिया हुआ; crossed over; given.

वितृण्ण इच्छारहित; free from desire.

वित्तम् धन; wealth.

विद् I. (अदा. P. वेत्ति; वेद) जानना; समझना; to know; to understand. *pp.* विदित. II. (दिवा. A. विद्यते) विद्यमान होना; to exist. *pp.* वित्त. III. (तुदा. U. विन्दति, -ते) प्राप्त करना; to gain. IV. (रुधा. A. विन्ते) मानना; to consider. *pp.* वित्त, विन्न. V. (चुरा. A. वेदयते) कहना; to tell.

विद् (−०) जानने वाला; conversant (जैसे—वेदवित्).

विदग्ध जला हुआ; पचा हुआ; चतुर; धूर्त; burnt; digested; clever; intriguing. *n.m.* विदग्धः विद्वान्; a scholar.

विदल चीरा हुआ; split asunder. विदलम् किसी द्रव्य की फांक; chips of a substance.

विदलनम् खंड खंड करना; rending asunder. *sub.* विदारकः.

विदित जाना हुआ; known.

विदीर्ण फाड़ा हुआ; तोड़ा हुआ; rent asunder; torn.

विदूर दूर स्थित; distant.

विदूषक दूषित करने वाला; corrupting. विदूषकः भांड; हंसोड; a jester; buffoon.

विदूषणम् दूषित करना; भ्रष्टाचार; झिड़की; pollution; corruption; reproach.

विदेशः परदेस; foreign country.

विद्ध बींधा हुआ; pierced. विद्धम् घाव; a wound.

विद्या *f.* ज्ञान-विज्ञान; शिक्षा; learning; education.

विद्युत् बिजली; वज्र; lightning; thunderbolt.

विद्योतन प्रकाश करने वाला; व्याख्या करने वाला; illuminating; elucidating.

विद्रवः भाग जाना; प्रवाह; running away; flowing out.

विद्राण जागा हुआ; roused from sleep.

विद्रावणम् भगाना; पिघलाना; driving away; liquefying.

विद्रुमः मूंगा; मूंगे का वृक्ष; कोंपल; coral; coral tree; sprout.

विद्वस् (*m.* विद्वान्; *f.* विदुषी; *neu.* विद्वत्) जानने वाला; विद्वान्; knowing; scholar.

विद्विष् (*m.* विद्विट्) शत्रु; enemy. *syn.* विद्विषः. *adj.* विद्विष्ट घृणा का पात्र; disliked.

विद्वेषः शत्रुता; घृणा; enmity; hate. *adj.* विद्वेषिन् (विद्वेषी) घृणा करने वाला; hating.

विधः प्रकार; kind [समास के अन्त में तथा संख्या के बाद अधिक प्रयोग; it is mostly used in the end of a compound or number such as पञ्चविध, बहुविध, etc.].

विधवा रांड; widow.

विधा रीति; प्रकार; mode; kind.

विधातृ (*m.* विधाता) ब्रह्मा; निर्माता; Brahmā; creator.

विधानम् व्यवस्था; रचना; नियम; arrangement; executing; precept.

विधायक बनाने वाला; व्यवस्था या नियम बनाने वाला; maker; making arrangement or precepts.

विधिः रीति; कानून; रस्म; method; law; convention. विधित्सा करने की इच्छा; desire for doing.

विधुः चन्द्रमा; कपूर; the moon; camphor.

विधुर दुःखी; वंचित; आपद्ग्रस्त; पति या पत्नी के वियोग से व्यथित; distressed; deprived; afflicted; suffering separation of spouse. **विधुरः** रंडुआ; a widower. **विधुरम्** भय; चिन्ता; पति या पत्नी से वियोग; fear; anxiety; separation from spouse.

विधुवनम् कंपकंपी; trembling.

विधूत कांपा हुआ; हिला हुआ; अस्थिर हुआ; shaken; dispelled; unsteady.

विधृत पकड़ा हुआ; रोका गया; सहारा दिया गया; seized; held; supported.

विधेय किये जाने योग्य; आश्रित; आधीन; कर्त्ता के सम्बन्ध में कही गई बात; to be done; dependant; obedient; predicate.

विध्वंस बरबादी; ruin.

विनत झुका हुआ; शिष्ट; bent down; modest.

विनमनम् झुकना; bending down.

विनम्र झुका हुआ; bent down.

विनयः नैतिक शिक्षा; नम्रता; शिष्टाचार; moral training; modesty; decorum.

विना *ind.* बगैर; without.

विनायकः गणेश या गरुड़ का नाम; नियंत्रण करने वाला; name of Gaṇeśa or Garuḍa; controller.

विनाशः नाश; बर्बादी; destruction; utter loss.

विनिक्षेपः फेंक देना; throwing away.

विनिग्रहः नियंत्रण; control.

विनिद्र खिला हुआ; जागा हुआ; full blown; awake.

विनिपातः पतन; बर्बादी; fall; ruin.

विनिमयः अदला-बदली; धरोहर; barter, exchange; deposit.

विनिमेषः पलक झपकाना; twinkling (of the eyes).

विनियुक्त लगाया हुआ; appointed. *n.m.* **विनियोगः** नियुक्ति; appointment.

विनिर्णयः पूरा फैसला; full decision.

विनिर्मित बनाया हुआ; made.

विनिवृत्तिः हटाना या हटना; समाप्ति; removal; termination.

विनिश्चयः तय करना, फैसला; decision.

विनीत दूर ले जाया हुआ; नम्र; शिक्षा दिया हुआ; taken away; modest; well trained.

विनेतृ (विनेता) पथप्रदर्शक; शासक; अध्यापक; दण्ड देने वाला; guide; ruler; teacher; punisher.

विनोदः हटाना; मनोरंजन; उत्कण्ठा; removal; amusement; eagerness. **विनोदनम्** हटाना; मनोरंजन; removal; amusement.

विन्न ज्ञात; प्राप्त; रक्खा हुआ; विवाहित; known; obtained; placed; married.

विन्यस्त रक्खा हुआ; जड़ा हुआ; placed; inlaid. *n.m.* **विन्यासः** रखना; धरोहर; putting down; deposit.

विपक्व पूरा पका हुआ; fully ripened. *syn.* **विपक्त्रिम**.

विपक्षः शत्रु; विरोधी; enemy; rival.

विपणः छोटा व्यापार; small trade.

विपणिः, -णी *f.* हाट-बाजार; बिक्री का सामान; व्यापार; market; commodity for sale; trade.

विपत्तिः संकट; मृत्यु; calamity; death.

विपथः कुमार्ग; bad way.

विपद् संकट; calamity.

विपन्न मरा; कष्टग्रस्त; dead; distressed.

विपरीत विरुद्ध; उलटा; contrary to; reverse.

विपर्ययः विपरीत होना; बदलना; विनाश; inversion; change; destruction.

विपर्यस्त विरोधी; उलटा हुआ; भ्रमवश, उलटा समझा हुआ; opposite; reversed; wrongly considered. *n.m.*विपर्यासः.

विपश्चित् विद्वान्; learned.

विपाकः परिणाम; खाना पकाना; result or fruit; cooking.

विपाटनम् टुकड़े-टुकड़े करना; उखाड़ना; tearing; eradication.

विपादिका बिवाई; पहेली; a sore on foot; a riddle.

विपिनम् वन; forest.

विपुल विशाल; बहुत; extensive; much.

विप्रः ब्राह्मण; a Brāhmaṇa.

विप्रकर्षः दूरी; distance.

विप्रकीर्ण बिखरा हुआ; scattered.

विप्रकृत ठेस पहुँचाया हुआ; अपकार किया गया; hurt; offended.

विप्रकृष्ट खींचा गया; दूरवर्ती; drawn away; distant.

विप्रतिपत्तिः एतराज; असंगति; objection; conflict. *p.p.*विप्रतिपन्न.

विप्रतिषेधः दो हितों का संघर्ष; conflict of two interests.

विप्रयुक्त पृथक् किया हुआ; separated.

विप्रयोगः विछोह; separation.

विप्रलब्ध धोखा दिया गया; deceived. *n.m.*विप्रलम्भः छल; deceit.

विप्रवासः परदेस में रहना; staying abroad.

विप्रियम् अरुचिकर कार्य; disagreeable act.

विप्रुष् बूँद; बिन्दु; drop; a dot. *syn.*विप्रुष्.

विप्रोषित देश निकाला दिया गया; banished from country.

विप्लवः बहना; लूटपाट; विनाश; हंगामा; floating; plundering; devastation; confusion.

विप्लुत डूबा और बहा हुआ; बर्बाद; floated; devastated.

विफल व्यर्थ; useless.

विबन्धः कोष्ठबद्धता; रुकावट; constipation; obstruction.

विबुद्धः जागरूक; जगाया हुआ; खिला हुआ; कुशल; awake; awakened; blown; clever.

विबुधः देवता; विद्वान्; a deity; learned man.

विबोधः जागना; ज्ञानवान् होना; awakening; becoming conscious.

विब्बोकः see बिब्बोकः.

विभक्त बाँटा हुआ; अलग किया हुआ; विभिन्न; divided; separated; different.

विभङ्गः टूटना; झुकना; झुर्री; पड़ाव; breaking; bending; fold; stoppage.

विभवः संपत्ति; शक्ति; प्रतिष्ठा; wealth; prowess; dignity.

विभा प्रकाश; सौन्दर्य; light; beauty.

विभाकरः सूर्य; the sun.

विभागः अंश; बाँटना; share; division. *neu.*विभाजनम्. *w.d.*विभाज्य बांटने योग्य; worthy to be divided.

विभावः रस की उद्बोधक परिस्थिति या पात्र; a condition or person used for developing sentiment in poetry.

विभावनम् निर्णय करना; विचार करना; विश्वास करना; ascertainment; investigation; conception.

विभावरी रात; दुराचारिणी स्त्री; night; a perverse woman.

विभावसुः सूर्य; आग; the sun; fire.

विभावित जाना हुआ; निश्चित किया हुआ; सिद्ध; अनुमित; known; decided; proved; inferred.

विभाषा विकल्प; option.

विभिन्न अलग किया हुआ; चितकबरा; separated; variegated.

विंभीतः बहेड़ा; a herb. *syn.*विभीतम्, विभीतकः, -कम्, विभीतकी, विभीता.

विभीषक डरावना; terrible. *n.f.*विभीषिका भय; terror.

विभु *adj.* समर्थ; व्यापक; capable; pervading. *f.*विभु, विभ्वी. *n.*विभुः आकाश; अन्तरिक्ष; आत्मा; राजा; काल; ether; space; soul; king; time.

विभुग्न झुका हुआ; curved.

विभूतिः *f.* संपत्ति; शक्ति; महिमा; राख; wealth; power; dignity; ashes.

विभूषणम् गहना; सजावट; ornament; decoration. *f.*विभूषा. *adj.*विभूषित.

विभृत धारण किया गया; सहारा दिया गया; maintained; upheld.

विभ्रंशः गिरना; बर्बादी; falling away; ruin. *adj.*विभ्रंसित.

विभ्रमः टहलना; मन की अस्थिरता; गलती; शृंगारिक चेष्टाएँ; roaming; mental unsteadiness; mistake; amorous play.

विभ्रष्ट गिरा हुआ; fallen.

विभ्राज् (विभ्राट्) चमकीला; shining.

विभ्रान्त चक्कर खाया हुआ; भ्रम में पड़ा हुआ; whirled about; confused. *n.f.* विभ्रान्तिः.

विमत असहमत; disagreeing. *n.* विमतिः.

विमत्सर ईर्ष्यारहित; free from jealousy

विमनस् (विमनाः) उदास; sad. *syn.* विमनस्क.

विमर्दः रगड़ना; rubbing. *adj.sub.* विमर्दकः. *n.neu.*विमर्दनम्.

विमर्शः विचार विनिमय; discussion. *syn.*विमर्षः.

विमल निर्मल; उज्ज्वल; pure; clean.

विमातृ *f.* (विमाता) सौतेली माँ; stepmother.

विमानः अनादर; व्योमयान; सात मंजिलों का महल; disrespect; heavenly car; a palace of seven storeys.

विमानना *f.* अनादर; disrespect.

विमार्गः खराब सड़क; दुराचार; bad road; immorality.

विमार्गणम् खोजना; searching out.

विमुक्त छूटा हुआ; छोड़ा गया; set free; abandoned. *n.f.*विमुक्तिः.

विमुख मुंह मोड़े हुए; with the face turned away from.

विमुग्ध व्याकुल; घबराया हुआ; confused; confounded.

विमुद्र बिना मोहर लगा; unsealed.

विमूढ घबराया हुआ; जड; bewildered; stupid.

विमृष्ट पोंछा गया; सोचा हुआ; cleansed; pondered over.

विमोचनम् रिहाई; liberation.

विमोहनम् रिझाना; tempting.

विम्बः, -बम् see बिम्ब.

वियत् *neu.* आकाश; the sky.

वियुक्त जुदा किया हुआ; separated from. *n.m.*वियोगः. *caus.p.p.*वियोजित. *hav.m.*वियोगिन् (वियोगी). *hav.f.* वियोगिनी.

वियुत विरहित; separated from.

वियोनिः नाना जन्म; कलंकित जन्म; manifold birth; debased birth.

विरक्त स्नेह शून्य; अधिक लाल; indifferent; very red.

विरक्तिः उदासीनता; indifference.

विरचनम्, -ना निर्माण करना; constructing, creation.

विरजस् धूलरहित; जिसका रजोधर्म व्यतीत

हो गया हो; free from dust; free from menstruation.

विरश्च: , -श्चि: ब्रह्मा; Brahmā.

विरति: रुकावट; विश्राम; pause; rest.

विरल जो अधिकता से प्राप्त न हो; कोई ही कोई; not available in abundance; rare.

विरस नीरस; tasteless.

विरह: वियोग; separation. *adj.f.* विरहिणी.

विराग: स्नेह का अभाव; disaffection.

विराजित प्रकाशित; शोभित; illuminated; splendid.

विराम: रुकावट; अन्त; stop; end.

विराव: कोलाहल; noise.

विरिश्चि: ब्रह्मा; Brahmā.

विरुतम् चिल्लाना; गाना; ध्वनि; crying; singing; humming, chirping, buzzing, etc.

विरुद: , -दम् यश के विषय में गाना; स्तुतिपरक गाना; singing about one's fame; eulogy.

विरुद्ध विपरीत; contrary.

विरूढ उगाया हुआ; उगा हुआ; produced; grown.

विरूप बुरे रूप वाला; deformed.

विरेक: दस्तावर दवा; purgative. *n.neu.*विरेचनम्. *p.p.*विरेचित.

विरोध: दुश्मनी; रुकावट; enmity; restraint.

विरोपणम्, -हणम् घाव का भरना; healing of sore, etc.

विलक्ष व्याकुल; embarassed.

विलक्षण विचित्र; unusual.

विलक्षित देखा हुआ; घबराया हुआ; seen; perplexed.

विलग्न लगा हुआ; चिपका हुआ; पतला; sticking; clinging; thin.

विलङ्घनम् लांघ जाना; क्षति; transgressing; injury.

विलङ्घित लांघा हुआ; transgressed.

विलज्ज लज्जारहित; shameless.

विलपनम् विलाप करना; चहकना; wailing; chattering.

विलम्ब: देरी; delay. *neu.*विलम्बनम् देर करना; लटकना; delaying; hanging. *p.p.*विलम्बित. *hav.*विलम्बिन्.

विलम्भ: उदारता; भेंट; liberality; gift.

विलय: विनाश; मिलकर अदृश्य हो जाना; destruction; dissolution.

विलसत् प्रकाशमान; shining. *n.neu.* विलसनम्. *p.p.*विलसित.

विलाप: जोर से रोना; शोक करना; to weep loudly; to lament.

विलास: क्रीड़ा; रंगरेली; रतिवासना द्योतक हावभाव; sport; amorous pastime; any feminine gesture indicating amorous desire. *hav.m.*विलासिन्. *f.*विलासिनी.

विलिखनम् खुरचना; scratching.

विलिप्त लीपा हुआ; anointed.

विलीन किसी में मिल जाने से ओझल; नष्ट; disappeared by melting in something; perished.

विलुञ्चनम् see लुञ्च्.

विलुण्ठनम् see लुण्ठ्.

विलुप्त see लुप्.

विलुलित see लुल्.

विलेखनम् खुरचना; उखाड़ना; scratching; uprooting.

विलेप: उबटन; लीपना-पोतना; ointment; plaster in general.

विलोकनम् देखना; निरीक्षण; seeing; observation.

विलोचनम् नेत्र; the eye.

विलोडनम् मथना; churning.

विलोप: लोप; नाश; disappearance; destruction.

विलोभ: आकर्षण; प्रलोभन; attraction; allurement.

विलोम विपरीत; opposite.

विलोल चंचल; unsteady.

विवक्षा कहने की इच्छा; desire to speak. *p.p.*विवक्षित. *adj.*विवक्षु कहने का इच्छुक; desirous to speak.

विवरम् छिद्र; खोह; hole; hollow.

विवरणम् व्याख्या; खोलना; explanation; unfolding.

विवर्जनम् परित्याग; abandoning.

विवर्ण निष्प्रभ, फीका; faint. *m.*विवर्ण: नीच जाति का; an outcaste or of low caste.

विवर्त: घूमना; पीछे लौटना; केवल रूप में परिवर्तन [एक वेदान्त का सिद्धान्त]; turning round; returning; change in form only [a principle of Vedānta].

विवर्धनम् बढ़ना; increasing.

विवश लाचार; आश्रित; helpless; dependent.

विवसन नंगा; naked.

विवस्वत् सूर्य; मनु का नाम; the sun; name of Manu.

विवाक: न्यायाधीश; judge.

विवाद: कलह; विरोधी बातचीत; dispute; discussion among opposite parties.

विवादिन् (*m.* विवादी) कलह करने वाले; quarrelling.

विवार: उच्चारण में कंठ का विस्तार; expansion of throat in articulating letters.

विवाह: शादी; marriage. *p.p.*विवाहित.

विवाह्य: वर; bridegroom.

विविक्त अकेला; lonely. विविक्तम् एकान्त स्थान; a lonely place.

विविध नाना प्रकार का; manifold.

विवृत प्रकट किया हुआ; भाष्य किया गया; displayed; commented upon.

विवेक: ज्ञान; विचार; भेद; knowledge; thinking; discrimination.

विवेकिन् (*m.* विवेकी) ज्ञानवान्; विवेचक; having knowledge; discriminating.

विव्वोक see विब्बोक.

विश् (तुदा. P. विशति) प्रवेश करना; to enter. *p.p.*विष्ट.

विश् *m.* वैश्य; a Vaiśya, man of the third caste. *f.*– प्रजा; पुत्री; subjects; daughter.

विशम् कमल तंतु; the fibres of the stalk of lotus.

विशद स्वच्छ; स्पष्ट; clean; evident.

विशय: सन्देह; सहारा; doubt; asylum.

विशर: टुकड़े करना; हत्या; विनाश; splitting; killing; destruction.

विशल्य कष्ट से मुक्त; free from trouble.

विशसनम् वध; विनाश; killing; destruction. *p.p.*विशस्त. *sub.*विशस्तृ (*m.* विशस्ता) हत्या करने वाला, चाण्डाल; an immolator.

विशाखा दो तारों वाला एक नक्षत्र (प्राय: द्विवचनान्त); a lunar mansion with two stars (generally used in dual number).

विशारणम् फाड़ना; हत्या करना; tearing or rending; killing.

विशारद कुशल; जानकार; clever; proficient.

विशाल विस्तृत; लम्बा-चौड़ा; बड़ा; large; extensive–long and wide; great.

विशिख: बाण; नरकुल; an arrow; a kind of reed.

विशिष्ट विशेषगुण युक्त; असाधारण; characterised by distinctive qualities; special (not common).

विशीर्ण छिन्नभिन्न; मुर्झाया; गिरा; shattered; shrivelled; fallen.

विशुद्ध स्वच्छ; पवित्र; बेदाग; खरा; clean; pious; spotless; perfect.

विशुद्धि: पवित्रता; भूल-सुधार; purity; removal of error.

विशृङ्खल निरंकुश; लम्पट; unrestrained; dissolute.

विशेष: खास बात; अन्तर; peculiarity; discrimination.

विशेषक: तिलक; शरीर पर रंगीन रेखाओं से रचना; a mark on forehead; drawing lines of painting on person with coloured unguents. **विशेषकम्** एकार्थक तीन पद्यों का समूह; a group of three stanzas completing one sentence.

विशेषणम् विशेषता बतलाने वाला शब्द; qualifying word-adjective. *w.d.* **विशेष्य** जिसकी विशेषता बतलाई जाय; the word qualified by an adjective.

विशोधनम् शुद्ध करना; बुराई निकालना; purifying; removing defects.

विशोषणम् सुखाने वाला; drying up.

विश्रणनम्, -श्राणनम् प्रदान करना; giving away.

विश्रब्ध, विस्रब्ध भरोसा करने वाला; विश्वासपात्र; confident; believable. *adv.*विश्रब्धम् विश्वासपूर्वक; with confidence.

विश्रम: आराम; विराम; rest; cessation.

विश्रम्भ: विश्वास; trust. *adj.*विश्रब्ध.

विश्राणित प्रदान किया गया; given away.

विश्रान्त आराम किया हुआ; रोका हुआ; reposed; stopped. *n.f.*विश्रान्ति:. *n.m.*विश्राम:.

विश्रुत प्रसिद्ध; famous.

विश्लथ ढीला; न बंधा हुआ; loose; untied.

विश्लिष्ट अलग किया हुआ; separated. *n.neu.*विश्लेषणम्. *p.p.*विश्लेषित.

विश्व सब; all. *n.*विश्वम् संपूर्ण सृष्टि; संसार; universe; the whole world.

विश्वम्भर: सबका पालन-पोषण करने वाला–विष्णु; name of Viṣṇu nourishing the whole universe. –रा पृथ्वी; the earth.

विश्वसनीय विश्वास योग्य; trustworthy. **विश्वस्त** जिस पर विश्वास किया गया; trusted.

विश्वानर: सविता का विशेषण; epithet of Savitā.

विश्वास: भरोसा; trust.

विष् (*f.* विट्) मल विष्ठा; excrement.

विषक्त चिपका हुआ; लगा हुआ; fixed firmly; clinging closely.

विषण्ण दुःखी; sad, sorrowful.

विषम् जहर; जल; poison; water.

विषम असमान; कठिन; दुर्गम; खतरनाक; बुरा; uneven; hard; inaccessible; dangerous; bad.

विषय: इन्द्रियों द्वारा प्राप्त पदार्थ; लौकिक तत्त्व; लौकिक उपभोग; उद्दिष्ट वस्तु; पहुँच; an object of senses; worldly objects; worldly enjoyments; an object aimed at, a topic; reach.

विषह्य *w.d.* सहन करने योग्य; संभव; endurable; possible.

विषाण:, -णम्, -णी *f.* सींग; हाथी या सुअर के दांत; horn; tusk of an elephant or teeth of a boar.

विषाद: रंज; शोक; निराशा; grief; sadness; despair.

विषुवम् मेष या तुला में दो स्थल बिन्दु जहाँ सूर्य विषुवत् रेखा को पार करता है; the two points into which sun enters

the equinoctial point in Aries or Libra.

विष्कम्भ: रुकावट; चटकनी; ताला; obstacle; the bolt or bar of a door; lock.

विष्किर: मुर्गा; तीतर की जाति का पक्षी; इधर-उधर बिखेरना; a cock; a bird akin to the domestic fowl; scattering about.

विष्टब्ध पक्का जमाया हुआ; रोका हुआ; टेक लगा हुआ; fixed firmly; hindered; supported.

विष्टर: आसन; बिस्तर; a seat; a bed.

विष्ठा पाखाना; ordure.

विष्णु: तीन प्रधान देवों में पालन-पोषण का अधिकारी देवता; among sacred Triad, a deity entrusted for preservation of the universe.

विष्पन्द: धड़कन; throbbing.

विष्यन्द: बहना; टपकना; flowing; trickling.

विष्वच्, विष्वञ्च् (*m.*विष्वङ्; *f.*विषूची; *neu.*विष्वक्) सर्वत्र; सर्वव्यापक; being everywhere; all pervading.

विसंवाद: धोखा; असंगति; वचन विरोध; deception; inconsistency; breaking one's own promise.

विसङ्गत बेमेल; unharmonious.

विसन्धि: (शब्दो में) बुरी सन्धि या सन्धि का अभाव; (in words) bad 'Sandhi' or absence of 'Sandhi' (regarded as a fault in composition).

विसर्ग: त्याग; दान; भेजना; उच्चारण में 'ह्' का स्थानापन्न (:); discharge; gift; sending; the substitite of 'ह्' (:) in pronunciation.

विसर्जनम् उंडेलना; त्याग देना; दान देना; विदा करना; pouring down; quitting; giving donation; allowing to go.

विसर्जनीय: *ind.* त्यागने योग्य; विसर्ग; deserving to be abandoned; visarga (:).

विसर्प: फैलाव; सरकना; खाज; spread; creeping; itch. *neu.*विसर्पणम् सरकना; gliding.

विसारिन् फैलने वाला; spreading. *n.m.* विसार: फैलाव; expansion.

विसिनी see बिसिनी.

विसूचिका हैजा; cholera.

विसूरणम्, -णा *f.* दुःख; distress.

विसूरितम् पश्चात्ताप; दुःख; repentance; sorrow.

विसृत्वर इधर-उधर फैलने वाला; spreading about. *syn.*विसृमर.

विसृष्ट छोड़ा गया; निकला हुआ; दिया गया; abandoned; emanated; given.

विस्तर: फैलाव; सूक्ष्म विवरण; extension; minute details. *syn.*विस्तार: . *pp.* विस्तीर्ण. *adj.*विस्तृत. *n.f.*विस्तृति: .

विस्पष्ट साफ; सुबोध; clear; intelligible.

विस्फार: कम्पन; धनुष की टंकार; trembling; a twang of a bow.

विस्फुरित कांपने वाला; quivering.

विस्फूर्जथु: दहाड़ना; बिजली की कड़क; आकस्मिक आभास; लहरों जैसा उठना; roaring; thundering; sudden appearance; rolling (as of waves). *p.p.*विस्फूर्जितम्.

विस्मय: आश्चर्य; घमंड; wonder; pride. *p.p.*विस्मित. *adj.*विस्मेर आश्चर्य से भरा; struck with wonder.

विस्मरणम् भूल जाना; forgetting.

विस्मृत भूला हुआ; forgot. *n.f.*विस्मृति: भूल जाना; oblivion.

विस्रंस:, -सा *f.* गिरना; कमजोरी; falling down; weakness. *neu.*विस्रंसनम् पतनशील; अधःपतन; दस्तावर; loosen-

ing; falling down; a laxative.

विस्रम्भ: see विश्रम्भ:.

विहङ्गम: पक्षी; bird.

विहस्त घबराया हुआ; असमर्थ; confounded; disabled.

विहायस् *m.neu.* आकाश; अन्तरिक्ष; sky; atmosphere.

विहार: क्रीडा; सैर; उद्यान; जैन या बौद्ध मन्दिर; sport; stroll; park; a Jaina or Buddha temple.

विहित जिसके करने का आदेश दिया गया हो; किया गया; that which is directed to be done; done.

विहीन रहित; नीचा; devoid of; low.

विहृत खेला हुआ; sported.

विहृति: हटाना; क्रीडा; removal; sport.

विह्वल व्याकुल; डरा हुआ; उन्मत्त; perturbed; alarmed; delirious.

वीक्षणम्, -णा *f.* देखना; seeing. *syn.* वीक्षितम्.

वीचि: लहर; wave.

वीज see बीज.

वीटि: *f.* लगा पान; वस्त्र की गांठ; prepared betel; knot in garment.

वीणा सारंगी या वीणा; the lute.

वीत जो चला गया या समाप्त हो गया; gone.

वीथि:, -थी *f.* मार्ग; सड़क; बाज़ार; मंडी में दुकान; way; road; market; shop in market.

वीप्सा *f.* शब्द का दो बार प्रयोग; repetition of word.

वीर बहादुर; brave.

वीरणम् खस (एक सुगन्धित घास जिसका प्रयोग शीतलता प्राप्त करने के लिये होता है); a fragrant grass which is used as refrigerant.

वीरुध् फैलने वाली लता; शाखा; creeper; branch.

वीर्यम् वीरता; शुक्र; valour; semen.

वृ (भ्वा. U. वरति, -ते; स्वा. U. वृणोति, वृणुते; क्रया. U. वृणाति, वृणीते) चुनना; वरण करना; घेरना; रोकना; to choose; to select for marriage; to surround; to prevent.

वृक: भेड़िया; कौआ; a wolf; crow.

वृक्ष: पेड़; tree.

वृजिन टेढ़ा; crooked. *n.neu.* वृजिनम् पाप; sin.

वृत् (दिवा. A. वृत्यते) चुनना; बांटना; to select; to distribute. (भ्वा. A. वर्तते) होना; to be or to exist. *p.p.* वृत्त.

वृत चुना गया; ढका गया; घेरा गया; selected; covered; surrounded. *n.f.* वृति:.

वृत्त घटित हुआ; समाप्त; गोल; occurred; completed; round.

वृत्ति: सत्ता; दशा; आचरण; जीविका; टीका; शब्द की शक्ति (अभिधा, इत्यादि); रचना शैली (कैशिकी, इत्यादि); existence; condition; livelihood; commentary; force of a word (such as अभिधा, etc.); style in composition (such as कैशिकी, etc.).

वृथा *ind.* बेमतलब; in vain.

वृद्ध बढ़ा हुआ; बूढ़ा; increased; old. वृद्ध: बूढ़ा आदमी; an old man. *f.* वृद्धा बूढ़ी औरत; an old woman.

वृद्धि: बढ़त; विकास; उन्नति; growth; development; rise.

वृध् (भ्वा. A. वर्धते) बढ़ना; बधाई का पात्र होना; to increase; to deserve congratulations.

वृन्तम् पत्ते या फल का डंठल; a stalk of leaf or fruit.

वृन्ताक: बैंगन का पौधा; the egg plant.

वृन्दम् समूह; ढेर; multitude; heap.

वृन्दा *f.* तुलसी; the holy basil.

वृन्दार अधिक; विशाल; प्रमुख; सुहावना; much; large; eminent; attractive. *com.*वृन्दीयस्. *sup.*वृन्दिष्ठ. *syn.* वृन्दारक.

वृन्दारक: देवता; किसी भी चीज़ का मुख्य; god; the chief of anything.

वृष् (भ्वा. P. वर्षति) बरसना; to rain. *p.p.*वृष्ट.

वृष: सांड; किसी दल का श्रेष्ठ; कामदेव; a bull; chief or best of a class; the god of love.

वृषण: अंडकोष; scrotum.

वृषन् (*m.* वृषा) सांड; वृषराशि; घोड़ा; इन्द्र या अग्नि का नाम; a bull; Taurus, the sign of Zodiac; horse; name of Indra or Agni.

वृषभ: बैल; कोई नर जानवर; अपने वर्ग का मुखिया; वृषराशि; a bull; a male animal; eminent of its class; Taurus, the sign of Zodiac.

वृषल: शूद्र; जातिबहिष्कृत; पापी; अधर्मी; a Śūdra; an outcaste; a sinner; irreligious man.

वृषली शूद्र की पत्नी या पुत्री; अविवाहित रजस्वला; बाँझ स्त्री; wife or daughter of a Śūdra; unmarried girl in menstruation; a barren woman.

वृषस्यन्ती संभोग की इच्छा करने वाली स्त्री; गरमाई गाय; woman longing for sexual intercourse; a cow in heat.

वृषाकपि: सूर्य, विष्णु, शिव, इन्द्र या अग्नि का नाम; name of the Sun, Viṣṇu, Śiva, Indra or Agni.

वृष्ट बरसा हुआ; rained. *n.f.*वृष्टि: वर्षा; rain.

वृष्य वर्षा के योग्य; कामोद्दीपक औषधि; कामशक्तिवर्धक; to be rained upon; medicine stimulating sexual desire; increasing sexual vigour.

वृहती नारद की वीणा; name of the lute of Nārada.

वृहस्पति see बृहस्पति.

वॄ (क्र्या. U. वृणाति, वृणीते) चुनना; to select.

वेग: गति; तेजी; जोर; velocity; force; strength.

वेणि: , -णी *f.* चोटी; गुंथे हुए बाल; धारा; नदियों का संगम; a braid of hair; braided hair; current; the confluence of rivers.

वेणु: बांस; नरकुल; बांसुरी; a bamboo; the reed; a flute.

वेतनम् मजदूरी, तनख्वाह; किराया; wages; salary; rent.

वेतस: बेंत; नरकुल; a cane; reed. *f.*वेतसी.

वेताल: एक प्रकार का प्रेत जो शव पर अधिकतर रखता है; a kind of ghost occupying a dead body.

वेत्र: बेंत; नरकुल; छड़ी; the cane; the reed; a stick.

वेद: ज्ञान; हिन्दू धर्म की मूल पुस्तकें जिनकी संख्या ४ है; knowledge; the most sacred books of Hindu religion–the scriptures of Hindus numbering four–Vedas.

वेदनम् ज्ञान; भावना; पीड़ा; knowledge; feeling; agony.

वेदि: , -दी *f.* एक छोटी चौकोर चौतरिया जिस पर यज्ञाग्नि प्रज्वलित की जाती है; चौकोर सहन; मुद्रा अंगूठी; an altar specially prepared for rituals; a quadrangular courtyard; a seal-ring.

वेधक: कपूर; camphor.

वेधस् (*m.* वेधाः) स्रष्टा; ब्रह्मा; विद्वान्; creator; Brahmā; a learned man.

वेप् (भ्वा. A. वेपते) कांपना; to tremble.

*n.m.*वेपथुः कम्पन; trembling. *n.neu.* वेपनम्.

वेमः , वेमन् *m.* करघा; a loom. *neu.*वेम.

वेला समय; समुद्रतट; सीमा; time; seashore; boundary.

वेल्ल् (भ्वा. P. वेल्लति) जाना; हिलाना; इधर-उधर फिरना; to go; to shake; to move about. *pp.*वेल्लित कांपता हुआ; trembling. *n.neu.*वेल्लितम् हिलना; जाना; चलना-फिरना; moving; going; going about.

वेशः प्रवेशद्वार; घर; चकला; पोशाक; entrance; house; residence of prostitutes; dress.

वेश्मन् घर; house. *neu.*वेश्म.

वेश्या *f.* रंडी; prostitute. वेश्यम् वेश्याओं का घर–चकला; residence of prostitutes.

वेष्ट् (भ्वा. A. वेष्टते) घेरना; घेरा बनाना; वस्त्र पहनना; to surround; to enclose; to dress. *pp.*वेष्टित. *n.neu.*वेष्टनम्.

वै *ind.* स्वीकृति या निश्चय सूचक अव्यय–सचमुच, वस्तुतः इत्यादि; a particle indicating acceptance or certainty-indeed, truly, etc.

वैकटिकः जौहरी; jeweller.

वैकल्पिक ऐच्छिक; optional. *n.neu.* वैकल्पम् ऐच्छिकता; optionality.

वैकल्यम् त्रुटि, कमी; विकलांग या पंगु होना; अक्षमता; उत्तेजना; अनस्तित्व; defect; imperfection; being crippled or lame; incompetency; excitement; non-existence.

वैकारिक विकार वाला; subject to modification.

वैकालिक सायंकाल में घटित होने वाला; occurring in evening. *n.m.*वैकालः सांझ; evening.

वैकुण्ठः विष्णु; Viṣṇu. वैकुण्ठम् स्वर्ग; heaven.

वैकृत बदला हुआ; changed. वैकृतम् परिवर्तन; change.

वैक्रान्तम् एक प्रकार का रत्न; a kind of gem.

वैक्लवम्, वैक्लव्यम् व्याकुलता; affliction.

वैखरी स्पष्ट उच्चारण; production of clear sound.

वैखानसः वानप्रस्थ; Brāhmaṇa in the third order, a hermit.

वैचक्षण्यम् *n.abs.* निपुणता; cleverness, skill.

वैचित्यम् शोक, विकलता; sorrow, mental distress.

वैचित्र्यम् विचित्रता; strangeness.

वैजयन्ती झंडा; विष्णु का हार; flag; the necklace of Viṣṇu.

वैजात्यम् जाति या प्रकार की भिन्नता; जाति बहिष्कार; difference of species or kind; exclusion from caste.

वैतनिक वेतन पर निर्वाह करने वाला; living on wages.

वैतान, वैतानिक यज्ञ संबन्धी; pertaining to sacrificial rites.

वैदग्धम् निपुणता; proficiency. *syn.* वैदग्धी, वैदग्ध्यम्.

वैदूर्यम् एक प्रकार की मणि; नीलम; a cat's eye gem; Lapis Lazuli.

वैदेशिक अन्य देश का; belonging to a foreign country.

वैद्यः चिकित्सक; a medical practitioner, a physician. वैद्यकम् चिकित्सा शास्त्र; the science of medicine.

वैद्युत बिजली से संबन्धित; connected with lightning.

वैध नियम के अनुरूप; कानूनी; confirmable according to rule, legal.

वैधवेय: विधवा का पुत्र; son of a widow. **वैधव्यम्** विधवापन; widowhood.

वैधुर्यम् शोक की दशा; a sorrowful condition.

वैधेय मूर्ख; foolish.

वैपरीत्यम् विरोध; opposition.

वैपुल्यम् विस्तार; abundance.

वैफल्यम् निरर्थकता; uselessness.

वैबोधिक: चौकीदार (रात में पहरा देकर जगाने वाला); watchman (one who awakens sleepers by announcing the time).

वैभवम् बड़प्पन; ठाठबाट; greatness; magnificence.

वैभाषिक वैकल्पिक; optional.

वैभ्राजम् देवताओं के बाग का नाम; name of a garden of gods.

वैमत्यम् मतभेद; dissension.

वैमनस्यम् शत्रुता; enmity.

वैमात्र: सौतेला भाई; a step-mother's son.

वैयाकरण: व्याकरण का पंडित; a scholar of Vyākaraṇa.

वैयात्यम् ढिठाई; impudence.

वैरम् शत्रुता; hostility. *adj.* वैरिन् (वैरी).

वैलक्ष्यम् दीनता; लज्जा; embarrassment; shame.

वैवर्ण्यम् चेहरे का रंग पीला पड़ जाना; change of face colour into paleness.

वैशसम् विनाश; हत्या; destruction; slaughter.

वैशाख: चान्द्र मास का दूसरा महीना; रई का डंडा; second lunar month; a churning stick.

वैशिक वेश्या संबन्धी; connected with harlots. **वैशिक:** वेश्या का प्रेमी; lover of prostitute.

वैश्य: तृतीय वर्ण का पुरुष; a man of third category in Hindu society.

वैश्वानर: अग्निदेव; fire-god.

वैषम्यम् असमानता; inequality.

वैषयिक वासनात्मक; sensual.

वैहायस हवाई; आकाशी; aerial; connected with sky.

वौद्ध see बौद्ध.

वौषट् आहुति देने का एक सांकेतिक शब्द; an exclamation used at the time of oblation.

व्यंसक धूर्त; ठग; a rogue; cheat.

व्यक्त प्रदर्शित; स्पष्ट; manifested; evident. *adv.* व्यक्तम् स्पष्टरूप से; clearly. *n.f.* व्यक्ति: प्रकटी करण; एक पुरुष या स्त्री; लिंग; manifestation; an individual, a person; gender.

व्यग्र व्याकुल; आतंकित; संलग्न; perplexed; frightened; intently occupied.

व्यङ्ग्यम् अप्रत्यक्ष ध्वनित अर्थ; indirect suggested meaning. *n.neu.* व्यञ्जनम्. *n.f.* व्यञ्जना व्यक्त करना; suggestion. *adj.* व्यञ्जक. *p.p.* व्यञ्जित.

व्यजनम् पंखा; a fan.

व्यतिकर: मिश्रण; संपर्क; टकराना; बाधा; कोई घटना; अदला-बदली; mixture; contact; striking against; obstruction; some incident; exchange.

व्यतिक्रम: क्रम भंग; कार्य न करना; उलट; दुर्भाग्य; swerving of order; nonperformance; reverse; misfortune.

व्यतिरिक्त अलग किया हुआ; आगे निकल जाने वाला; अधिक; separated; exceeding; going beyond.

व्यतिरेक: असमानता; अन्तर; आगे बढ़ जाना; dissimilarity; difference; surpassing.

व्यतिषक्त आपस में मिला हुआ; mutually

connected.

व्यतीत बीता हुआ; passed.

व्यतीपात: भारी उत्पात का सूचक अपशकुन; a portent foreboding a great calamity.

व्यत्यय: उलटफेर; अड़चन; inversion; obstruction.

व्यत्यस्त उलटा हुआ; असंगत; दो वस्तुएं इस प्रकार रक्खी हुई जो एक-दूसरे को काट रही हों; reverted; incoherent; two things placed crosswise. *n.m.* व्यत्यास: .

व्यथ् (भ्वा. A. व्यथते) दुःखी होना; to be pained. *pp.*व्यथित. *n.f.*व्यथा. *sub.* व्यथक.

व्यध् (दिवा. P. विध्यति) वेधना; to pierce. *pp.*विद्ध.

व्यधिकरण भिन्न आधार में या बहुव्रीहि में भिन्न कारक में स्थित; subsisting in different receptacles or having different case ending in Bahuvrīhi compound.

व्यपकृष्ट दूर किया हुआ; taken away.

व्यपगत गया हुआ; हटाया हुआ; gone away; removed. *n.m.*व्यपगम: .

व्यपदिष्ट नामांकित; बतलाया गया; बहाने से प्रतिपादित किया गया; named; shown; pleaded as a pretext or excuse. *n.m.*व्यपदेश: नाम; परिवार; कीर्ति; बहाना; name; family; fame; pretext.

व्यपाश्रय: सहारा; refuge.

व्यपेक्षा आशा; लिहाज़; पारस्परिक व्यवहार; hope; regard; mutual behaviour.

व्यपेत गया हुआ; अलगाया हुआ; बीता हुआ; gone away; separated; past.

व्यपोढ निकाला गया; विरोधी; बतलायां गया; removed; opposite; manifested.

व्यभिचार: नियम का उल्लंघन; सदाचार का अतिक्रमण; deviation from rules; violation of good conduct.

व्यय: खर्च; हानि; expenditure; loss.

व्यर्थ बेकार; useless.

व्यलीक झूठ; अप्रिय; false; displeasing.

व्यवच्छिन्न काट डाला गया; वियुक्त; विशेषता से अंकित; cut off; separated; distinguished by specification. *n.m.* व्यवच्छेद: .

व्यवधानम् पर्दा; आवरण; रुकावट; screen; cover; obstruction.

व्यवसाय: उद्योग, व्यापार; संकल्प; कर्म; industry, business; resolve; action. *adj.*व्यवसित प्रयत्न किया गया; निश्चय किया गया; attempted; resolved.

व्यवस्था *f.* नियम; कायदा कानून के अनुसार कार्य करना; settled rule; acting according to rules and regulations. *neu.*व्यवस्थानम्. *n.f.*व्यवस्थिति: . *adj.* व्यवस्थित.

व्यवहर्तृ (*sub.*व्यवहर्ता) किसी कार्य को करने वाला; वादी या मुद्दई; न्यायाधीश; putting something into action; plaintiff; judge.

व्यवहार: आरम्भ; वर्ताव; लेन-देन; प्रथा; कानूनी छानवीन; conduct; behaviour; transaction in money matters; custom; legal proceedings.

व्यवहित छिपा हुआ; किसी वस्तु के बीच में आजाने से दूर किया हुआ; hidden; placed apart due to something falling in between.

व्यवाय: मैथुन; sexual intercourse.

व्यष्टि: *f.* वैयक्तिकता; individuality.

व्यसनम् विपत्ति; दुर्भाग्य; बुरी आदत; fall; misfortune; bad habit, vice.

व्यसु निर्जीव; lifeless.

व्यस्त फेंका हुआ; पृथक् रूप से एक-एक

करके; समासरहित; विक्षुब्ध; thrown away; separately one by one; devoid of compound; agitated.

व्याकरणम् व्याकरण; grammar.

व्याकीर्ण बिखरा हुआ; scattered.

व्याकुल दुःख से भरा; किसी काम से घिरा हुआ; full of anxiety; busy in some undertaking.

व्याकूति: जालसाजी; fraud.

व्याकृत व्याख्या किया हुआ; बिगाड़ा हुआ; अलग किया हुआ; explained; disfigured; separated.

व्याख्या टीका; भाष्य; explanation; commentary.

व्याघात: रुकावट; प्रहार; वचन विरोध; obstacle; blow; contradiction.

व्याघ्र: बाघ; चीता; a tiger; leopard.

व्याज: बहाना; pretext.

व्याध: शिकारी; a hunter.

व्याधि: बीमारी; sickness.

व्याधूत: कांपा हुआ; कंपाया हुआ; trembling; shaken.

व्यान: समस्त शरीर में व्याप्त प्राणवायु; vital internal air diffused in whole body.

व्यापक किसी वस्तु के प्रत्येक कण में विद्यमान; diffusive in every particle of a thing.

व्यापत्ति: *f.* संकट; दुर्भाग्य; calamity; misfortune.

व्यापद् विपत्ति; calamity.

व्यापनम् व्याप्त होना; pervading.

व्यापन्न विपत्ति में पड़ा; मरा हुआ; fallen in trouble; dead.

व्यापाद: हत्या; slaying. *neu.* व्यापादनम्.

व्यापार: व्यवसाय; कार्य; प्रयत्न; profession; performance; effort.

व्यापिन् (*m.* व्यापी; *f.* व्यापिनी; *neu.* व्यापि)

व्याप्त करने वाला; pervading.

व्यापृत लगा हुआ; कर्मचारी; engaged; an employee.

व्याप्त व्यापक; pervaded.

व्यामोह: बुद्धि-विभ्रम; परेशानी; infatuation; perplexity.

व्यायत विस्तृत; गहरा; extended; deep.

व्यायाम: विस्तार करना; कसरत; stretching out; athletic or gymnastic exercise.

व्यायोग नाटक का एक प्रकार; a kind of drama.

व्याल: सांप; खूनी हाथी; a snake; vicious elephant.

व्यालोल चंचल; tremulous.

व्यावर्त: घेरना; चक्कर खाना; surrounding; going round.

व्यावर्तक अलग करने वाला; excluding. *n.neu.* व्यावर्तनम्. *n.f.* व्यावृत्ति: . *p.p.* व्यावृत्त.

व्यास: विस्तार; विश्लेषण; वृत्त की परिधि के दो बिन्दुओं को मिलाने वाली (केन्द्र से होकर जाने वाली) रेखा; महाभारत के रचयिता एक ऋषि; extension; analysis; diameter of a circle; name of a sage who composed the Mahābhārata.

व्यासक्त लगा हुआ; घबराया हुआ; attached; bewildered. *n.m.* व्यासङ्ग: .

व्याहत रोका हुआ; निराश; आतंकित; obstructed; disappointed; alarmed.

व्याहरणम् कहना; speaking. *adj.* व्याहृत कहा हुआ; said. *n.f.* व्याहृति: कथन; गायत्री के प्रारम्भ में लगने वाले तीन शब्द –भूः भुवः स्वः; expression; three words–भूः भुवः स्वः–prefixed before Gāyatrī.

व्युत्क्रम: उलट फेर; disorder. *adj.* व्युत्क्रान्त.

व्युत्थानम् विरोध में पूरी ताकत से खड़े होना; स्वतन्त्र कर्म; rising up against with full force; independent action.

व्युत्पत्ति: निर्वचन; पूरी जानकारी; विद्वत्ता; etymology; perfect proficiency; scholarship. *adj.*व्युत्पन्न.

व्युदास: एक ओर फेंकना; उपेक्षा; throwing aside; indifference. *adj.*व्युदस्त.

व्युपरम: समाप्ति; विराम; cessation; stop.

व्यूढ भलीभाँति स्थापित किया हुआ; विशाल; सटा हुआ; well arranged and placed; broad; compact. *n.m.*व्यूह: सेना; an army.

व्यृद्धि: समृद्ध का अभाव; बुरी किस्मत; want of prosperity; ill-luck.

व्योमन् (*neu.* व्योम) आकाश; sky.

व्रज् (भ्वा. P. व्रजति) जाना; to go. *n.neu.*व्रजनम्. *n.f.*व्रज्या साधु या भिक्षु के रूप में इधर-उधर घूमना; wandering about as a religious mendicant.

व्रज: समूह; ग्वालों का आवास; गोशाला; एक प्रदेश जहां कृष्ण गायें चराते थे; multitude; residence of cowherds; a cowshed; an area where Kṛṣṇa used to graze his cows.

व्रण् (भ्वा. P. व्रणति) शब्द करना; to sound.

व्रण: , -णम् घाव; wound. *adj.*व्रणित.

व्रत: , -तम् धार्मिक नियम धारण; a religious act of getting vows.

व्रतति: , -ती लता; फैलाव; creeper; expansion.

व्रह्मन् see व्रह्मन्.

व्रश्च् (तुदा. P. वृश्चति) काटना; to cut.

व्रात: समूह; multitude.

व्रीड् (दिवा. P. व्रीड्यति) लज्जित होना; to get ashamed. *n.f.*व्रीडा. *pp.*व्रीडित.

व्रीहि: चावल; rice.

श

शंस् (भ्वा. P. शंसति) कहना; प्रशंसा करना; to tell; to praise. *n.neu.*शंसनम्. *n.f.* शंसा. *pp.*शंसित.

शक् (स्वा. P. शक्नोति) समर्थ होना; योग्य होना; to have power; to be able. *pp.*शक्त.

शक: शालिवाहन संवत् जो ईसा संवत् से ७८ वर्ष बाद प्रारम्भ हुआ; a Śālivāhana era which began 78 years after Christian era.

शकट: , -टम् गाड़ी; a cart. *f.*शकटिका एक छोटी गाड़ी; a small cart.

शकल: भाग; खंड; a part; a piece. *pp.*शकलित.

शकार: राजा की रखैल का भाई; a brother of king's concubine.

शकुन: , शकुनि: पक्षी; a bird. *syn.* शकुन्त: , शकुन्तक: , शकुन्ति: . शकुनम् सगुन; an omen.

शकृत् मल, विष्ठा; ordure, excrement.

शक्त समर्थ; ताकतवर; capable; strong

शक्ति: *f.* योग्यता; बल; देवी; एक प्रकार का अस्त्र; शब्द में मूल अर्थ को प्रकट करने की योग्यता; ability; power; goddess; a kind of weapon; power of word to express a primary meaning. *w.d.*शक्य.

शक्र: इन्द्र; उल्लू; name of Indra; an owl.

शङ्क् (भ्वा. A. शङ्कते) शंका करना; to doubt. *pp.*शङ्कित. *n.f.*शङ्का.

शङ्कर: *n.* शिव; name of Śiva. *adj.*– आनन्द देने वाला; conferring happi-

ness.

शङ्कुः बर्छी; खूँटा; तीखी नोक वाली कोई वस्तु; घड़ी की सूई; एक नाप; a spear; a stake; anything with sharp end; a hand of a watch; a measure. *f.*शङ्कुला सरौता; एक प्रकार का चाकू; a pair of scissors; a kind of knife.

शङ्खः शंख; a conch.

शठ् (भ्वा. P. शठति) दुष्टता करना; to play foul. *adj.*शठ दुष्ट; rogue.

शणम् सन, पटसन; hemp.

शण्ढः हिजड़ा; eunuch.

शतम् सौ; hundred. शतकम् सौ का संग्रह; शताब्दी; a group of hundred; a century. शतधा सौ प्रकार से; in a hundred ways. शतशः सैंकड़ों बार, a hundred times. शतिक सौ से मोल लिया हुआ; सौ से संबन्धित; purchased by hundred; relating to a hundred. *m.*शतिन् सौ का मालिक; the owner of hundred.

शत्रुः दुश्मन; an enemy.

शत्वरी *f.* रात; night.

शनकैः *ind.* धीरे से; slowly.

शनिः शनैश्चर; एक ग्रह; Saturday; a planet.

शप् (भ्वा. U. शपति, -ते; दिवा. U. शप्यति, -ते) शाप देना; सौगन्ध खाना; शपथ लेना; to curse; to swear; to say on oath. *n.m.*शपथः. *pp.*शप्त.

शफरः एक प्रकार की मछली; a kind of fish.

शबरः एक असभ्य जाति; जल; a savage race; water.

शबल, शवल चितकबरा; variegated.

शब्द् (चुरा. U. शब्दयति, -ते) शब्द करना; to make a sound or noise. *n.m.*शब्दः ध्वनि; सार्थक ध्वनि; sound; word.

शम् (दिवा. P. शाम्यति) शांत होना; रुकना; बुझना; to be calm; to stop; to extinguish. *n.m.*शमः शांति; विरक्ति; समाप्ति; calmness; absence of passions; come to an end. *n.neu.* शमनम्. *pp.*शान्त.

शम् *ind.* आनन्द, मंगल को प्रकट करने वाला अव्यय; a particle meaning happiness, prosperity, etc.

शमी *f.* एक वृक्ष जिसमें आग रहती है; a tree containing fire.

शम्पा बिजली; lightning.

शम्बरम् जल; मेघ; धन; एक व्रत; water; cloud; wealth; a religious observance.

शम्बलः, -लम् किनारा; सफर-खर्च; पाथेय; a bank or shore; provisions for journey; viaticum.

शम्भली *f.* कुटिनी; a procuress.

शम्भुः शिव; कल्याणकारक; name of Śiva; granting happiness.

शय (–०) सोने वाला [जैसे–दिवाशय]; sleeping [as दिवाशय]. *n.m.*शयः हाथ; सांप; नींद; शय्या; शाप; hand; snake; sleep; bed; curse.

शय्या *f.* पलंग; बिस्तरा; a couch; bed. *neu.*शयनम्, शयनीयम्. *pp.*शयित.

शरः बाण; सफेद सरकंडा या घास; an arrow; a white reed or grass. शरम् जल; water. शाधिः तरकस; quiver.

शरणम् रक्षा; आश्रय स्थान; protection; shelter. *adj.*शरण्य रक्षक; रक्षा देने योग्य; protector; fit for protection. शरण्युः रक्षक; protector.

शरद् *f.* वर्षा के बाद की ऋतु; season after rains (autumnal season).

शरभः हाथी का बच्चा; ऊँट; टिड्डा; a young elephant; camel; locust.

शरव्यम् तीर का लक्ष्य; the target of an arrow.

शरावः सरवा, दीवला; ढकना; an earthen-

ware; a cover or lid.

शरीरम् देह; body.

शर्करा *f.* शक्कर; कंकड़ी; रेत; टुकड़ा; कोई भी कड़ा खंड; sugar; a gravel; sand; a fragment; any hard particle.

शर्मन् (*neu.* शर्म) आनन्द; happiness. *m.*शर्मा ब्राह्मण की उपाधि; an affix added to names of Brāhmaṇas.

शर्व: शिव या विष्णु; a name of Śiva or Viṣṇu. *f.*शर्वाणी देवी; the goddess.

शर्वरी *f.* रात; हल्दी; night; turmeric.

शलभ: टिड्डा; पंतगा; a locust; moth.

शलाका *f.* सलाई; बाण; अंकुर; कूची; a small stick used for painting eyes; an arrow; a sprout; a brush.

शल्कम्, शल्कलम् छाल; टुकड़ा; मछली का छिल्का; a bark; a piece; the scale of a fish.

शल्यम् बाण; बर्छी; कांटा; कोई नोकदार वस्तु; an arrow; a spear; a thorn; anything with pointed end.

शल्लकी हाथियों को प्रिय एक वृक्ष; सेही; a tree liked very much by elephants; a porcupine.

शव: लाश; corpse. शवम् जल; water.

शश: खरगोश; चन्द्रमा का कलंक; a hare; spots on the moon.

शशिन् (*m.* शशी) चन्द्रमा; the moon.

शश्वत् *ind.* निरन्तर; constantly.

शष्कुली, शस्कुली *f.* कान का गड्ढा; पूड़ी; orifice of the ear; a kind of fried cake.

शष्पम् नई घास; young grass.

शस्त प्रशंसा किया गया; वध किया हुआ; praised; killed.

शस्त्रम् हथियार; उपकरण; a weapon; an instrument.

शस्यम् धान्य; खेत की उपज; grain; a produce of a field.

शाक:, -कम् साग भाजी; खाने योग्य कोई हरे पत्ते; vegetable; edible green leaves.

शाकुनिक: चिड़ीमार; fowler. शाकुनिकम् शकुनों की व्याख्या; interpretation of omens.

शाखा *f.* डाली; भुजा; सम्प्रदाय; गुट; a branch; an arm; a school or sect; a faction. *hav.*शाखिन् (*m.* शाखी) वृक्ष; a tree. शाखोट:, शाखोटक: एक वृक्ष का नाम; name of a tree.

शाट:, -टी साड़ी; वस्त्र; a lower garment; a cloth. *syn.*शाटक:, शाटकम्.

शाठ्यम् दुष्टता; बेईमानी; villainy; fraud.

शाण पटसन का बना हुआ; flaxen or hampen.

शाण: कसौटी; सान रखने वाला पत्थर; चार माशे की तोल; a touchstone; a whetstone; a weight of 4 māśās. *p.p.*शाणित सान पर रक्खा हुआ; whetted. *n.f.*शाणी.

शात पैनाया हुआ; दुबला; सुन्दर; sharpened; thin; beautiful. *n.neu.* शातनम् तेज करना; sharpening.

शात्रव शत्रु संबन्धी; relating to an enemy. शात्रवम् शत्रुओं का समूह; group of enemies. *syn.*शात्रवीय.

शाद्वल:, -लम् घास से युक्त भूमि; हरियाली; grassy land; greenery.

शान्त प्रसन्न किया हुआ; बुझाया हुआ; दबाया हुआ; मृत; आवेशरहित; appeased; extinguished; hushed; dead; free from passions.

शाप: अभिशाप; सौगन्ध; फटकार; curse; an oath; abuse.

शाब्द शब्द संबन्धी; relating to word. शाब्दिक मौखिक; oral. शाब्दिक: वैयाकरण; a grammarian.

शाम्बरी बाजीगरी; jugglery.

शायक: बाण; an arrow.

शारङ्ग: चातक; मोर; भौंरा; हरिण; हाथी; cataka bird; a peacock; bee; deer; an elephant. शारङ्गी एक प्रकार का वाद्ययन्त्र; a particular musical instrument.

शारीरिक शरीर संबन्धी; bodily corporeal. *syn.*शारीर, शारीरक.

शार्ङ्ग:, -र्ङ्गम् धनुष; विष्णु का धनुष; a bow; a bow of Viṣṇu. *hav.*शार्ङ्गिन् (*m.* शार्ङ्गी) धनुषधारी; an archer.

शार्दूल: बाघ; चीता; tiger; leopard or panther. [(–०) प्रमुख या पूज्य; an eminent or foremost such as नरशार्दूल].

शाल (भ्वा. A. शालते) प्रशंसा करना; खुशामद करना; चमकना; युक्त होना; to praise; to flatter; to shine; to be endowed with.

शाल: एक वृक्ष; बाड़ा; a tree; an enclosure.

शाला *f.* कमरा; बैठक; घर; a room; a hall; a house.

शालि: चावल; rice.

शालिन् (*m.*शाली; *f.*शालिनी; *neu.*शालि) सहित; शोभित; endowed with; shining.

शालीन विनीत; लज्जाशील; modest; bashful.

शाल्मलि: सेमल; a tree having silkcotton.

शावक: बच्चा; child. *syn.*शाव: .

शाश्वत नित्य; चिरस्थायी; eternal; for all times to come.

शास् (अदा. P. शास्ति) शिक्षा देना; शासन करना; आज्ञा देना; उपदेश देना; to teach; to rule; to order; to instruct. *pp.*शिष्ट. *n.neu.*शासनम्. *pp.*शासित दण्डित; जिस पर राज्य किया गया; punished; governed. *sub.*शासितृ (शासिता) शासन करने वाला; ruler.

शास्तृ (*m.* शास्ता) अध्यापक; शासक; पिता; बौद्ध या जैन धर्म के गुरु; teacher; ruler; father; deified teacher of Buddha or Jaina sect.

शास्त्रम् विद्या-विभाग; ज्ञानपरक पुस्तक; उपदेशपरक पुस्तक; any department of knowledge; books of knowledge; books for instructions. *hav.*शास्त्रिन् (*m.*शास्त्री; *f.*शास्त्रिणी) शास्त्रों में पारंगत; skilled in knowledge. *adj.*शास्त्रीय शास्त्र से अनुमोदित; supported by precepts.

शि (स्वा. U. शिनोति, शिनुते) तेज़ करना; उत्तेजित करना; तीक्ष्ण होना; to whet; to excite; to be sharp.

शिंशपा शीशम् tree.

शिक्थम् मोम; wax.

शिक्यम् छींका; a swing made of rope for keeping food, etc.

शिक्ष् (भ्वा. A. शिक्षते) सीखना; to learn. *sub.*शिक्षक: सिखाने वाला; teacher. *p.p.*शिक्षित पढ़ा हुआ; educated. *n.neu.*शिक्षणम्. *n.f.*शिक्षा अध्ययन; education.

शिखण्ड: मोर की पूँछ; मुण्डन के समय रक्खी गई चोटी; a peacock's tail; a lock of hair left on the head at tonsure. *syn.*शिखण्डक: . *hav.* शिखाण्डिन् (शिखण्डी) मोर; a peacock. *f.*शिखण्डिनी मोरनी; a she-peacock.

शिखर:, -रम् चोटी; सबसे ऊपरी भाग; कलंगी; bristling hair; peak; crest.

शिखरिन् *adj.* चोटी वाला; crested. *n.m.*– पहाड़; वृक्ष; a mountain; a tree. *f.*शिखरिणी.

शिखा चोटी; कलंगी; सबसे ऊपरी भाग; lock of hair; crest; summit. *hav.*शिखिन्

(शिखी) मोर; a peacock.

शिञ्ज् (भ्वा. A. शिञ्जते; अदा. A. शिङ्क्ते; चुरा. U. शिञ्जयति, -ते) झनझनाना, टनटनाना; tinkling or jingling sound. *n.m.*शिञ्जः. *f.*शिञ्जा. *pp.* शिञ्जित.

शिञ्जिनी *f.* धनुष की डोरी; a bow string.

शित तेज किया हुआ; पतला; sharpened; thin.

शिति श्वेत; काला; white; black.

शिथिल ढीला; कमजोर; loose; weak.

शिबिका पालकी; a palanquin.

शिविरम् तंबू; खेमा; a camp; a royal camp.

शिरस् (*neu.* शिरः) सिर; head.

शिरीषः सिरस का पेड़; name of a tree.

शिलः, -लम् सिल्ला बीनना (खेत में छुटी हुई बालें चुनना); gleaning corn ears.

शिला चट्टान; चौखट के नीचे की लकड़ी; rock; the lower timber of a door.

शिलीन्ध्रः एक वृक्ष; a tree. *neu.*शिलीन्ध्रम् कुकुरमुत्ता; केले का फूल; a mushroom; a plantain flower.

शिलीमुखः वाण; भौंरा; an arrow; a bee.

शिल्पम् कारीगरी; कला; craft; art.

शिव मंगलदायक; propitious. शिवम् मंगल; कल्याण; happiness; welfare. शिवः शंकर; the god Śiva. शिवा पार्वती; गीदड़ी; goddess Pārvatī; a she-jackal.

शिवकः खूंटा; खम्भा; a post to tie cattles; a pole.

शिशिर ठंडा; cold. *n.neu.*शिशिरम् जाड़े का मौसम; ठंडक; पाला; the winter season; coldness; frost.

शिशुः बालक; किसी भी जानवर का बच्चा; an infant; the young of any animal.

शिश्नम्, शिस्नम् पुरुष की जननेन्द्रिय; penis or male organ.

शिष्ट बाकी बचा; विद्वान्; श्रेष्ठ; नम्र; remaining; learned; virtuous; modest. शिष्यः चेला; disciple or pupil.

शी (अदा. A. शेते) लेटना; सोना; to lie down; to sleep. *pp.*शयित.

शीकरः जलकण; तुषारकण; a drop of water; a drop of frost.

शीघ्र फुर्तीला; speedy. *adv.*शीघ्रम् जल्दी से; quickly.

शीत् *ind.* कष्ट या आनन्द को प्रकट करने वाला शब्द; संभोग काल में स्त्री द्वारा उच्चरित आनन्द का शब्द; a sound in general expressing pain or pleasure; a sound of pleasure pronounced by ladies during intercourse.

शीत ठंडा; cold. शीतः जाड़े की ऋतु; cold season. शीतम् ठंडक; coldness.

शीतल ठंडा; cold.

शीतला *f.* चेचक; चेचक की अधिष्ठात्री देवी; small-pox; the goddess presiding over small-pox.

शीधु मदिरा (विशेषरूप से अंगूरी शराब); liquor (specially grape wine).

शीर्ण टूटा-फूटा; सूखा; कुम्हलाया; shattered; dry; withered.

शीर्षम् सिर; head.

शीर्षकम् शिरस्त्राण; 'टाइटल्'; the helmet; heading.

शील् (भ्वा. P. शीलति; चुरा. U. शीलयति, -ते) अभ्यास करना; प्रयोग करना; चिन्तन करना; to practise; to use; to ponder over. *n.neu.*शीलनम्. *pp.* शीलित.

शीलम् स्वभाव; चरित्र; अच्छा स्वभाव; सद्गुण; nature; character; good nature; virtue.

शुकः तोता; a parrot.

शुक्तिः सीप; मोती की सीप; दो कर्ष की तोल;

an oyster; pearl oyster; a measure of two Karṣas.

शुक्रः एक ग्रह; दैत्य-गुरु; a planet Venus; the preceptor of Asuras. शुक्रम् वीर्य; semen virile.

शुच् (भ्वा. P. शोचति) शोक करना; पछताना; to mourn; to repent.

शुचः , शुचा *f.* शोक; grief.

शुचि *adj.* पवित्र; श्वेत; सद्‌गुणी; सच्चा; pure; white; virtuous; honest.

शुण्डः सूंड; हाथी का मद; elephant's trunk; ichor, juice issuing from temples of elephant in rut. *syn.* शुण्डा.

शुद्ध साफ; पवित्र; सही; कर्ज से मुक्ति; केवल; अमिश्रित; clean; pure; correct; clearance of debt; mere; unmixed. शुद्धान्तः- रनवास; king's female apartment.

शुध् (दिवा. P. शुध्यति) शुद्ध या पवित्र होना; शुभ होना; to become pure; to be auspicious.

शुनकः कुत्ता; a dog.

शुनाशीरः , शुनासीरः इन्द्र का नाम; उल्लू; name of Indra; an owl.

शुभ् (भ्वा. A. शोभते) शोभित होना; उपयुक्त होना; लाभकर लगना; to shine; to be proper; to appear advantageous.

शुभ अच्छा; सुन्दर; मांगलिक; good; beautiful; auspicious. शुभम् कल्याण; good luck.

शुभ्र उज्ज्वल; श्वेत; bright; white.

शुल्कः , शुल्कम् चुंगी; कर; सौदे के लिये दिया गया धन; दहेज; toll; tax; money given as bargain; dowry.

शुल्वम्, शुल्बम् तांबा; रस्सी; जल का निकटवर्ती स्थान; copper; rope; a place near water.

शुश्रूषकः सेवा करने वाला; an attendant.

शुष् (दिवा. P. शुष्यति) सूखना; to get dry. *pp.* शुष्क.

शुषः सूखना; drying.

शूकः , शूकम् जौ की बाल; कोई नोकदार चीज़; नोक; एक प्रकार का विषैला कीड़ा; the awn of barley; something with sharp end; sharp end; a kind of poisonous insect.

शूकरः सूअर; a hog, boar.

शूद्रः अन्तिम (चौथे) वर्ण का पुरुष; a man of last (fourth) stratum in Hindu society.

शून सूजा हुआ; बढ़ा हुआ; swollen; increased.

शूना जीव हिंसा के स्थान; कसाईखाना; anything whereby life is likely to be destroyed; a slaughter house.

शून्य खाली; सूनी स्थिति; एकान्त; वंचित; empty; vacant situation [such as vacant sight]; lonely place; deprived.

शूर वीर; brave. शूरः वीर पुरुष; सूर्य; a warrior; the sun.

शूर्पः , शूर्पम् छाज; a winnowing-basket.

शूल् (भ्वा. P. शूलति) बीमार होना; बिगाड़ना; कोलाहल करना; to be ill; to disorder; to make loud noise. *n.m.neu.* शूलः , शूलम् नोकदार पैना हथियार; त्रिशूल; पेट की पीड़ा; सामान्य पीड़ा; pointed sharp weapon; the trident of Śiva; abdominal pain; pain in general. *hav.* शूलिन् (शूली) शिव; name of Śiva.

शृगालः सियार; a jackal.

शृङ्गम् सींग; चोटी; कामवासना का उत्थान; horn; any peak; excess of love desire. *hav.* शृङ्गिन् (शृङ्गी) सींगों वाला; चोटी वाला (पहाड़ इत्यादि); having horns; having peak (of a moun-

tain).

शृङ्गार: शरीर की सजावट; रति का रस जो काव्य या नाट्य के परिशीलन से प्राप्त होता है; make up of body; the sentiment of love or passion in poetry or drama.

शृत पकाया हुआ; उबाला हुआ; cooked; boiled.

शॄ (क्र्या. P. शृणाति) फाड़ डालना; क्षति पहुंचाना; मार डालना; to tear asunder; to hurt; to kill.

शेखर: कलंगी; सिर की माला; मुकुट; चोटी; a crest; a garland worn on head; a diadem; a peak.

शेप:, शेपस् पुरुष की जननेन्द्रिय; अंडकोष; पूँछ; male organ; testicle; tail. *syn.*शेफ:, शेव:, शेवम् पुरुष की जननेन्द्रिय; male organ.

शेफालि:, -ली, -लिका फूलों का पौधा; a kind of flower plant.

शेमुषी *f.* बुद्धि; intellect.

शेवधि: बहुमूल्य कोष; a valuable treasure.

शेवलम् सिवार; एक प्रकार का पौधा; a green moss-like substance growing on water surface; a kind of plant. *syn.*शेवाल:. शेवलिनी नदी; a river.

शेष बचा हुआ; remaining. शेष:, शेषम् बची हुई कोई वस्तु या बात; remainder of some substance or saying.

शैक्षिक शिक्षा संबन्धी; relating to education. शैक्षिक: शिक्षा में निपुण; a scholar. शैक्ष्यम् प्रवीणता; proficiency.

शैघ्र्यम् जल्दबाजी; quickness.

शैत्यम् ठंढक; coldness.

शैथिल्यम् ढीलापन; slackness.

शैल: पहाड़; पहाड़ी; बडी चट्टान; mountain; hill; a big rock. शैलेय: पहाड़ से उत्पन्न; पथरीला; produced from rocks; mountainous.

शैलालिन् अभिनेता; नर्तक; actor; dancer.

शैली किसी बात को कहने या प्रकट करने का ढंग; style of saying or expressing.

शैलूष: अभिनेता; नर्तक; गायक-वादक; बाजा बजाने वालों का नायक; actor; dancer; musician; head of a band. शैलूषिक: अभिनय इत्यादि से आजीविका करने वाला; one who earns livelihood by acting, etc.

शैव शिव संबन्धी; relating to Śiva. शैव: शिव का उपासक; a devotee of Śiva.

शैवल: काई; सिवार; moss; a kind of aquatic plant. *syn.*शैवाल. *hav.f.* शैवलिनी नदी; river.

शैशव बचपन; childhood.

शैशिर जाड़े से संबन्धित; connected with winter season.

शो (दिवा. P.- श्यति) पैना करना; पतला करना; to sharpen; to make thin. *pp.*शित.

शोक: दु:ख; sorrow. *neu.*शोचनम्. *w.d.*शोच्य.

शोचिस् (*neu.* शोचि:) प्रकाश; ज्वाला; light; flame.

शोण लाल; red.

शोणित लाल; red. शोणितम् खून; केसर; blood; saffron.

शोथ: सूजन; swelling.

शोध: शुद्ध करने का संस्कार; ऋण भुगतान; बदला; purification; paying off debts, etc.; retaliation. *sub.* शोधक. *n.neu.*शोधनम्. *p.p.*शोधित. *w.d.*शोध्य.

शोफ: सूजन; रसोली; swelling; tumour.

शोभन सुन्दर; शुभ; handsome; auspi-

cious. *n.f.*शोभा. *p.p.*शोभित.

शोष: सूखना; दुबलापन; क्षयरोग; dryness; withering up; consumption. **शोषणम्** सुखाना; drying up. *p.p.* शोषित. *sub.*शोषिन् (शोषी) सुखाने वाला; drier.

शौक्तिक मोती से संबन्ध रखने वाला; खट्टा; तेजाबी; relating to pearl; sour; acidic.

शौक्ल्यम् सफेदी; whiteness.

शौचम् पवित्रता; स्वच्छता; मलत्याग के द्वारा शुद्धीकरण; किसी संबन्धी के मर जाने के बाद शुद्धीकरण; purity; cleanliness; purification by excrement; purification after the death of a relative.

शौटीर घमंडी; proud. **शौटीर:** योद्धा; संन्यासी; champion; an ascetic. **शौटीर्यम्** घमंड; arrogance.

शौण्ड शराबी; कुशल [सप्तमी के साथ प्रयुक्त होता है]; addicted to drinking; skilled [used with locative]. *f.*शौण्डी. *m.*शौण्डिक: शराब बेचने वाला; seller of liquor.

शौण्डीर घमंडी; ऊँचा; proud; raised up.

शौद्र शूद्र से संबन्धित; related with Śūdra.

शौभिक: मदारी; शिकारी; a juggler; a hunter.

शौरसेनी मथुरा के आसपास की प्राकृत भाषा; Prakrit dialect of Mathura and suburbs..

शौर्यम् वीरता; bravery.

शौवस्तिक आगामी कल से संबन्धित; आगामी कल तक ठहरने वाला; belonging to tomorrow; lasting till tomorrow.

श्चुत्, श्च्युत् (भ्वा. P. श्च्योतति) टपकना; रिसना; उड़ेलना; to trickle; to ooze; to pour out. *n.neu.*श्च्योतनम्.

श्मशानम् मरघट; a cemetery.

श्मश्रु दाढी-मूँछ; the beard and moustache.

श्यान जमा हुआ; चिपकना; घना; सूखा; गया हुआ; frozen; sticky; thick; dry; gone.

श्याम काला; गहरा नीला; black; dark blue. *adj.*श्यामल.

श्यामा *f.* रात; काली स्त्री; जवान स्त्री; एक लता; night; a woman of dark colour; youthful woman; a creeper.

श्याल: साला; wife's brother. *syn.* श्यालक:.

श्याव भूरा; काला; dark brown; dark

श्येन: सफेद रंग; बाज; white colour; a hawk.

श्यै (भ्वा. A. श्यायते) जाना; जम जाना; सूख जाना; कुम्हलाना; to go; to be congealed; to dry up; to wither. *pp.*श्यान, शीत, शीन.

श्रथ् (भ्वा. P. श्रथति; क्र्या. P. श्रथ्नाति) चोट पहुँचाना; मार डालना; to hurt; to kill. *n.neu.*श्रथनम्.

श्रद्धा *f.* गुणों के प्रति हर्षमिश्रित आदर की भावना; विश्वास; respect with pleasure towards virtues; faith. *adj.*श्रद्धालु विश्वास से भरा; full of faith.

श्रन्थ् (भ्वा. A. श्रन्थते) शिथिल होना; ढीला करना; to be loose; to loosen. *n.neu.*श्रन्थनम्.

श्रपणम् उबालना; to boil. *p.p.*श्रपित.

श्रम् (दिवा. P. श्राम्यति) थक जाना; उद्योग करना; to get tired; to toil. *pp.*श्रान्त. *n.m.*श्रम: परिश्रम; थकावट; labour; fatigue.

श्रमण: संन्यासी; बौद्धभिक्षु; ascetic; Buddhist monk.

श्रवण:, श्रवणम् *n.* कान; the ear.

n.neu. श्रवणम् सुनना; the act of hearing.

श्रवस् (*neu.* श्रवः) कान; ख्याति; the ear; fame.

श्राद्धम् मृत संबन्धियों की स्मृति में किया गया संस्कार; ceremony performed in honour of departed relatives.

श्रान्तिः *f.* थकावट; exhaustion.

श्रावः सुनना; hearing. श्रावकः सुनने वाला; शिष्य; बौद्ध सन्तों का एक वर्ग; a hearer; a pupil; a class of Buddhist saints.

श्रावणः जुलाई-अगस्त में पड़ने वाला एक महीना; a month falling in July-August.

श्रि (भ्वा. U. श्रयति, -ते) सहारा लेना; प्राप्त होना; चिपकना; to have recourse to; to reach; to cling to. *adj.* श्रित.

श्री (*f.* श्रीः) संपत्ति; शोभा; संपत्ति और शोभा की देवी; wealth; lustre; goddess of wealth and lustre. *hav.* श्रीमत् (श्रीमान्, श्रीमती, श्रीमत्). *adj.* श्रील धनवान्; wealthy.

श्रु (स्वा. P. शृणोति) सुनना; आज्ञा मानना; to hear; to obey. *pp.* श्रुत. *n.f.* श्रुतिः सुनने की क्रिया; कान; अफवाह; पवित्र ग्रन्थ; hearing; an ear; rumour; sacred books.

श्रेणिः कतार; पंक्ति; दल; समूह; row; series; group; flock.

श्रेयस् *adj.com.* अपेक्षाकृत अधिक अच्छा; better. *m.*– अच्छे गुण; सौभाग्य; virtue; bliss. (अतिशायन; superlative) श्रेष्ठ.

श्रेष्ठिन् सेठ; किसी व्यापार संघ का प्रधान; a wealthy businessman; a head of a trade organisation.

श्रोणिः (*f.* श्रोणी) कूल्हा; चूतड़; loins; buttocks or hips.

श्रोतस् (*neu.* श्रोतः) धारा; कान; current; ear.

श्रोतृ (*m.* श्रोता) सुनने वाला; the hearer. *n.neu.* श्रोत्रम् कान; ear.

श्रोत्रिय विद्वान्; उच्च श्रेणी का शिष्य; scholar; pupil of high calibre.

श्रौत कान से संबन्धित; वैदिक; relating to ear; relating to Vedas. *n.neu.* श्रौतम् वेद विहित कार्य; यज्ञ की अग्नि को सुरक्षित रखना; ritual enjoined by the Vedas; preservation of sacred fires.

श्लक्ष्ण कोमल; चिकना; सूक्ष्म; सुन्दर; soft; smooth; delicate; beautiful.

श्लथ् (चुरा. U. श्लथयति, -ते) ढीला होना; ढीला करना; कमजोर करना; to be loosened; to loosen; to weaken. *adj.* श्लथ ढीला; न बँधा हुआ; बिखरा हुआ; loose; untied; dishevelled.

श्लाघ् (भ्वा. A. श्लाघते) प्रशंसा करना; खुशामद करके काम निकालना; to praise; to flatter. *n.neu.* श्लाघनम्. *n.f.* श्लाघा प्रशंसा; praise. *pp.* श्लाघित. *adj.* श्लाघ्य प्रशंसनीय; praiseworthy.

श्लिष् (दिवा. P. श्लिष्यति) भेंटना; मिलना; जमे रहना; to embrace; to join; to stick. *pp.* श्लिष्ट मिला हुआ; दो-अर्थक (शब्द); clung to; (word) having double meaning.

श्लील भाग्यशाली; शिष्ट; lucky; decent.

श्लेषः आलिंगन; चिपकना; अनेकार्थक शब्दों का प्रयोग; an embrace; clinging to; pun.

श्लेष्मन् (*m.* श्लेष्मा) बलगम; phlegm.

श्लोक् (भ्वा. A. श्लोकते) प्रशंसा करना; पद्य रचना करना; to praise; to compose verse. *n.m.* श्लोकः पद्य; ख्याति; पद्यमय प्रशंसा; verse; fame; praising in verse.

श्वन् (*m.* श्वा) कुत्ता; a dog.

श्वभ्रम् रन्ध्र; विवर; a hole; a chasm.

श्वशुरः ससुर; father-in-law (wife's or husband's father).

श्वश्रूः *f.* सास; mother-in-law (wife's or husband's mother).

श्वस् (अदा. P. श्वसिति) सांस लेना; आह भरना; to breathe; to sigh. *pp.* श्वसित. *n.m.*श्वसनः वायु; air. *n.neu.* श्वसनम् सांस; breath. *n.m.*श्वासः सांस; breath.

श्वस् (*ind.* श्वः) आने वाला कल; tomorrow.

श्वापदः शिकारी जानवर; जंगली जानवर; a beast of prey; wild animal.

श्वेत सफेद; white. श्वेतः सफेद रंग; white colour.

श्वैत्यम् सफेदी; whiteness.

श्वैत्रम् शरीर पर सफेद दाग; white leprosy. *syn.* श्वैत्यम्; श्वैत्र्यम्.

ष

षट्क छह गुना; six times. *n.*षट्कम् छह का समूह; a group of six. षड्धा छह प्रकार से; in six ways. *syn.*षोढा.

षण्ढः हिजड़ा; नपुंसक; eunuch; impotent.

षष् (*pl.* षट्) छह; six.

षष्टिः साठ; sixty. षष्टितमः साठवां; sixtieth.

षष्ठ छठा; sixth.

षष्ठी चान्द्रमास के प्रत्येक पक्ष का छठा दिन; sixth day of a lunar fortnight.

षाडवः एक राग जिसमें छह स्वर प्रयुक्त होते हैं; a song or tune in which six out of seven primary notes are used.

षाड्गुण्यम् छह गुणों का समूह; राजा की छह नीतियाँ; a group of six qualities; six measures used in politics.

षाण्मातुरः छह माताओं के गर्भ से उत्पन्न, स्वामि कार्त्तिकेय; born of six mothers, Svāmi Kārttikeya.

षाण्मासिकः छमाही; six monthly.

षोडश सोलहवां; sixteenth. षोडशन् (*pl.* षोडश) सोलह; sixteen.

ष्ठिव् (भ्वा. P. ष्ठीवति; दिवा. P. ष्ठीव्यति) थूकना; to spit. *n.neu.*ष्ठीवनम्.

स

स (० –) सु उपसर्ग का एक रूप जो शब्दों से पहले इन अर्थों में जुड़ता है–के साथ [सपुत्रः]; समान [सवर्ण]; एक जैसा [सपक्षः, सोदरः]; a form of सु prefix in the sense of-'along with' [सपुत्रः]; 'similar' [सवर्ण]; 'of the same kind' [सपक्षः, सोदरः].

संयत् *f.* युद्ध; battle.

संयत रोका हुआ; बन्दी; व्यवस्थित; restrained; captive; controlled. *n.m.*संयमः रोकथाम; इन्द्रियों पर नियन्त्रण; restraint; control of senses. *n.neu.*संयमनम् नियन्त्रण; controlling. *p.p.*संयमित. *hav.*संयमिन् (*m.* संयमी).

संयावः हलुवा; गेहूँ के आटे का बना कोई मिष्ठान्न; porridge; sweetmeats made of wheat flour.

संयुक्त मिला हुआ; joined.

संयुगः युद्ध; battle, war.

संयुत मिला हुआ; joined.

संयोगः मिलन; जोड़; संभोग; contact; addition; intimate union, intercourse.

संरक्षणम् रक्षा करना; protection.

संरब्ध उत्तेजित; excited.

संरम्भः उत्तेजना; प्रारम्भ; क्रोध; excitement; beginning; rage.

संरावः शोरगुल; tumult.

संरुद्ध रोका हुआ; रुका हुआ; ढका हुआ; blocked; stopped; covered.

संरूढ उगा हुआ; साथ-साथ उगा हुआ; घाव भरा हुआ; sprouted; grown together; healed.

संलग्न जुड़ा हुआ; घनिष्ठ; united with or attached; closely attached.

संलीढ चाटा हुआ; उपभुक्त; licked up; enjoyed.

संलीन मिला हुआ; सिकुड़ा हुआ; छिपाया हुआ; clung; shrunk; concealed.

संवत्सरः वर्ष; विक्रम संवत्; year; a year of Vikramāditya era. *syn.* संवत्.

संवदनम् मिलकर बात करना; talking together.

संवरः ढक्कन; संकोचन; बाँध या पुल; covering; contraction; a dam or bridge.

संवरणम् आवरण; छिपाव; बहाना; छलपूर्ण वेश; covering; concealment; pretext; a disguise.

संवर्तः मुड़ना; प्रलय; प्रलयकालीन बादल; संग्रह; turning towards; destruction of world; clouds at the time of destruction of the world; a collection.

संवर्तकः प्रलयाग्नि; बडवानल; एक प्रकार का बादल; fire at the time of universal destruction; submarine fire; a kind of cloud.

संवलित मिलित; met together.

संवादः बातचीत; dialogue. संवादिन् (*m.* संवादी) बातचीत करने वाला; मेल खाने वाला; talking together; resembling.

संवासः एक साथ रहना; घर; living together; dwelling place.

संवाहः ले जाना; मालिश करना या शरीर दबाना; मालिश करने वाला; carrying; rubbing oil on body or massage; masseur or shampooer. संवाहकः मालिश करने वाला; masseur. संवाहनम् मालिश करना; massaging.

संविग्न उत्तेजित; डरा हुआ; agitated; frightened.

संवित्तिः *f.* ज्ञान; पहिचान; knowledge; recognition. *f.* संविद् ज्ञान; अनुबन्ध; युद्ध; knowledge; agreement; fight. संविदा करार; ठेका; वायदा; agreement; covenant; promise.

संविदात प्रतिभाशाली; सामंजस्यपूर्ण; intelligent; harmonious. संविदित जाना हुआ; known.

संविधानम् व्यवस्था; आयोजन; प्रमुख कानून; arrangement; plan, arrangement of incidents; constitution. संविधानकम् नाटक में घटनाओं का क्रम; कथानक; नगर रक्षण; arrangement of events in a drama;-a plot; defence of a town.

संविभागः विभाजन; भाग या अंश; dividing; portion or share.

संवीत वस्त्रों से सज्जित; ढका हुआ; आभूषित; clothed; covered; adorned.

संवृत ढका हुआ; छिपा हुआ; सिकुड़ा हुआ; covered; closed; contracted. *n.f.* संवृतिः ढकना; छिपाना; सिकुड़ना; covering; hiding; contraction.

संवृत्त घटित हुआ; ढका हुआ; संचित; happened; covered; heaped. *n.f.* संवृत्तिः होना; ढकना; happening; covering.

संवेगः उत्तेजना; तेज गति; जल्दबाजी; agitation; violent speed; haste.

संवेदः जानकारी; प्रत्यक्ष ज्ञान; चेतना; knowledge; perception; feeling.

संवेश: लेटना; निद्रा; मैथुन; lying down; sleep; cohabitation. **संवेशनम्** मैथुन; intercourse.

संव्यानम् आवरण; वस्त्र; covering; cloth.

संशप्तक: युद्ध से मुंह न मोड़ने के लिये प्रतिज्ञा किया हुआ सैनिक; किसी अन्य को युद्ध से भागने से रोकने के लिये युद्ध करने वाला सैनिक; छंटा हुआ सैनिक; a soldier under vow not to recede from battle; a soldier fighting to prevent some other from flight from battle; selected warrior.

संशय: संदेह; doubt.

संशयान संदेह करने वाला; doubtful.

संशोधन शुद्ध करना; सुधार का प्रस्ताव; purification; amendment.

संश्रय: सहारा; आवास स्थान; संबन्धित; shelter; dwelling place; concerning with. *pp.*संश्रित सहारा दिया हुआ; supported.

संश्रव: ध्यानपूर्वक सुनना; प्रतिज्ञा; करार; वायदा; hearing attentively; a vow; an agreement; a promise.

संश्लिष्ट जुड़ा हुआ; आलिंगित; joined; embraced. **संश्लेष:** आलिंगन; मिलाप; embrace; contact.

संसक्त जुड़ा हुआ; निकट; गड़बड़ करके मिलाया हुआ; लगा हुआ; stuck together; near; mixed without any order; engaged. *n.f.*संसक्ति: घनिष्ट मिलन; किसी कार्य में व्यस्तता; close adherence; being busy with devotion in some action.

संसद् सभा; सम्मिलन; assembly; meeting.

संसर्ग: संपर्क; संमिश्रण; मैथुन; contact; commixture; copulation.

संसार: दुनिया; world. *con.*संसारिन् लौकिक; worldly.

संसृति: मार्ग; धारा; संसारचक्र; सृष्टि; course; current; course of world; creation.

संसृष्टि: *f.* मिलाप; संग्रह; union; a collection. *adj.*संसृष्ट मिला हुआ; united.

संस्कर्तृ शुद्ध करने वाला; भोजन बनाने वाला; तैयार करने वाला; one who refines or polishes; a cook; one who prepares for use.

संस्कार: सुधार; अच्छी अवस्था में लाना; तैयार करना; refinement; rendering in a good condition; preparation. *syn.n.f.*संस्क्रिया. *p.p.*संस्कृत संस्कार किया; accurately formed; a language formed accurately according to grammatical rules.

संस्तर: बिस्तर; पलंग; यज्ञ; a bed; couch; a religious sacrifice.

संस्तव: प्रशंसा; स्तुति; घनिष्ठ परिचय; praise; eulogy; intimate acquaintance. *syn.n.f.*संस्तुति: . *adj.*संस्तुत.

संस्थ अवस्थित; मृत; staying; dead. *n.f.*संस्था सभा; एक ही उद्देश्य से मिले हुये व्यक्तियों का समाज; an organisation; a society of people met with the same aim.

संस्थानम् संचय; रूप; पड़ोस; सार्वजनिक स्थान; स्थिति; मृत्यु; collection; shape; vicinity; common place; situation; death. *pp.*संस्थित साथ-साथ खड़ा होने वाला; रक्खा हुआ; मरा हुआ; standing together; placed; dead. *n.f.*संस्थिति: .

संस्रव:, -स्राव: बहना; टपकना; एक प्रकार का चढ़ावा या तर्पण; flowing; trickling; a kind of offering or libation.

संहत मिला हुआ; भलीभाँति जुड़ा हुआ; संघात; united together; closely joined; assembled. *n.f.*संहति: . *n.neu.*संहननम् सघनता; compact-

ness.

संहरणम् एकत्र करना; समेटना; ग्रहण करना; नष्ट करना; gathering; contracting; seizing; destroying.

संहार: साथ-साथ लाना; संकुचित करना; रोक देना; विनाश; उपसंहार; समेटना; bringing together; contraction; restraining; destruction; conclusion; withdrawal.

संहित मिला हुआ; सहमत; संचित; सुसज्जित; placed together; agreeing with; collected; furnished.

संहिता *f.* संग्रह; संकलन; नियमावली; union; compilation; compilation of laws.

संहृत समेटा हुआ; एकत्र किया हुआ; contracted together; collected. *n.f.* संहृति: .

सकर्मक कर्मशील; क्रिया जिसके साथ कर्म का भी पृथक् प्रयोग हो; performing any act; a verb which needs a separate object, transitive verb.

सकल सम्पूर्ण; whole.

सकाश निकट; near. सकाश: निकटता; nearness.

सकुल्य: उसी वंश का; one of the same family.

सकृत् एक ही बार; एक बार; only for once; for one time.

सकैतव धोखा देने वाला; fraudulent. सकैतव: ठग; a cheat.

सक्त चिपका हुआ; भक्त; जड़ा हुआ; stuck to; devoted; fixed. *n.f.* सक्ति: .

सक्तु सत्तू; the flour of fried grains (barley, etc.).

सक्थि जांघ; हड्डी; गाड़ी का लट्ठा; the thigh; a bone; pole or shaft of a carriage.

सखि (*m.* सखा; *f.* सखी) मित्र; a friend. *abs.* सख्यम् मित्रता; friendship.

सगर्भ: , -र्भ्य: सहोदर, सगा भाई; a brother of whole blood.

सगुण गुणवान्; सांसारिक; डोरी से युक्त; having good qualities; worldly; furnished with a string.

सगोत्र एक ही वंश का; being of the same family.

सङ्कट संकरा; अगम्य; narrow; impassable. सङ्कटम् कष्ट; जोखिम; difficulty; peril.

सङ्कथा *f.* बातचीत; conversation.

सङ्कर: संमिश्रण; जातियों का घोलमेल जिससे अवैध सन्तान उत्पन्न होती है; blending together; mixture of races (unlawful intermarriage resulting in hybrid offspring).

सङ्कर्षणम् खींचना; जोतना; the act of drawing near; ploughing.

सङ्कलनम्, -ना *f.* एकत्र करना; जोड़; heaping together; addition (in Maths.). *pp.* सङ्कलित.

सङ्कल्प: दृढ़निश्चय; कल्पना; चिन्तन, विचार; firm decision; fancy; thought.

सङ्काश समान; नज़दीक; like or similar; near. सङ्काश: निकटता; vicinity.

सङ्कीर्ण मिलाया हुआ; अव्यवस्थित; बिखरा हुआ; दोगला; सिकुड़ा हुआ; intermingled; confused; scattered; one of the mixed castes; narrow.

सङ्कीर्तनम्, -ना *f.* प्रशंसा करना; प्रशंसा में गाना; praising; singing in praise.

सङ्कुल खचाखच भरा; पूर्ण; crowded; filled with. सङ्कुलम् भीड़; crowd.

सङ्केत: इशारा; निशानी; a hint; a token.

सङ्कोच: सिकुड़ना; झिझक; shrinking; hesitation.

सङ्क्रम: जाना; लांघना; स्थानान्तरण; traversing; crossing; transfer.

*syn.neu.*सङ्क्रमणम्. *f.*सङ्क्रान्तिः किसी ग्रह का एक राशि से दूसरी राशि पर जाना; the passing of sun or any other planetary body from one zodiacal sign into another. *p.p.*सङ्क्रान्त.

सङ्क्षयः विनाश; destruction.

सङ्क्षेपः छोटा करना, सार; abridgement.

सङ्ख्यम् युद्ध; battle.

सङ्ख्या (संख्या) *f.* अंक; number.

सङ्गः साथ मिलाना; साहचर्य; joining together; company. *p.p.*सङ्गत मिला हुआ; joined. *n.m.*सङ्गमः मिलना; meeting. *n.f.*सङ्गतिः साथ; company.

सङ्गरः युद्ध; करार; battle; promise or agreement.

सङ्गीतम् गाना; सहगान; music; chorus. सङ्गीतकम् संगीतगोष्ठी; concert (entertainment through music in an assembly).

सङ्ग्रहः ग्रहण करना; संचय; grasp; accumulation. *n.neu.*सङ्ग्रहणम्. *sub.* सङ्ग्रहीतृ (सङ्ग्रहीता) सारथी; a charioteer.

सङ्ग्रामः युद्ध; battle.

सङ्घः समूह; एक साथ रहने वाले लोगों का समूह; a group; group of people living together.

सङ्घटनम्, -ना मिलाकर रगड़ना; टक्कर; घनिष्ट संपर्क; rubbing together; clash; close contact. *syn.*सङ्घट्टः.

सङ्घर्षः रगड़ना; टक्कर; प्रतिद्वंद्विता; rubbing; clash; rivalry.

सङ्घातः समुदाय; वध; multitude; killing.

सचिवः किसी कार्य का अधिकारी; मंत्री; मित्र; secretary; minister; friend.

सचेतन जीवधारी; चेतनायुक्त; animate; conscious.

सचेतस् बुद्धिमान्; भावुक; intelligent; possessed of feelings.

सज्ज तैयार; संवारा हुआ; prepared; fully equipped.

सज्जनः अच्छा आदमी; a good man.

सज्जा वेशभूषा; सजावट; सैनिक साज-सामान; dress; decoration; military equipment.

सज्य डोरी से कसा हुआ (धनुष); strung (a bow).

सञ्चयः एकत्र करना; gathering or heaping up. *neu.*सञ्चयनम्.

सञ्चरः रास्ता; पुल; देह; a way; bridge; the body.

सञ्चारः घूमना; पहुंचाने या भेजने का कार्य; रास्ता; going or wandering; transmission; a passasge or way. *hav.* सञ्चारिन् (*m.*सञ्चारी; *f.*सञ्चारिणी) भ्रमणशील; wandering.

सञ्चित इकट्ठा किया हुआ; accumulated.

सञ्ज् (भ्वा. P. सजति) लगना; जकड़ना; चिपटे रहना; to stick; to adhere; to cling. *pp.*सक्त.

सञ्जल्पः बातचीत; शोरगुल; conversation; uproar.

सञ्ज्ञपनम् हत्या; killing.

सञ्ज्ञा होश; जानकारी; नाम; consciousness; knowledge; name. *n.neu.* सञ्ज्ञानम्. *pp.*सञ्ज्ञित.

सटम्, सटा संन्यासी की जटायें; सिंह के गर्दन के बाल; सुअर के बाल; चोटी; ascetic's matted hair; mane of a lion; bristles of a boar; a crest.

सत् वर्तमान; वास्तविक; अच्छा; present; real; good. *n.f.*सती पतिव्रता; a chaste woman. सत्ता अस्तित्व; existence.

सततम् *ind.* निरन्तर; continuously.

सतीर्थः सहपाठी; a class-fellow.

सत्त्रम् यज्ञ की अवधि; यज्ञ; a sacrificial session; sacrifice.

सत्त्वम् अस्तित्व; प्रकृति; जीव; existence; nature; soul.

सत्य सच्चा; ईमानदार; true; honest. सत्यम् सच्चाई; ईमानदारी; truth; honesty or sincerity.

सत्यापनम् सत्य बोलना; शर्तें पूरी करना; speaking the truth; ratification of terms, verification.

सत्रप लज्जित; ashamed.

सत्वरम् *ind.* शीघ्र; quickly. *adj.* सत्वर फुर्तीला; quick.

सद् (भ्वा. P. सीदति) बैठना; दुःखी होना; डूबना; to sit down; to be dejected; to sink down.

सदनम् घर; क्लान्ति; थकावट; house; fatigue; exhaustion.

सदस् *neu.* आसन; घर; सभा; seat; house; an assembly. सदस्यः सभा में सम्मिलित; member of an organisation.

सदा *ind.* हमेशा; always.

सदृक्ष समान; योग्य; resembling; fit. *syn.* सदृश.

सद्मन् (*neu.* सद्म) घर; स्थान; मन्दिर; a house; place; temple.

सद्यस् (*ind.* सद्यः) तुरन्त; at once.

सधर्मन् (*adj.* सधर्मा) समान गुणों या कर्त्तव्यों वाला; समान जाति वाला; having similar properties or duties; belonging to same caste or sect. *f.* सधर्मिणी धर्मपत्नी; a legally wedded wife.

सना *ind.* सर्वदा; always. *syn.* सनात्. *adj.* सनातन सदा रहने वाला; perpetual.

सनाथ युक्त; जिसका कोई अभिभावक हो; possessing; having some guardian or protector.

सनाभि एक पेट का रिश्तेदार; connected by womb. *syn.* सहोदरः, सनाभिः सगा भाई; a uterine brother. सनाभ्यः सात पीढियों के अन्दर एक ही वंश का; a relation as far as the 7th genealogy.

सन्तत *pp.* निरन्तर; फैलाया हुआ; नित्य; continual; stretched; eternal. *ind.* सन्ततम् सदैव; निरन्तर; always; continuously.

सन्ततिः *f.* सन्तान; वंश; विस्तार; परम्परा; a race; lineage; extension; tradition.

सन्तप्त तपाया हुआ; पीड़ित; heated; distressed.

